CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

बरेली, शनिवार 30 अगस्त 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 275 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिश: योगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में नीरज चोपड़ा रहे दूसरे स्थान पर खेल टाइम्स



असली यानि जैविक पिता का सवाल सम्पादकीय



इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया पेज़ 12

# भारत में छह लाख करोड़ इन्वेस्ट करेगा जापान

## 15वें भारत-जापान समिट में पीएम ने दोनों देशों के अगले 10 साल का रोडमैप बताया, जापानी पीएम को भारत आने का न्योता

**नई दिल्ली/ टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में जापानी पीएम इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है।

उन्होंने भारत और जापान के स्मॉल, मीडियम उद्योग (एमएसएमई) और स्टार्टअप को जोड़ने पर जोर दिया। वहीं, पीएम मोदी ने दोनों देशों की साझेदारी को दुनिया की शांति के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने मिलकर अगले 10 सालों के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। इसके अलावा मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर भारत के रुख को साफ करते -शेष पृष्ठ दो पर



**■ भारत रूस- यूक्रेन जंग को मानवता के आधार पर देखता है, भारतीय टैलेंट और जापानी टेक्नोलॉजी साथ आए, तो जीत पक्की**

### मोदी के स्वागत में जापानी महिलाओं का भरतनाट्यम, गायत्री मंत्र व राजस्थानी भजन सुनाया

**टोक्यो।** पीएम मोदी टोक्यो के प्रसिद्ध शोरिनजन दारुमा जी मंदिर पहुंचे। वहां के मुख्य पुजारी ने पीएम मोदी को खास डॉल भेंट की। दारुमा एक पारंपरिक जापानी गुड़िया है। दारुमा को भाग्यशाली ताबीज के रूप में भी जाना जाता है। दारुमा को बनाने के लिए कागज का इस्तेमाल होता है। यह लाल रंग की होती है। जापान में लोगों का मानना है कि लाल रंग बुरी आत्माओं को दूर भगाता है। मोदी शुक्रवार सुबह जापान पहुंचे हैं। स्थानीय लोगों ने पारंपरिक भारतीय नृत्य भरतनाट्यम से उनका स्वागत किया। गायत्री मंत्र और राजस्थानी भजन भी सुनाया। इसके बाद मोदी जापान में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी मिले। लोगों ने पीएम के स्वागत में मोदी-मोदी के जयकारे लगाए और ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई दी।

### गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक व आईपीएस समेत 14 को उम्रकैद

**अहमदाबाद।** साल 2018 के बिटकॉइन लूट और किडनैपिंग केस में अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट की एसीबी अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली के पूर्व एसपी जगदीश पटेल, पूर्व पुलिस निरीक्षक अनंत पटेल समेत 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साल 2018 में सूरत निवासी बिल्डर शैलेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि एक मामले में पूछताछ के दौरान अमरेली जिले के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें किसी अज्ञात जगह बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने डरा-धमकाकर उनके 12 करोड़ रुपये कीमत के बिटकॉइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। इस साजिश में भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया भी शामिल थे। बाद में शैलेश भट्ट ने अपने साथी किरीट पलाड़िया पर भी पुलिस के साथ मिले होने का आरोप लगाया था।

### पटना में कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**पटना।** कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने बिहार की राजनीति में उबाल ला दिया है और इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को पटना में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हुई। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम के बाहर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया और अरुण सिन्हा, महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता समेत लगभग 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए: महुआ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने गृह मंत्री अमित शाह पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को नादिया जिले में घुसपैठ मुद्दे पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। बंगाल भाजपा ने उनके बयान से जुड़ा एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया। वहीं दूसरी पोस्ट में भाजपा ने लिखा कि जब महुआ गृह मंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तो यह टीएमसी की हताशा और हिंसा की संस्कृति को उजागर करता है, जो बंगाल की छवि को धूमिल कर रही है और राज्य को पीछे धकेल रही है। इस मामले में महुआ के खिलाफ नादिया जिले के कृष्णानगर के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत स्थानीय निवासी संदीप मजूमदार ने दर्ज कराई है।

### बिहार एसआईआर पर एक सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित याचिकाओं पर एक सितम्बर को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की जिनमें दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा औपचारिक अनुरोध के बाद मामले की सुनवाई को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। राजद और कई अन्य राजनीतिक दल मसौदा मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की एक सितम्बर की समय सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की स्वर्णिम विजय

## राष्ट्रपति मुर्मू ने अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान को सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की विजय का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए इस अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की सराहना की है।

श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को राजधानी में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के फोरम 'स्कोप' द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक उपक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने और 'मेक इन इंडिया' के राष्ट्रीय अभियान में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रपति ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का विशेष रूप से योगदान करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम कर दिया गया। इस अभियान के दौरान पूरी तरह भारत में विनिर्मित आकाश-तीन नामक वायुरक्षा नियंत्रण एवं रिपोर्टिंग प्रणाली की अचूक क्षमता के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस सिस्टम के निर्माण में सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका रही है। यह सभी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए विशेष गर्व की बात है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भर नवाचार तथा तकनीक के क्षेत्र में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता में सार्वजनिक उपक्रमों ने अपना योगदान सिद्ध किया है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के सिद्धांत को सार्वजनिक उपक्रमों का मूल मंत्र बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करने में केंन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से, सार्वजनिक क्षेत्र आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशन का एक सशक्त माध्यम रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने औद्योगीकरण, अवसंरचना विकास, सामाजिक उत्थान और संतुलित क्षेत्रीय विकास की नींव रखी है। समय के साथ, इन उद्यमों का विकास और परिवर्तन हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से सरकार और समाज की अपेक्षाएं भी बदली हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इन सभी परिवर्तनों के बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपने प्रदर्शन के माध्यम से आर्थिक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने कृषि, खनन और अन्वेषण, विनिर्माण, प्रसंस्करण और उत्पादन तथा सेवाओं के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि उनके निर्णय राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होंगे, कार्य नैतिकता पर आधारित होंगे और सोच संवेदनशीलता और समाज सेवा से प्रेरित होगी।



**■ कहा : ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम किया**

# उत्तराखंड में बादल फटने से 8 की मौत

## हिमाचल के चंबा में लैंडस्लाइड, 11 लोगों की जान गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, एक उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से 8 लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया।

पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। हिमाचल के भरमौर में शुक्रवार को मणिमहेश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को उफनते नाले को पार कराकर रेस्क्यू किया गया। उत्तराखंड के चमोली जिले के देवाल में गुरुवार रात लैंडस्लाइड के बाद सड़कों पर मलबा जमा हो गया। शुक्रवार सुबह इसे हटाया गया। उत्तराखंड में गुरुवार रात से भारी बारिश के कारण शुक्रवार को बद्रीनाथ हाईवे अलकनंदा नदी में डूब गया। इससे श्रीनगर- रुद्रप्रयाग रास्ता बंद हो गया है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे नदी के तेज बहाव में बह गई। सड़क कई जगहों पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। पंजाब के गुरदासपुर में सेना ने 27 अगस्त को एक टापू पर फंसे 27 लोगों के चीता हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू का वीडियो शुक्रवार को पोस्ट किया। पंजाब में बारिश के चलते 9 जिलों में भीषण बाढ़ आ गई है। इनमें पठानकोट, बटाला, गुरदासपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, कपूरथला, अमृतसर, तरनतारन और होशियारपुर शामिल हैं।



**■ पंजाब: फिरोजपुर में 62 गांव डूबे, 2500 का रेस्क्यू, एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का किया रेस्क्यू**

# संविधान की रक्षा की अपनी यात्रा हम जारी रखेंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में की गई तोड़फोड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी राह सत्य, अहिंसा और संविधान बचाने की है और इन सब विपरीत स्थितियों के बाद भी वह संविधान रक्षा की अपनी यात्रा जारी रखेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है – हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते।

# राम सेतु मामले में केंद्र को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के आग्रह वाली पूर्व राज्यसभा सांसद डा. सुब्रमण्यम स्वामी की एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। श्री स्वामी चिकित्सा कारणों से सुनवाई के समय उपस्थित नहीं हो सके और पीठ के समक्ष उनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील विभा मखीजा ने किया। याचिका में राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की मांग की गई है।



# दिल्ली-एनसीआर के 8 जिलों में पटाखों पर प्रतिबंध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी त्योहार के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

यह प्रतिबंध मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर जिलों में प्रभावी होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर जुर्माना देना होगा। यूपी पुलिस की तरफ से जारी आदेश के अनुसार यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन जिलों में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग करता हुआ पाया जाता है। उसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा-15 के तहत जुर्माना व सजा दोनों मिल सकती है। पकड़े जाने पर पांच साल तक की कारावास की सजा, एक लाख रुपये तक का जुर्माना, दोनों (सजा और जुर्माना) हो सकती है। वहीं पकड़े जाने के बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर पहले ऐसे विफलता या उल्लंघन के लिए सजा सुनाए जाने के बाद हर दिन के लिए पांच हजार रुपये तक का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। पुलिस ने इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल रहने वालों की सूचना देने के लिए 112 नम्बर डायल करने, व्हाट्स एप नम्बर 7570000100 पर मैसेज द्वारा, एसएमएस 7233000100 नम्बर पर किया जा सकता है। इसके अलावा सोशल मीडिया पेज फेसबुक के लिए /112उत्तर प्रदेश व एक्स /112उत्तर प्रदेश पर करने के साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा यूपी पुलिस की ओर से यूपी पुलिस की वेबसाइट के पब्लिक ग्रीवांश सेल के फायर क्रेकर पोर्टल पर जाकर शिकायत कर सकते हैं।



**■ मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली व मुजफ्फरनगर में प्रभावी होगा आदेश**

# ट्रम्प टैरिफ से भारत की इकोनॉमी को लगे पंख

## पहली तिमाही में 7.8 % रही जीडीपी ग्रोथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कृषि और सेवा क्षेत्र के दमदार प्रदर्शन से चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि पहली तिमाही में स्थिर मूल्य पर देश का जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 44.42 लाख करोड़ से 7.8 प्रतिशत अधिक है। यह वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि दर है। वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जिन क्षेत्रों में बड़ी वृद्धि दर्ज की गई उनमें कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्य पालन की विकास दर 3.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले यह 1.5 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की विकास दर 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गई। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाओं की वृद्धि दर एक साल पहले की 5.4 प्रतिशत मुकाबले 8.6 प्रतिशत रही। इसके अलावा, पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 7.7 प्रतिशत रही जो पिछले साल समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत पर थी।




**■ कृषि और सेवा क्षेत्र का बेहतरीन प्रदर्शन**

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में तैनात एसडीएम जायसवाल की हादसे में मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अपर जिला. धिकारी का कार्यभार देख रहे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राजेश जायसवाल की शुक्रवार की सुबह लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम अपनी क्रेटा कार से लखनऊ से आगरा वापस लौट रहे थे। इटावा के पास एक्सप्रेस वे पर किसी वाहन से टक्कर के बाद उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इटावा के सैफई स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। वर्ष 2018 बैच के अधिक. ारी जायसवाल किरावली में एसडीएम के पद पर तैनात थे और वर्तमान में कलक्ट्रेट में अपर नगर मजिस्ट्रेट का चार्ज संभाले हुए थे।

### चीनी मिलों की मदद करेगा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) राज्य की सभी चीनी मिलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। यूपीपीसीबी के अध्यक्ष डा. आरपी सिंह ने कहा कि राज्य की सभी चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को पर्यावरण अनुपालन व सहमति आवश्यकताओं को पूरा करने में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। चीनी उद्योग उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चीनी मिलें राज्य को देश का अग्रणी चीनी उत्पादक बनाती हैं। ये इकाइयां लाखों किसानों और श्रमिकों को रोजगार प्रदान करती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करती हैं और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

# महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है आरएसएसः असदुद्दीन ओवैसी

नई दिल्ली, वार्ता



- संघ के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर सवाल उठाए
- 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाए हैं।

ओवैसी ने कहा कि संघ भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है। सभी अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक दंपति के तीन बच्चे की वकालत करते हुए कहा था कि जिस समाज में परिवारों के तीन से कम संतानें हों, उनका अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म हो जाता है। उन्होंने आबादी नियंत्रण के साथ पर्याप्त जनसंख्या को भी देश के लिए जरूरी बताया। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत है, जबकि हिंदुओं की वृद्धि दर लगभग 80 प्रतिशत है। और संघ प्रमुख कह रहे हैं, ठीक है, तीन बच्चे पैदा करो। आप कौन होते हैं लोगों के पारिवारिक जीवन में दखल देने वाले, आप भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहते हैं, जिनकी जिंदगी की अपनी अलग प्राथमिकताएं हो सकती हैं, यह आरएसएस का दोहरा चरित्र है। आरएसएस समर्थित संगठन ही मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाता है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में मुसलमानों के खिलाफ नफरत को संस्थागत रूप दिया गया है। अमेरिकी टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि टैरिफ का बड़ा असर होगा। हमारे 50 फीसदी निर्यात पर असर पड़ेगा। मोटर पार्ट्स, आभूषण, रत्न और रेडीमेड कपड़ों के हमारे 60 हजार करोड़ रुपये के निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। फरवरी में हमारे प्रधानमंत्री जी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की थी, उनके बीच बातचीत हुई थी और उसके बाद टैरिफ की यह स्थिति शुरू हुई। वे यूक्रेन पर हमले के लिए हमें दोषी ठहरा रहे हैं। 50 फीसदी टैरिफ से भारत के निर्यातकों को बड़ा नुकसान होगा। मुझे लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार को देश की जनता को जवाब देना होगा। वे उन लोगों के लिए क्या करने जा रहे हैं जिन्हें नुकसान होने वाला है।

# मोहन भागवत पर अखिलेश ने कसा तंज

## कहा: न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वालों ने बारी आने पर बदल दिए नियम

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सम्भल मामले को लेकर पलायन का प्रोपोगंडा फैलाना भाजपा सरकार की बड़ी नाकामी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के रिटायरमेंट को लेकर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 'न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा' की बात करने वाले ने अपनी बारी आने पर नियम बदल दिए।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वाले जब अपनी बारी आई, तो नियम बदल दिए। ये दोहरापन अच्छा नहीं। अपनी बात से पलटने वालों पर पराया तो क्या, कोई अपना भी विश्वास नहीं करता है। जो विश्वास खो देते हैं, वो राज खो देते हैं। गौरतलब है कि नई दिल्ली के विज्ञान भवन में संघ प्रमुख ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा था कि उन्होंने कभी भी 75 साल की उम्र में रिटायर होने की बात नहीं कही थी। न उनके खुद के लिए न ही किसी और के लिए। ध्यान देने की बात है कि मोहन भागवत 11 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। दरअसल उनके एक बयान का हवाला देते हुए 75 साल की उम्र को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए भी जोड़ा जा रहा था। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख के बयान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 2029 का रास्ता साफ हो गया है। ज्ञातव्य है कि बीते 11 जुलाई 2025 को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा था कि जब आप 75 साल के हो जाते हैं और कोई आपको शॉल ओढ़ाता है, तो आपको रिटायर हो जाना चाहिए। वहीं सम्भल मामले को लेकर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में पलायन का मसला शामिल किए जाने व भाजपा द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों द्वारा 'पलायन का प्रोपोगंडा' फैलाना नौ साल पुरानी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। सम्भल रिपोर्ट को लेकर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा था कि न्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि वहां से हिंद. ुओं को कैसे मजहबी प्रताड़ना के कारण पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा होगा। यादव ने एक्स पर लिखा- भाजपा सरकार लोगों में न तो विश्वास जगा सकी व न ही अपनी नफरत की साम्प्रदायिक राजनीति की वजह से समाज में सौहार्द ला पाई।

## सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिश

# योगी ने न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को मुद्दा बनाया

प्रतापगढ़, वार्ता



- कहा: डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में 2024 की हिंसा पर आई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी और कांग्रेस के शासनकाल में चुन-चुनकर हिंद. ुओं को निशाना बनाया गया। उस वक्त हिन्दुओं की जनसांख्यिकी को कम करके डेमोग्राफी बदलने की साजिशें रची गईं।

आज डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगी, जो भी प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करेगा, उसे स्वयं पलायन करना होगा। प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन वास्तव में एंटी इंडिया गठबंधन है। यह गठबंधन भारत की आन-बान-शान से खिलवाड़ करता है और देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटने का काम करता है। सीएम योगी ने कहा कि जब-जब इन्हें सत्ता मिली, तब-तब इन्होंने माफिया को बढ़ावा दिया, गुंडागर्दी करवाई और गरीबों का हक छीना।

अब जब जनता ने इन्हें नकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। योगी ने हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणियों को विपक्ष की हताशा का नतीजा बताते हुए कहा कि ऐसे लोग राजनीति में जगह के लायक नहीं हैं। इन लोगों को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने का मतलब सूरज पर थूकने जैसा है। यह थूक इनके ऊपर आ रहा है। इन लोगों की भाषा से आज 140 करोड़ भारतवासी अपने आपको अपमा. नित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तुष्टिकरण नहीं संतुष्टीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की तरफ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए 8 वर्ष में 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारने में मदद मिली। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आज माफिया संस्कृति को खत्म कर प्रदेश को विकास की राह पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने हर जिले को एक माफिया दिया था।

### योगी ने किया उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में राज्य निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था अगर मजबूत है, तो हर संस्था अपने आप ही संवेदनशील बनती है, विकास के प्रति आग्रही बनती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हॉकी के जादूगर, पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

# कांग्रेस ने चीन-पाकिस्तान जुगलबंदी पर आगाह किया

नई दिल्ली, वार्ता



- चीन के साथ उसकी शर्तों पर संबंध सुधारने को मजबूर किया जा रहा भारत को: जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों में गिरावट का चीन फायदा उठाना चाह रहा है और भारत को उसकी शर्तों पर संबंध सुधारने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जापान के बाद चीन की यात्रा पर जाना है। उन्होंने कहा कि उनकी यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है लेकिन इस दौरान चीन-पाकिस्तान जुगलबंदी के मद्देनजर भारत के हितों का विशेष ध्यान रखना होगा। रमेश ने कहा कि श्री मोदी विदेश भ्रमण पर हैं। मोदी जापान के बाद चीन जाएंगे। पाकिस्तान पर हुई सैन्य कार्रवाई के समय चीन की भूमिका को ध्यान में रखते हुए उसके साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें चीन के साथ संबंध सामान्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है और वह भी ज्यादातर उसकी शर्तों पर। भारत-अमेरिका संबंधों में आई गिरावट का फायदा उठाने की चीन कोशिश कर रहा है।



**सेंसेक्स** 79809.65
**निफ्टी** 24426.85



**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 113906
प्रति किलो



# तेज बिकवाली के चलते लुढ़का शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने के पहले अंतिम घंटे में हुई तेज बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजारों में गिरावट रही और सेंसेक्स साढ़े तीन महीने 80 हजार अंक से नीचे बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.92 अंक (0.34 प्रतिशत) की गिरावट में 79,809.65 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 74.05 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट में 24,426.85 अंक पर आ गया। लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में टूटने से सेंसेक्स इस साल नौ मई और निफ्टी-50 का आठ अगस्त के बाद के निचले स्तर पर आ गया है। आखिरी घंटे को छोड़कर दोनों सूचकांक लगभग पूरे दिन हरे निशान में रहे थे। सेंसेक्स 69.74 अंक टूटकर 80,080.57 अंक पर खुला, लेकिन खुलते ही हरे निशान में चला गया। बाद में हालांकि लिवाली बढ़ने से यह 79,741.76 अंक तक टूटकर अंत में 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 80,310.74 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 16 के लाल निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.96 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.21 और इंफोसिस में 2.04 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 1.03 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 0.98 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 0.92 और एचडीएफसी बैंक का 0.68 प्रतिशत लुढ़क गया। एक्सिस बैंक, टीसीएस, इटरनल, टाइटन, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक में भी बिकवाली हावी रही। एफएमसीजी कंपनियों में लिवाली से आईटीसी में सबसे अधिक 2.26 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 1.47 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.43, एलएंडटी का 1.12, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.97 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत बढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, सनफार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यनिलिवर, बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी चढ़े। एनएसई में निफ्टी-50 सूचकांक 34.20 अंक लुढ़ककर 24,466.70 अंक पर खुला। यह ऊपर 24,572.45 अंक और नीचे 24,404.70 अंक पर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.65 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.39 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में एफएमसीजी की 0.95 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद की 0.15

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.386 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 1.488 अरब डॉलर बढ़कर 695.106 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.652 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 582.251 अरब डॉलर पर रहा। स्वर्ण भंडार भी 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85.003 अरब डॉलर रह गया।

विशेष आहरण अधिकार में 4.6 करोड़ डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में 2.3 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और ए क्रमशः 18.736 अरब डॉलर और 4.731 अरब डॉलर पर रहे। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से देश को आयात बिल के भुगतान में आसानी होती है। साथ ही रुपए में ज्यादा गिरावट की स्थिति में रिजर्व बैंक के पास हस्तक्षेप का भी मौका होता है।

# किफायती आवास की बिक्री बढ़ाने के लिए करों में छूट दे सरकारः नरेडको

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने पिछले कुछ समय से किफायती आवासों की घटती बिक्री पर चिंता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे निपटने के केंद्र और राज्य सरकारों को करों में छूट देनी चाहिए।

नरेडको के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर बात करते हुए हीरानंदानी ने कहा कि पिछली छह तिमा. हियों में किफायती आवासों की बिक्री में कमी आई है। इसका कारण यह है कि पिछले कुछ समय में जमीन की कीमत बढ़ी है, निर्माण की लागत बढ़ी है, सरकारी कर और अन्य सभी चीजें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों पर पुनर्विचार की जरूरत है। यह सिर्फ दिल्ली या एक दो शहरों की बात नहीं है, पूरे देश में जमीन की कीमत बढ़ रही है। हर जगह सर्किल रेट बढ़े हैं। जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), स्टांप ड्यूटी, डेवलपमेंट शुल्क बढ़ाते समय वे (सरकार में बैठे लोग) सोच नहीं रहे हैं कि हमें किफायती आवासन को बढ़ावा देने की जरूरत है। सम्मेलन में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस समय देश में किफायती 94 लाख किफायती आवासों की कमी है, जो साल 2030 तक बढ़कर तीन करोड़ पर पहुंच जाएगी। देश के आठ बड़े शहरों में मांग की तुलना में आपूर्ति मात्र 36 प्रतिशत है, जबकि साल 2019 में आपूर्ति मांग से पांच प्रतिशत अधिक थी। हीरानंदानी समूह के सह संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री हीरानंदानी ने बताया कि उन्होंने सम्मेलन में और केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के सचिव के साथ चर्चा में स्पष्ट कहा है कि इस पर सरकार को राहत देनी होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत में...** हुए इसे मानवता के आधार पर देखने की बात कही। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। उन्होंने रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर लिखा था कि इस दौरे का मकसद भारत और जापान के बीच खास रणनीतिक और ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करना है। जापान के बाद मोदी 31 अगस्त को चीन पहुंचेंगे। मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर कहा कि भारत इस संघर्ष को हमेशा मानवता के आधार पर देखता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी हमारे रुख की सराहना की है। दोनों नेताओं ने मुझसे बात भी की। मोदी ने संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत करने की बात कही। मोदी की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगा रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी भरोसे पर बनी है। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का साझा सपना लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि जापानी टेक्नोलॉजी और भारतीय टैलेंट साथ आ जाए, तो जीत पक्की है। जहां हम हाई-स्पीड रेल पर काम कर रहे हैं, वहीं अगली पीढ़ी की मोबिलिटी साझेदारी के तहत हम बंदरगाहों, एविएशन और जहाज निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति करेंगे। चंद्रयान 5 मिशन में सहयोग के लिए, इसरो और जाक्सा (जापानी स्पेस एजेंसी) के बीच बनी सहमति का स्वागत करते हैं। हमारी साझेदारी पृथ्वी की सीमाओं को पार करेगी और अंतरिक्ष में भी मानवता की डेवलपमेंट का प्रतीक बनेगी।' मोदी ने ह्यूमन रिसोर्स एक्सचेंज प्लान के तहत अगले 5 सालों में अलग-अलग सेक्टर में दोनों देशों की तरफ से 5 लाख लोगों के एक्सचेंज को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि हमारा ज्वाइंट क्रेडिट मेकेनिज्म एनर्जी के लिए एक बड़ी जीत है। यह ग्रीन एनर्जी पार्टनरशिप हमारी इकोनॉमी की तरह मजबूत है। इसी दिशा में हम सस्टेनेबल फ्यूल और बैटरी सप्लाई चेन पार्टनरशिप भी शुरू कर रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने दोनों देशों के लिए हाई टैक्नोलॉजी सेक्टर में सहयोग बढ़ाने और प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में, डिजिटल साझेदारी 2.0 और एआई सहयोग पर काम किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ मटेरियल हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर हैं। मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 सालों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) के निवेश का टारगेट रखा है। भारत और जापान के स्माल और मीडियम उद्योग और स्टार्टअप को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। पीएम मोदी ने जापानी पीएम इशिबा को स्वागत के लिए आभार दिया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने अपने खास स्ट्रैटजी से ग्लोबल साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। हमारे विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संपर्क शामिल हैं। जापानी पीएम इशिबा बोले- 6 साल पहले मुझे वाराणसी आने का सौभाग्य मिला था। जहां मैं भारत के भारतीय इतिहास को देखकर हैरान रह गया था। पीएम मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की मौजूदगी में दोनों देशों के विदेश सचिवों ने हाइड्रोजन-अमोनिया और खनिज से जुड़े समझौते की फाइल एक्सचेंज की।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने में भाभी समेत आठ फंसे

## 24 अगस्त को लगाई थी फांसी, आत्महत्या से पूर्व बनाई गई वीडियो से हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। पांच दिन पूर्व युवक द्वारा की गयी आत्महत्या का मामला तूल पकड़ गया है। मृतक के मोबाइल से मिली वीडियो में उसने अपनी मौत के लिए चौकी प्रभारी समेत कई लोगों को जिम्मेदार बताया है। आज परिजनों ने एसपी से कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर महिला समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। जबकि चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की भी तैयारी है।

मामला नगर के मोहल्ला नल नई बस्ती से जुड़ा है। 24 अगस्त को यहां के रहने वाले गुफरान ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। युवक द्वारा आत्महत्या करने से परिजनों में कोहराम मच गया था। इस दौरान परिजनों ने मृतक का मोबाइल खोला तो उनके होश उड़ गये। मौत को गले लगाने से पहले युवक ने एक वीडियो रिकार्ड की थी। जिसमें उसने



■ एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

फजल पुत्र अल्ताफ निवासी मोहल्ला कोट चौक, सोनू कवाब वाला पुत्र निहाल निवासी मोहल्ला सराय कोहना, बब्लू, मोहसिन, अय्यूब बावर्ची निवासी मोहल्ला चाहमुल्लामान, तंजीम बेग पुत्र नसीम बेग निवासी बटवाल, सलीम पुत्र मोहम्मद मोहल्ला तलवार शाह, मृतक की भाभी सना पुत्री मरगूब के साथ चौकी



प्रभारी को भी जिम्मेदार ठहराया था। आज परिजन एसपी अमित कुमार आनन्द से मिले तथा उन्होंने मृतक द्वारा मोबाइल में बनायी गयी वीडियो को दिखाकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग। परिजनों का कहना था कि उक्त सभी उसने काफी दिनों से प्रताड़ित कर रहे थे। यही नहीं एक दिन उसे कोट पुलिस चौकी में बुलाया गया तथा चौकी प्रभारी सतेन्द्र नागपाल ने मृतक के साथ मारपीट की तथा 35 हजार रूपये की रिश्वत लेकर उसे छोड़ा। लगातार लोगों व पुलिस द्वारा प्रताड़ित किये जाने से युवक टूट गया तथा उसने आत्महत्या कर ली। एसपी अमित कुमार आनन्द के आदेश पर आत्महत्या के पांच दिन पुलिस ने आठों आरोपियों के खिलाफ युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चर्चा है कि चौकी प्रभारी पर भी इस मामले में कार्रवाई हो सकती है। एसपी से मिलने वालों में अताउल्लाह, मोहम्मद आमिर, नदीम, दव्वा प्रधान, भूपेन्द्र, जमीर आदि मौजूद रहे। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में चौकी पुलिस की क्या संलिप्ता रही, इसकी भी जांच कराई जा रही है। परिजनों की अनुमति पर शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# बीड़ी एजेंसी के नाम पर बीस लाख ठगे

## बीड़ी स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीड़ी की एजेंसी दिलाने के नाम पर बीस लाख ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला कोट निवासी फजल अहमद ने शहर कोतवाली में इस बाबत एफआईआर दर्ज कराई है। आरा. ेप है कि मोहल्ला घेरपच्छैया के रहने वाले चमन गोल्ड बीड़ी फैक्ट्री के प्रोपराइटर काशिफ इस्लाम से अमरोहा में बीड़ी की एजेंसी के लिए बात हुई थी। काशिफ इस्लाम ने एजेंसी के बदले में 30 लाख रुपये देने की मांग की। जिसमें 10 लाख रुपये बतौर सिक्योरिटी और 20 लाख रुपये माल के तय हुए। लिहाजा, फजल अहमद ने पांच-पांच लाख रुपये के दो चेक बतौर सिक्योरिटी दे दिए जबकि 10 लाख रुपये 5 जून को खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किए और 10 लाख नकद भी दिए थे। आरोप है कि 10 लाख रुपये के दो चेक और 20 लाख रुपये लेने के बाद भी काशिफ इस्लाम ने माल की सप्लाई नहीं भेजी। काफी टालमटोल के बाद बीती 18 अगस्त को फजल अहमद ने काशिफ इस्लाम के भाई से फोन पर बात की तो काशिफ इस्लाम ने फोन पर गालियां दीं और माल भेजने से साफ इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में आरोपी काशिफ इस्लाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# फर्राटा दौड़ में शिवम व अलिफशाह ने मारी बाजी

## खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 100 मीटर दौड़ 14 वर्षीय बालक वर्ग में शिवम जबकि बालिका वर्ग में अलिफशाह ने पहला स्थान प्राप्त किया।

खेल दिवस के मौके पर गांव मालीखेड़ा के स्पोर्ट स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में एएसएम खाता ने पहला जबकि मानव रचना इंटर कालेज पेली की टीम दूसरे स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में धैर्य गिल पहले, मुदित चौधरी दूसरे, शिवा तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में महक ने पहला, प्राची ने दूसरा तथा जिया तीसरे स्थान पर रहीं। 14 वर्षीय 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में शिवम ने पहला, मौहम्मद अर्श ने दूसरा, हरप्रीत सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अलिफशाह पहले, तनु दूसरे, वैष्णवी तीसरे स्थान पर रहीं। विजेता खिलाड़ियों को चेयरमैन शशि जैन ने सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में फरहत अली खान, अमित कुमार, आंचल, डा. संजीव चौहान, मनीष त्यागी, अभिषेक चौ., अनुज शर्मा, हसनैन नवाज, शाहजेब तकी, चन्द्रमणि शर्मा, रनदीप सिंह, विकास, कपिल, राजलक्ष्मी, नेहा रहीं। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकांत त्यागी, कैलाश चन्द्र त्यागी, हिमांशु त्यागी, पूरन सिंह सैनी, अभिनव कौशिक मौजूद रहे।

### महिला को डंडा मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। बाजार से सामान खरीदने आई एक महिला को दूसरी महिला ने डंडा मारकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सारिका पत्नी प्रमोद कुमार निवासी मौहल्ला अम्बेडकरनगर बीते दिन इंदिरा चौक के पास से बाजार से सामान खरीदने आई थी, इस दौरान अहरौला निवासी आदेश ने उसके सिर में डंडा मारकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने आदेश के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# फांसी के फंदे पर झूलकर महिला ने जान दी

## ससुरालियों से परेशान होकर उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूलकर खुदकुशी कर ली। फॉरेंसिक टीम ने नमूने उठाये हैं। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना आदमपुर के गांव फतेह पुर अधेक के जंगल में विवाहिता धर्मवती व पति मनोज में नाराजगी के बीच अपने मायके कोकापुर में रह रही थी। उसकी शादी इसी थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर अधेक निवासी राजपाल के बेटे मनोज कुमार के साथ 2 साल पूर्व हुई थी। वह पांच माह की गर्भवती थी। मृतक के भाई कैलाश के मुताबिक उनकी बहन धर्मवती



ससुराल वालों से परेशान थी। जिसके चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ससुराल वालों से विवाद के चलते वह अपने मायके कोकापुर आ गई थी। जहां वह 26 अगस्त से मायके से लापता हो गई थी। परिजनों के द्वारा पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी गई थी। शुक्रवार की सुबह विवाहिता का शव कोकापुर गांव के नजदीक स्थित एक गन्ने के खेत में आम के पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत एवं पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गये। और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि शवघ को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### टीकम ने दी नितिन को पटखनी



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। कुश्ती में टीकम ने नितिन जबकि अमित भाटी ने सोनू को पटखनी दी। गांव दौरारा में चल रहे दंगल में टीकम व नितिन के बीच मुकाबला हुआ। टीकम की जबरदस्त पकड़ के आगे नितिन की एक न चली तथा उन्हें चित कर टीकम विजयी रही। दूसरे मुक. ाबले में अमित माटी ने सोनू को हराकर जीत हासिल की। आयोजकों द्वारा विजयी पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बब्लू, विकास, नासिर, कपिल, सुन्दर, टीटू आदि मौजूद रहे।

# महिला का शव रखकर लगाया जाम

## डाक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। निजी अस्पताल में एडमिट महिला की झोलाछाप चिकित्सक के उपचार से मौत हो गई। तिमारदारों ने अस्पताल स्टाफ से नोकझोंक करते हुए हंगामा काट दिया।सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर खुर्द निवासी 45 वर्षीय महिला गीता देवी को परिजनों के द्वारा रसोली होने पर रहरा रोड स्थित संजीवनी नर्सिंगहम में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार को निजी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा बच्चेदानी का



ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई। चिकित्सक द्वारा महिला को तत्काल मेरठ के लिए रेफर किया गया जहां उपचार को ले जाते समय देर रात महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। इसके बाद परिजन महिला के शव को लेकर अस्पताल पहुंच गये तथा सड़क पर शव को रखकर जमकर हंगामा काटना शुरु कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद परिजन बिना कानूनी कार्यवाही शव को घर ले गये। इस मामले में हसनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर ध्रूवेंद्र सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नही है। अगर शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कर कार्यवाही की जायेगी।



■ हसनपुर। आत्महत्या करने के बाद मौके पर ग्रामीणों से जानकारी करते एसओ।

# दो किसान भाईयों को हाईकोर्ट से स्टे

## पुलिस लाइन की 15 बीघा भूमि का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। पुलिस लाइन के लिए अधिग्रहित भूमि पर एक बार फिर से किसान भाईयों को कोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट से उन्हें स्टे मिल गया है।

बताते चलें कि नगर के मोहल्ला जोई में सैकड़ो किसानों की करीब तीन सौ बीघा भूमि पुलिस लाइन के लिए अधिग्रहित की गयी थी। यहां के दो भाईयों कमरूल व अनीस पुत्रगण सत्तार अहमद ने यह कहते हुए पुलिस लाइन को जमीन देने से इंकार कर दिया था कि उनकी जमीन कीमती है। जबकि पुलिस विभाग मात्र 28 लाख रूपये बीघा का मुआवजा दे रही है। वह भूमि को अधिग्रहित करने के खिलाफ हाईकोर्ट चले गये थे। जहां से उन्हें स्थगन आदेश मिल गया। परन्तु दस दिन पूर्व दोनों किसान भाईयों का स्टे खारिज हो गया था जिस पर पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों भाईयों की 15 बीघा जमीन पर अपना कब्जा जमा लिया था। परन्तु दोनों किसानों ने हिम्मत नहीं हारी तथा वह एक बार फिर हाईकोर्ट की ओर रूख किया जहां से उन्हें फिर से स्थगन आदेश मिल गया। हाईकोर्ट से स्टे से एक बार फिर पुलिस विभाग को झटका लगा है। जस्टिस महेशचंद त्रिपाठी व विना. ेद दिवाकर की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया है। क्योंकि दोनों भाईयों की जो 15 बीघा जमीन है उसका फ्रंट काफी है तथा यह जमीन कीमती है।

### नाबालिग को फुसलाकर ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। युवक नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाकर फरार हो गया। पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 28 अगस्त को वह किसी काम से बाहर गया था। इस बीच उसकी नाबालिग लड़की घर से कहीं चली गयी। जानकारी करने पर पता चला कि अरमान पुत्र शरीफ निवासी गांव बासेपुर थाना मंडी धनौरा मोबाइल पर अकसर उसकी बेटी से बात करता था। पीड़ित कोतवाली आयी तथा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस नाबालिग को तलाश करने में जुटी है।

### चरस के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता, रहरा**। आदमपुर पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में चरस बरामद की है, जिसकी अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान बुद्धा पुत्र चरनसिंह, निवासी ग्राम ओगपुरा, थाना आदमपुर, जनपद अमरोहा का रहने वाला है।

# पांच छात्राओं का राज्य स्तर कुश्ती में चयन

## प्रमाण पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। श्री बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज की पांच छात्राओं का कुश्ती प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन होने पर प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को रहरा के श्री बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मेजर ध्यान चंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। विभिन्न प्रकार के खेल जैसे कबड्डी, कुश्ती खो-खो व कुराश आदि कराये गये। खेलों का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर ब्रहमदत्त दत्त त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर किया। विद्यालय के डायरेक्टर ने बताया कि स्कूल की 8 छात्राये मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चंदौसी गई थी। विद्यालय की छात्रा कनक, ज्योति, प्रियांशी, अग्रिमा शर्मा व विपांशी का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हो गया है। स्कूल कि 5 छात्राओं का राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर उनको प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। और साथ ही उनको शुभकामनाये देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर डॉक्टर सुरेंद्र सिंह त्यागी, श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, मुनीम कुमार, बॉबी कुमार, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती रेखा ठाकुर, श्रीमती शबाना सैफी आदि मौजूद थी।

# एटीएम से निकाले 95 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के चौपला स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से एक व्यक्ति पैसा निकालने गया, लेकिन उसका कार्ड फंस गया। उसने वहां लिखे शिकायत नंबर पर फोन किया तो कहा गया कि मशीन ने कार्ड को लॉक कर लिया, सुबह सात बजे आ जाना। जिसके बाद व्यक्ति घर चला गया और कुछ देर के बाद उसके एकाउंट से 95 हजार रूपये निकल गए। घटना से व्यक्ति के होश उड़ गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार राजेन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र राम बहादुर प्रजापति निवासी मौहल्ला वार्ड संख्या-18, हसनपुर रोड चौपला का निवासी है। वह सात अगस्त की शाम को हसनपुर रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गया था। उसने यहां से पांच हजार रूपए निकाले, जिसके बाद उसका कार्ड मशीन में फंस गया। वहां पर एक सहायता से संबधित नंबर लिखा था, जिस पर उसने कॉल की तो जबाब आया कि उसका कार्ड फंस गया है, सुबह आधार कार्ड ले आना, कार्ड निकलवा दिया जाएगा। जिसके बाद वह एटीएम केन्द्र से चला गया और उसके खाते से 95 हजार रूपए निकल गए। घटना से व्यक्ति के होश उड़ गए। उसने उक्त नंबर पर कॉल की लेकिन तब से वह नबंर बंद आ रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्टंटबाजी करते ट्रैक्टर किया सीज

## अपनी ही नहीं दूसरों की जान से भी खिलवाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। क्षेत्र के धौरिया गांव में एक युवक ने सोशल मीडिया पर खतरनाक स्टंट का वीडियो शेयर किया है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। इस वीडियो में युवक एक मॉडिफाइड ट्रैक्टर से स्टंट करते हुए दिख रहा था। वह ट्रैक्टर को हवा में उठा रहा था और उसे तेज रफ्तार में घुमा रहा था।

सोशल मीडिया पर लाइक्स और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए युवक ने खुद यह वीडियो शेयर किया था। पुलिस की नजर में यह वीडियो आने के बाद, कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया। पुलिस ने युवक के ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और उसे मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सीज कर दिया है। पुलिस का कहना है कि इस तरह के खतरनाक स्टंट न केवल स्टंट करने वाले के लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा हो सकते हैं। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे ऐसे जोखिम भरे काम करने से बचें और यातायात नियमों का पालन करें।

# एमएस के कार्तिक ने लहराया परचम

## दो स्वर्ण पदक जीते, डायरेक्टर ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। राष्ट्रीय खेल दिवस पर एमएस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का नाम रोशन करते हुए छात्र कार्तिक धारीवाल ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा से सबको गौरवान्वित किया। सीएमएस इंटर-जोन एथलेटिक्स चौंपियनशिप में कार्तिक ने ट्रिपल जंप और लॉन्ग जंप दोनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम ऊँचा किया।

इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की निर्देशिका बबीता चौधरी और प्रिंसिपल अंजली चौधरी ने कार्तिक को मेडल पहनाकर



सम्मानित किया। कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। डायरेक्टर बबीता चौधरी ने कहा कार्तिक जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी मेहनत और लगन ने साबित किया है कि खेलों में अपार संभावनाएँ छिपी हैं। वहीं प्रिंसिपल अंजली चौधरी ने छात्रों को संदेश दिया कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और आत्मविश्वास का दूसरा नाम है। कार्तिक की इस कामयाबी से न सिर्फ स्कूल परिवार बल्कि पूरे नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस को उपलब्धियों के उत्सव में बदल दिया।

# खेलों को जीवन में अपनाकर बनाए भविष्यः मलिक

## शरीर ही नहीं बल्कि दिमाग को भी स्वस्थ रखते खेलः तंवर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। युवाओं को जीवन में इन्हें अपनाकर भविष्य संवारना चाहिये। इनसे शरीर तो स्वस्थ रहता ही है बल्कि दिमाग भी दुरुस्त हो जाता है।

राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर गांव माली खेड़ा स्थित स्पोर्ट स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यापर्ण व फूल अर्पित कर किया। श्री मलिक ने कहा कि खेलों में युवाओं के लिये अपार संभावनाएं है। इनकी मद्द से वह अपना भविष्य संवार सकते है। आज हर क्षेत्र में खिलाड़ियों का बोलबाला है। सरकारी नौकरी में भी इन्हें प्राथमिकता दी जाती है। युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिये। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है तथा जब तक हमारा शरीर ही सही से काम नही करेगा तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को खेलों में रूचि लेने के साथ अपने साथियों को भी इसके लिये प्रेरित करना चाहिये। हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खडगवंशी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते कहा कि आज के दौर में कठिन लगन और परिश्रम से कोई भी मंजिल आसानी से हासिल की जा सकती है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि सरकार द्वारा खेलों के लिये विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है युवा वर्ग को इनका लाभ लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि आज के युवा ही देश का भविष्य है। खेल मानव शरीर को स्वस्थ रखते है तथा सोचने समझने की ताकत को मजबूती देते है। चेयरमैन शशि जैन ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को हर स्तर पर सुविधाएं दे रही है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का मौका मिलता है। आगे चलकर वह जिले के साथ देश का नाम भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते है। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि आज देखने को मिल रहा है कि छोटे-छोटे कस्बों व गांवों से निकलने वाले खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे है। युवाओं को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि परिजनों को चाहिये कि उनके बच्चे की जिस खेल में रूचि से उसमें मद्द करे। उस पर कोई भी दवाब नही बनाना चाहिये। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा खेलों के लिये विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। इनकी मद्द से युवाओं को आगे बढ़चढ़ देश सेवा करनी चाहिये।

# आपत्तिजनक नारों से गूंजा तहसील परिसर

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील परिसर में बीती 22 अगस्त को उपजे विवाद की चिंगारी अब लपटों में बदल चुकी है। एक अधिकारी द्वारा मुलाकात को भोजन उपरांत रखने का निवेदन करना इतना भारी पड़ जाएगा, शायद ही किसी ने सोचा होगा। न्याय मंच के पहरेदारों ने इस मामूली-सी घटना को तूल देते हुए न केवल विरोध प्रदर्शन किया बल्कि नारों का पारा भी चढ़ा दिया। आलम यह रहा कि अधिकारी का पदनाम पुकारते हुए चोर हैं-चोर हैं जैसे नारे लगाए गए। इतना ही नहीं, व्यक्तिगत स्तर पर अधिकारी का नाम लेकर उन्हें हिटलर तानाशाह और भ्रष्टाचारी तक कह डाला गया।

विरोध यहीं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रदर्शनकारियों की यह बयानबाजी अब सोशल मीडिया की दुनिया तक पहुँच गई है। परिसर में लगे नारों और अपशब्दों से भरे कुछ वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिन्हें लेकर चर्चाओं का नया दौर शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का आक्रोश न्याय की गरिमा के अनुरूप नहीं है। एक ओर अधिकारी पूरे घटनाक्रम में संयमित और शांत बने रहे, वहीं दूसरी ओर विरोध जताने वालों के स्वर लगातार तीखे होते गए। आमजन का मानना है कि भोजन हर अधिकारी-कर्मचारी आमजन का मौलिक अधिकार है, न्याय मंच के पहरेदारो के लिए थोड़ी प्रतीक्षा अपमानजनक नहीं कही जा सकती, लेकिन विरोध के नाम पर व्यक्तिगत हमले करना निश्चित रूप से गरिमा पर सवाल खड़े करता है। फिलहाल, तहसील परिसर में आए दिन हो रहे प्रदर्शन से माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। लोग असमंजस में हैं कि न्याय मंच के पहरेदारों का यह तेवर कहाँ तक जाएगा और क्या इस विवाद का कोई सम्मानजनक समाधान निकल पाएगा।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा ने दिया एक्सईन ऑफिस पर धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा ने शुक्रवार की शाम को फाजलपुर स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर धरना दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि फौंदापुर गांव में पिछले 5 दिन से गांव की बिजली सप्लाई करने वाला ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। संबंधित जेई से बार-बार कहने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया है। कहा कि बिजली विभाग की हठधर्मिता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभागीय कर्मचारी व अधिकारी किसानों का ट्रांसफार्मर रोकने के बाद के किसानों से अवैध वसूली करके ट्रांसफार्मर रखवाने का काम करते हैं, यह अवैध वसूली किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह ने कहा कि बिजली

### बिजली विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप

विभाग के द्वारा हो रहे किसानों के उत्पीड़न की शिकायत बार-बार मिल रही हैं, जिन्हें सहन नहीं किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक तस्लीम सैफी, इकबाल सैफी, अमित चीमा, रिजवान चौधरी, नितिन चौधरी, अंकुर चौधरी, नितिन उपाध्याय, धर्मेंद्र प्रधान, रिजवान चौधरी, अमन सैफी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं महकमे के अधिकारियों ने पहुंचकर समस्या का समाधान कराया।

# घटिया सामग्री से बनाई गई सड़क टूटी

## ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत झुंडी माफी में बनी सड़क दो साल में ही टूट गई है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। यह सड़क झुंडी माफी से रुद्रपुर तक बनाई गई थी। यह सड़क लगभग एक दर्जन गांवों को जोड़ती है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है। जिसके कारण यह इतनी जल्दी खराब हो गई है। सड़क जगह-जगह से टूट गई है और बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। जिससे आवागमन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। घ्इस समस्या से परेशान होकर, गांव के लोगों ने हाल ही में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में मलखान, राजवीर, पप्पू, चंद्रभान, और बृजेश प्रसादी जैसे कई लोग शामिल थे। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराने और घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। ग्राम पंचायत के सदस्यों और ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

# पूर्व मंत्री ने दी योगेन्द्र खड़गवंशी कोश्रद्धांजलि

## पार्टी व समाज के लिए कार्य हमेशा याद आएंगेः कमाल



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुदैना निवासी योगेंद्र खड़गवंशी का (82) बुधवार को निधन हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी उनके निधन पर गहरा शोक जताया था। शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांठ के विधायक कमाल अख्तर ने स्व. श्री योगेन्द्र के घर पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोक संतृप्त परिजनों को ढ़ाढस बंधाया।

बता दें कि स्व.योगेन्द्र खड़गवंशी लंबे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए थे। परिजनों के मुताबिक उनकी इच्छा थी कि उनकी मृत्यु उपरांत उनके शव को पार्टी के झंडे में लपेटा जाए। शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री एवं कांठ के विधायक कमाल अख्तर ने उनके गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। कहा कि स्व.योगेन्द्र खड़गवंशी ने हमेशा समाजवादी पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम किया और समाज की सेवा भी की। उनका पार्टी के प्रति किया गया योगदान और सामाजिक कार्य अविस्मरणीय हैं। इस अवसर पर बिक्रम सिंह, नाहर सिंह, दुष्यंत सिंह, यशपाल सिंह, नेपाल सिंह राणा आदि समेत पार्टी के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आस्था व उल्लास के साथ गणपति उत्सव का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नोबल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विध्नहर्ता एवं मंगलकर्ता श्री गणपति बप्पा की प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम आस्था के साथ मनाया गया। बता दें कि विद्यालय में मंगलवार को श्री गणपति उत्सव समारोह प्रारंभ हुआ था।

### नोबल पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

उत्सव के दौरान विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ भजन-कीर्तन, नृत्य नाटिका, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। शुक्रवार को श्री गणपति बप्पा का विसर्जन समारोह धूमधाम और श्रद्धा-भाव से सम्पन्न हुआ। भक्तिमय वातावरण के बीच विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने गणपति बप्पा की आरती एवं भजन कीर्तन किए। इसके बाद विद्यालय परिसर में आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विद्यालय परिवार के साथ साथ अभिभावकों एवं नगरवासियों ने भी भाग लिया। "गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया" के जयकारों के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी गई और विधि-विधान के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया। विद्यालय प्रबंधक राजीव उपाध्याय व प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार जताया, कहा कि श्री गणपति की पूजा से हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या तोशिमा शर्मा, निदेशक शुभम उपाध्याय, जयलक्ष्मी पांडे, सोनम, सपना सिंघल, शालिनी सिंह, विनीत कुमार, मोहन गुप्ता, सलोनी, यतेन्द्र सिंह राघव, सोविन्द्रा, कपिल कुमार, प्रियंका, रेखा सिंह, प्रियांशी, रीना, स्वाति, दीपा शर्मा आदि के साथ साथ राजीव कक्कड़, डॉ.जीके त्यागी, पंकज त्यागी, डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, डॉ.रविभूषण शर्मा, गजेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# गणपति की पूजा से होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार:गिरि



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में दस दिवसीय 'गणेशोत्सव-2025' के तीसरे दिन भजन संध्या, शोभायात्रा एवं

### श्री वेंक्टेश्वरा में आयोजित हुई भजन संध्या

नृत्य नाटिका का शानदार मंचन किया गया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के गणेश पंडाल में 'गणेशोत्सव-2025' के तीसरे दिन आयोजित भजन संध्या एवं विशेष पूजा का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, डॉ.सुप्रीति भटनागर, डॉ.सचिन टूटू, डॉ.बीएस त्यागी आदि ने गणपति जी की वंदना करके किया। इसके बाद आचार्य पं.राम. निवास शास्त्री एवं टीम ने, घर में पधारो गजानन जी म्हारे घर में पधारो, गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया एवं सजा दो घर को गुलशन सा, मेरे सरकार आये है, एवं सुन लो विनती दयानिधान समेत एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत कर सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि गणेश चतुर्थी का सिर्फ आध्यात्मिक/धार्मिक महत्व ही नहीं है, बल्कि यह हमें एकता, सदभाव एवं राष्ट्रप्रेम से भी जोड़ता है। गणेश पूजा का छात्र-छात्राओं के जीवन में विशेष महत्व है, क्योकि गणेश जी की आराधना से छात्र जीवन में आने वाली बाधाएं समाप्त होती हैं एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर डीन मेडिकल संजीव भट्, डॉ.अनुभव भटनागर, डॉ.रोहन सुरैना, डॉ.दीक्षान्त, डॉ. प्रणव ठाकरे, डॉ.मानसी, दीक्षांक, कार्यक्रम संयोजक अनिकेत पन्त, अभिषेक कटियार, वेदान्त पाटिल, आईना माथुर, हर्षवर्धन, मिहिर दावले, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।

# जीवन में सुखद अनुभव लाती है पत्रकारिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्रजापिता ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के मीडिया विंग के राष्ट्रीय संयोजक डॉ बी के शांतनु भाई ने शहर के ओम शांति नगर में स्थित केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में डिजिटल युग के मीडिया एवं मूल्य निष्ठ पत्रकारिता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता समाज में परिवर्तन लाने के साथ-साथ जीवन में सुखद अनुभव कराती है। पत्रकारों को अपने कर्तव्य का पालन करते हुए पत्रकारिता को सकारात्मक दिशा में ले जाना होगा। तभी पत्रकारिता का धर्म निभाया जा सकेगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शाखा हसनपुर की संचालिका बीके अनुराधा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता समय की मांग है और इससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन ब्रह्म भोज के साथ हुआ। केंद्र प्रभारी तथा अन्य सदस्यों के द्वारा तिथियां को प्रतीक चिन्ह भेंट किये गये और बैज लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विमल दीदी,अनुराधा दीदी,तनु दीदी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अंहकार जीवन में दुखों का कारणः सचिन शास्त्री

## दशलक्षण महापर्व का दूसरा दिन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जैन समाज के दशलक्षण महापर्व के दूसरा दिन।पंडित सचिन जैन शास्त्री जी ने कहा कि उत्तम मार्दव एक जैन अवधारणा है जिसका अर्थ है धनमद-ये मामूली से पूर्वोपार्जित पुण्य के उदय से कुछ संपत्ति मुझे मिली है यह सभी पूर्व जन्म के पुण्य के प्रताप से मिली हुई है परंतु यह क्षणिक और इन्द्रियजनित होकर संसार में अनेक इन्द्रिय वासनाओं को बढ़ाने वाली है।

दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन सुबह में श्री जैन मंदिर कोट में अभिषेक शांतिधारा एवं पूजन की गई। भोपाल ( मध्य प्रदेश )से पधारे हुए पंडित सचिन जैन शास्त्री जी ने उत्तम क्षमा धर्म का अर्थ समझाया। यह आत्मा अनादि काल से क्षणिक इन्द्रिय सुख के प्रति गर्व करके नरक में चली गयी थी तब तेरा मद यह अहँकार कहाँ चला गया ? रावण अहँकार के कारण राम के द्वारा मारा गया और अंत में उनको नरक में जाना पड़ा। तब वहाँ बड़प्पन कहाँ गया। वहाँ से फिर नीच कुल में जन्म लिया तब इस जीव का बड़प्पन कहाँ चला गया। शाम को आरती,बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए इस दौरान जैन समाज समिति अमरोहा के अध्यक्ष योगेश कुमार जैन , महामंत्री शरद कुमार जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन ,मनोज जैन ,अरिहंत जैन, विनय जैन, जैन पार्श्वनाथ युवा मंडल अध्यक्ष वैभव जैन ,महामंत्री आदित्य जैन, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन ,प्रेरक जैन, पुष्प जैन आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री को सुनाया वकीलों ने दुखड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नए तहसील भवन में उपनिबंधक, एसडीएम व विनियमित क्षेत्र कार्यालय के अलावा चैंबर्स व बार रूम बनाने की मांग को लेकर आंदोलनरत तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी/अधिवक्ता शुक्रवार को जिले के प्रभारी मंत्री केपी मलिक से मिले तथा उन्हें मांग सौंपकर गुलड़िया स्थित नए तहसील भवन में उपनिबंधक कार्यालय, एसडीएम व विनियमित क्षेत्र क ार्यालय स्थापित कराने की मांग की। अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने प्रभारी मंत्री को बताया कि वर्तमान अमरोहा तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय, एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय एक ही स्थान पर है। जबकि गुलड़िया में निर्माणाधीन तहसील भवन में यह कार्यालय प्रस्तावित नहीं हैं। इस दौरान महासचिव सतेंद्र पाल सिंह, महफूज अली, मुस्ते हसन खान, एसपी सक्सैना, आसिफ हसन, सीमा सक्सैना, पुष्करलाल गुप्ता, शौकीन मंसूरी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे

# साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत छात्राओं को साइबर अपराध एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सतर्क एवं सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने साइबर क्राइम से बचाव के टिप्स साझा करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में फोन कॉल पर ओटीपी, मैसेज या लिंक साझा न करें। सीओ नौगांवा अवधभान सिंह ने कहा कि महिला समाज की वास्तविक शक्ति है। एक महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार और समाज शिक्षित होता है। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रबंधक डा. सिराज उद्दीन हाशमी, प्राचार्या डा. रिजवाना कुलसुम व स्टाफ मौजूद रहा।

# गंगा संरक्षण के लिए किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के खैतान वर्ल्ड स्कूल में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत ब्लेंडेड कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर गंगा संरक्षण और जल संसाधनों के महत्व पर विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. माहिया कुलसुम एवं गुलनार फातिमा (भारतीय लोक प्रशासन संस्थान), डॉ.सचिन चौधरी (डीपीओ, अमरोहा), नौभर सिंह (सचिव, जिला योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन), जोगिंदर सिंह (ऑब्जर्वर,डीवाईएसए, अमरोहा) तथा विद्यालय के चेयरमैन सर्वेंद्र कुमार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या मानसी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया व चेयरमैन सर्वेन्द्र कुमार ने आभार जताया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने गंगा संरक्षण पर केंद्रित नृत्य, गीत, क्विज प्रतियोगिता एवं तात्कालिक भाषण प्रस्तुत किए, जिनसे पर्यावरण एवं नदियों के महत्व का सार्थक संदेश प्रसारित हुआ। डॉ. माहिया कुलसुम, गुलनार फातिमा, डॉ.सचिन चौधरी ने नमामि गंगे परियोजना की दिशा, उद्देश्यों और उपलब्धियों के बारे में बताया।

# नाईपुरा खादर निवासी चालक तीन दिन से लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मौहल्ला नाईपुरा निवासी एक चालक तीन दिन से लापता है। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की मगर कुछ पता नहीं चला। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी भी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला नाईपुरा खादर निवासी प्रमोद (उम्र 26) पुत्र रतिराम 27 अगस्त को पूर्वान्ह में 11 बजे घर से निकला था। उसकी पत्नी से उससे पूछा भी था कि कहां जा रहे हैं मगर उसने कोई उत्तर नहीं दिया। शाम के करीब छह बजे उसका नंबर स्विच ऑफ हो गया। परिजनों द्वारा उसकी लगातार तलाश की जा रही है मगर कुछ पता नहीं चल पा रहा है। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी भी दर्ज कराई है।

## डी पॉल स्कूल में नन्ने मुन्ने बच्चों के लिए प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** डी पॉल स्कूल में शुक्रवार को कक्षा एनसी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए श्ब्लॉसम किड्स फेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत के द्वारा किया गया। डी पॉल स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर जो. शिता एवं सिस्टर जॉन्सी को कक्षा यूकेजी की छात्रा आराध्या व एलकेजी की छात्रा धाम्या ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। उसके उपरांत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी बच्चे अपने अलग-अलग पोशाकों में दिखाई दिए कोई झांसी की रानी तो कोई सरहद के जवान (फौजी) नेता. जी सुभाष चंद्र बोस तथा भगत सिंह जैसा भेष धारण कर आए। उसके उपरांत कहानी सुनाना प्रतियोगिता, एक्शन गीत प्रतियोगिता तथा एकल नृत्य प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।अंत में कक्षा एलकेजी की छात्रा दीप्ति के द्वारा धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## दहगवां को आदर्श नगर पंचायत का मिला दर्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** नगर पंचायत दहगवां को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा मिलने की सूचना मिलते ही लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिला कर किया मुँह मीठा पूर्व राज्यमंत्री एवं शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता का आभार व्यक्त किया विधायक महेश गुप्ता के भाई नरेश चन्द्र के आवास पर लोग इकट्ठे हुए और डोल ताशे बजाकर खुशी का इजहार किया इस मौके पर पूर्व प्रधान मयंक गुप्ता ने कहा कि अब नगर पंचायत मे अंत्येष्टि स्थल और अग्निशमन केंद्र की भी संस्तुति शीघ्र मिल जायेगी दहगवा चला तरक्की की और लोगो ने महेश चन्द्र गुप्ता के नारे भी लगाए प्रधान ने लोगो का आभार व्यक्त किया।

## पिनेकल इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाना सीखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में बिसौली के पिनेकल इंटरनेशन अकादमी में मिट्टी से गणेश बनाने की कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रवि जौहरी ने कहा कि उद्देश्य बच्चो को हमारे इस त्यौहार की जानकारी देना उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ना और उसके प्रति सजग रहना है। इसके साथ बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।बच्चे किस तरह अपनी



संस्कृति के साथ जुड़कर पर्यावरण के संरक्षण के लिए कार्य कर सकते है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रवि जौहरी, प्रधानाचार्य विनोद सिंह पटेल, रोली सिंह पटेल, प्रतिभा मिश्रा, वेंकटेश शर्मा, शरद यादव, केशव पराशरी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## मेजर ध्यान चन्द का जन्म दिवस खेल दिवस के रूप में मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया गया कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय हॉकी के करिश्माई खिलाड़ी ध्यानचंद को अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। हॉकी के इस दिग्गज खिलाड़ी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के मकसद से भारत सरकार ने 2012 से इनकी जन्मतिथि पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की घोषणा की थी। खेलों के महत्व को याद दिलाने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2012 से यह मनाया जाता आ रहा है। इस दिन को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य है- युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, खेलों व स्वस्थ जीवन के प्रति जागरुकता बढ़ाना, खेल भावना और एकता का संदेश देना, खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ाना हैं। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी रामौतार मौर्य ने छात्र छात्राओं को खेल के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विपलव भारती, क्रीड़ा प्रभारी रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा,डॉ प्रमोद शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ब्लूमिंगडेल स्कूल के छात्रों ने खेल कूद प्रतियोगिता में लिया भाग, मेडल देकर छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा-9 से कक्षा-12 तक के विद्यार्थियों हेतु अनेक अंतर्जनपदीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें 200, 400, 800 मीटर की दौड़, रिले रेस, लंबी कूद,शॉर्ट पुट आदि खेल शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं के मुख्य अतिथि कर्नल देवाशीष सिंह 21 यूपी वटालियन एनसीसी के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं खेल प्रतीक मशाल को प्रज्वलित कर किया गया। छात्रों ने सभी स्पद्धाओं में



बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी-अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इन प्रतियोगिताओं के प्रतियोगियों में उत्साह एवं जोश देखते ही बन रहा था। सभी प्रतियोगी अपने-अपने सदन को विजयी बनाने हेतु भरसक प्रयास कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा-स्थल तालियों की गड़गड़ाहट एवं प्रतिभागियों को प्रेरित व उत्साहित करने हेतु अनेक प्रकार से गूंजायमान रहा। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 11 एवं 12 में ग्रीन हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय एवं यलो हाउस तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 एवं 10 में रेड हाउस प्रथम, यलो हाउस द्वितीय एवं ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सभी विजयी प्रतियोगियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया एवं विजयी छात्रों को स्कूल प्रबंधन, पम्मी मेंहदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता व श्वेता मेंहदीरत्ता, प्रधानाचार्य सेजीव सिंह राठौर, उप प्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा, कॉर्डिनेटर अंजला सोनी एवं समस्त शिक्षक- शिक्षकाओं ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समस्त खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल व शारीरिक प्रशिक्षण के अध्यापक-अध्यापिकाओं की देखरेख में हुआ।

## भाकियू नेता के पिता के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष आरिफ रजा के पिता के निधन पर संगठन के पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। भाकियू नेता आरिफ रजा के पिता मोहम्मद रजा खान शहर के अलिफ खां सराय के निवासी थे। वे विधुत विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद से लखनऊ से सेवानिवृत्त थे। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने बताया कि वे शहर के संभ्रांत व्यक्तियों में शुमार होते थे। वे सेवा. निवृत्त होने के बाद समाज सेवा का कार्य कर रहे थे। ईश्वर से प्रार्थना है उनके इस नेक कार्य को कुबूल करे। इस मौके पर भाकियू चढूनी के प्रमुख जिला महासचिव आसिम उमर, बदायूँ नगर अध्यक्ष शरीफ अब्बासी, नूरुद्दीन,वीसू दास,रजनेश उपाध्याय, कल्लू, भूपेंद्र कुमार, सोनू,डा महेंद्र पाल, साजिद, ओंमकार, सत्येंद्र यादव,राम रहिस यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# एक नजर

## 30 सितम्बर तक चलेगा मध्यस्ता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी सर्वोच्च न्यायालय के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है।

मध्यस्थता केन्द्र में पक्षकार उपस्थित होकर अपने वाद का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर करा सकते है। अभियान में 28 अगस्त गुरुवार तक 46 वादों में मध्यस्थता सफल रही है। उन्हेंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। जिसमें वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले व अन्य उपयुक्त दीवानी मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चौक बाउन्स के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, आदि का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता अभियान के सफल कियान्वयन हेतु आम जन मानस व वादकारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बैनर, पोस्टर, हैण्ड बिल इत्यादि प्रचार सामग्री कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ एवं जनपद की समस्त तहसीलों में तैनात पराविधिक स्वयंसेवकगण के माध्यम उपयुक्त स्थानों पर चस्पा एवं वितरण किया जा रहा है।

## भाकियू का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन ,तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की इकाई ने मालवीय आवास गृह पर 27 अगस्त दिन बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सतीश साहू की अगुवाई में मंडल के अवाहन पर शाहजहांपुर की तहसील पुवायां के मंडी परिसर में चल रहे एक महीने से किसानों के धरना प्रदर्शन के समर्थन में घ्मुख्य मंत्री के नाम जिलाधिकारी को संबोधित 3 सुत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल सिंह को सौंपा । ज्ञापन में किसानों की तमाम समस्याएं रखी गई। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा की जनपद शाहजहांपुर थाना बण्डा के गांव रसूलपुर गढ़िया निवासी किसानों पर दरोगा ने मोटा पैसे लेकर षड्यंत्र कर के साथ मिलकर और



थाना अध्यक्ष को गुमराह कर फर्जी मुकदमा संख्या 213/2025 दर्ज करवा दिया था और जब इस जानक. ारी किरण देवी के पुत्र सरबजीत वा शनी को हुई उसकी शिकायत किरण देवी के पुत्र गणों ने सीओ पुवायां को थाना दिवस में दी और जांच बाद पता चला की मुकदमा झूठा है और जिसका अभी तक कोई निस्तारण नहीं किया गया। किसान यूनियन ने मांग उठाई है की दरोगा पर कडी कानूनी कार्रवाई हो। वही ग्राम दिउहना थाना बण्डा निवासी बाल किशन जो नेत्रहीन है एवं वृद्ध है जिनकी उम्र लगभग 75 साल है। जिसका एक लड़का गजराम था जिसकी पत्नी पिंकी ने मायके वालों के कहने पर गजराम की पत्नी ने पिता बाल किशन के मना करने पर, बाल किशन के नाम पर 2 एकड़ भूमि एवं मकान हथियाना के लिए कई बार प्रयास किया गया।

लेकिन बाल किशन अपनी जान बचाने के लिए ।अपने रिश्तेदारों के यहां रहने को मजबूर है इस मामले में भी अभी तक कोई कार्रवाई दोषियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं हुई थी जिसके के लिए पुरे मंडल में की तर्ज पर ज्ञापन के माध्यम से अपनी सभी मांगें को रखा अगर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। बताते चले की ग्राम लालपुर जेवां निवासी छत्रपाल के खिलाफ थाना पुवाया पुलिस ने महेंद्र पाल सिंह की। झूठी एप्लीकेशन पर मुकदमा दर्ज कर लिया उसके बाद जानकारी होने पर जब इंस्पेक्टर एवं उच्च अधिकारियों से बात की गई तो जांच हुई जांच में इस तरह की कोई घटना नहीं पाई गई उसके बाद इंस्पेक्टर पुवाया ने कहा मैं मुकदमा खत्म कर दूंगा लेकिन अभी तक मुकदमा खत्म नहीं हुआ तत्काल मुकदमे को खत्म कराया जाए दोषी पुलिस व क्षेत्राधिकार शाहजहांपुर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। समाधान न होने पर प्रदेश व्यापी आंदोलन होगा भाकियू चढूनी इस अवसर पर यीशु दास, शरिफ, नूरुद्दीन भूदेव यादव, छेदालाल, सागर कुमार, डॉ महेंद्र पाल, गुड्डू शाह, अनमोल सिंह, सत्येंद्र यादव, मुंशीलाल, धर्मेंद्र सिंह आर्य, जसबीर सिंह, शरीफ, राम रईस यादव, कल्लू, आदि लोग मौजूद रहे।

लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन /सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| भगवान दास 9411010546 | संवाददाता | बदायूं सिटी |
| कैलाश मिश्रा 9458213331 | संवाददाता | इस्लामनगर |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती |

| | | |
|---|---|---|
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 94 12 30 2152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500 110 219 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759 55 8639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |

## शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए खेलों को अपनाएं छात्राएं:एडीजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में एवं मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन मदर पब्लिक स्कूल, बदायूं में आयोजित किया गया। उक्त शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शव कुमारी की अध्यक्षता में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया गया। इसी कम में उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं की 02 टीमें ए और बी के रूप में गठित कर खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम टीम से प्रथम स्थान पर चयनित प्रतिभागी छात्रा सुश्री ओजस्वी, द्वितीय स्थान पर चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाडी छात्रा सुश्री प्रतिज्ञा, द्वितीय टीम से प्रथम स्थान पर चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाडी छात्रा सुश्री अनवेशा द्वितीय स्थान पर चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाडी छात्रा दिव्याशी, जैन को ए०डी०जे०/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के द्वारा प्रस्शति-पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी कम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं श्रीमती शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को 29 अगस्त को, हम अपने




महान हॉकी खिलाड़ी, मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहे हैं। खेल दिवस के लिए वक्तव्य में मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए शारीरिक स्वास्थ्य और खेल के महत्व पर जोर दिया जाता गया, खेल से सभी को एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन न केवल उनके असाधारण खेल कौशल का सम्मान करने का दिन है, बल्कि हमारे जीवन में खेलों के महत्व को याद करने का भी दिन है। खेल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने से कहीं ज्यादा सिखाते हैं। ये टीम वर्क, अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण जीवन के सबक सिखाते हैं। ये एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करते हैं और धरित्र निर्माण करते हैं। मेजर ध्यानचंद को 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है। उन्होंने अपने जादुई खेल से हमारे देश को गौरवान्वित किया है। हम उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और खेल भावना से प्रेरणा लेते हैं।

यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीत से ज्यादा खेल में भाग लेना और खेल भावना महत्वपूर्ण है। हमें अपने शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए खेलों को अपनाना चाहिए। आइए, आज हम सब यह प्रण लें कि हम अपने जीवन में खेलों को अपनाएंगे और एक स्वस्थ और सक्रिय भविष्य की ओर बढ़ेंगे। शिविर के अन्त में सभी छात्राओं को अपने वक्तव्य में बताया कि छात्राओं को शिक्षित होना चाहिऐ व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है, यदि किसी प्रकार पीड़ित के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं व सम्बन्धित थाना में नि:संकोच केस दर्ज करा सकते हैं, एवं साथ ही कार्यकम में उपस्थित छात्राओं से आह्वावान किया गया कि अपने आस-पास के परिवेश में अधिक से अधिक वृक्षारा. ेपण करें, तथा स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के टोल फ्री नम्बर 15100 पर भी कॉल कर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं, इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में, जिला प्रोबेशन कार्यालय की तरफ से श्रीमती छवि वैश्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं का स्टाफ व असिस्टेन्ट, एल०ए०डी०सी०एस० सुश्री कशिश सक्सेना एवं पराविधिक स्वयं सेवकगण, मदर पब्लिक स्कूल, बदायूं की प्रभारी प्रधानाचार्या डॉ० दीपाशिखा पन्त व विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसके उपरान्त शिविर के अध्यक्ष की अनुमति से उक्त शिविर का समापन किया गया। इसके अतिरिक्त 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर आप अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं।

## खंड विकास अधिकारी ने किया कार्यशाला का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** विकासखंड के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, बाल विकास विभाग सुपरवाइजर , लेखपाल , पशुपालन विभाग, के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी राकेश कुमार निराला , खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमसुख गंग. वार एवं ए डी ओ पंचायत लोकमन सिंह ने संयुक्त रूप से मिलकर किया । मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार सक्सेना एवं शोएब रजा ने सतत विकास लक्ष्य की नौ थीम जैसे - गरीबी मुक्त गांव ,स्वस्थ गांव ,बाल हितेषी गांव , पर्याप्त जल युक्त गाव , स्वच्छ हरा भरा गांव ,आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव , सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव ,सुशासन वाला गांव , महिला हितेषी गांव आदि पर । विस्तृत चर्चा की । मास्टर ट्रेनर अरुण कुमार शेखर एवं उमा देवी ने पी ए आई 1.0 तथा 2.0 के अंतर के बारे में विस्तृत चर्चा की । जिला कार्यक्रम प्रबंधक दुर्गेश कुमार जी ने पी ए आई 2.0 को किस तरह फीड करना है के बारे में टेक्निकल जानकारी ऑन लाइन फीड करना समझाया।

## उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम योजनान्तर्गत कम पूँजी में उद्यम स्थापना व रोजगार सृजन में अग्रणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ-साथ अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने हेतु सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास, हस्तशिल्पियों के विकास तथा निर्यात प्रोत्साहन हेतु राज्य सरकार सतत् प्रयत्नशील है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम कम पूँजी में स्थापित एवं व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित करते हैं और पर्यावरण की दृष्टि से भी अधिक अनुकूल होते हैं। इन उद्यमों से प्रदेश का समावेशी एवं बहुआयामी विकास होता है। प्रदेश के औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के महत्व को ध्यान में रखते हुए इन उद्योगों को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 28.09.2022 को नवीन एमएसएमई नीति-2022 घोषित की गयी है। नई नीति में रोजगार सृजन में 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि प्रस्तावित है। उद्योग स्थापना के लिए भूमि क्रय किये जाने पर पूर्वान्चल एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र तथा सम्पूर्ण प्रदेश की महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत तथा शेष क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट प्रदान की जा रही है। निवेश मित्र के माध्यम से उद्यमियों को उद्यम स्थापना के क्रम में वांछित अनापत्ति/लाइसेन्स/ अनुमति आदि को प्राप्त करने की पूर्णतया आनलाइन व्यवस्था की गयी है जिससे उद्यमी समयबद्ध रुप से स्वीकृतियां आदि प्राप्त कर रहे है। तत्क्रम में विभाग की रोजगार परक योजना यथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण योजना को निवेश मित्र पोर्टल से लिंक करा दिया गया है जिससे आवेदन कर्ताओं को आवे. दन करने में और अधिक सुविधा प्राप्त हो गयी है। उक्त के साथ ही पोर्टल के माध्यम से योजनाओं का अनुश्रवण भी अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा अधिकाधिक उद्यमों की स्थापना हेतु प्रोत्साहनात्मक वातावरण का सृजन किया गया है। एम.एस.एम.ई. अधिनियम 2020 के माध्यम से इकाईयों को 1000 दिनों तक किसी भी विभाग के निरीक्षण से छूट प्रदान की गयी है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर लगभग 3859170 उद्यम पंजीकृत हुये तथा प्रदेश में 96 लाख से अधिक एम.एस.एम.ई. ईकाइयां संचा. लित है, जिनमें 02 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। प्रदेश सरकार द्वारा उद्यमियों के विलम्बित भुगतान की समस्या के त्वरित निराकरण हेतु राज्य स्तर पर गठित फैसिलिटेशन काउंसिल की व्यवस्था को मण्डल स्तर पर विकेन्द्रीकृत किया गया है. जिससे उद्यमियों की समस्या का निराकरण शीघ्र हो सके। सूक्ष्म उद्यमियों की आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में इनके परिवार संकट में आ जाते हैं। इस हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना (नई योजना) लागू की है। सूक्ष्म उद्यमियों के दुर्घटना ग्रस्त होने पर इन इकाईयों को अधिकतम रू० 5.00 लाख तक की सीमा तक वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। विभागीय रोजगारपरक योजनाएं यथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, वित्त पोषण एवं एक जनपद-एक उत्पाद टूलकिट योजनान्तर्गत आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट&http:@ @diupmsme-upsdc-gov-in@ अथवा http: @ @ msme-up-gov.in पर किया जाता है। अनुसूचित जाति/ जनजाति/ पिछड़ा वर्ग के युवाओं को रोजगार प्रदान कराने व उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृद्ध करने हेतु इन वर्गों की प्रशिक्षण योजनायें भी संचालित है।

# पुलिस ने पकड़े दो बदमाश, अवैध तमंचे और चाकू बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/देवरनियां।** थाना देवर. नियां पुलिस ने चौकिंग के दौरान दो बदमाशों को नाजायज तमंचे और एक चाकू सहित पकड़ा है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के नाम भूरा पुत्र साबिर और गुड्डू पुत्र मोहम्मद नवी हैं। दोनों मुडिया जागीर थाना देवरनियां के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों बदमाशों से एक तमंचा 12 बोर, एक कारतूस जिंदा 12 बोर और एक चाकू नाजायज बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों बदमाशों पर कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त भूरा कपड़े का काम करता है, जो दिल्ली से कपड़े लाकर अपने घर पर ही बेचता है। जबकि गुड्डू पिकअप का ड्राइवर है। पुलिस अब दोनों बदमाशों के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी, उपनिरीक्षक राहुल चौधरी, उपनि. रीक्षक जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल सचिन कुमार, कांस्टेबल डार्विन दुहन शामिल रहे।

# बिजली विभाग की जमीन को 20 साल पुराने अवैध कब्जे से कराया गया मुक्त

■ **लगभग 50 करोड़ की जमीन पर अवैध कब्जाकर संचालित की जा रही थी डेयरी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह के प्रबल हस्तक्षेप व जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों की उपस्थिति में रामपुर बाग बरेली स्थित विद्युत विभागीय आवासीय कॉलोनी में लगभग 20 साल पुराने अवैध कब्जे को हटवाया गया।

रामपुर बाग स्थित आवासीय बिजली विभाग कॉलोनी और कार्यालय परिसर में कुछ लोगों द्वारा लगभग 50 करोड़ रुपए की कीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर डेयरी चलाई जा रही थी। डेयरी संचालक बिजली विभाग की जमीन पर कब्जा कर नगर निगम से मुक. दमेबाजी कर रहे थे। उनके द्वारा अवैध डेयरी संचालन से परिसर में सुरक्षा अतिक्रमण और गंदगी जैसा माहौल बन गया था। बिजली विभाग ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से सहयोग लेकर बरसों पुराना अवैध कब्जा हटवा दिया है।

डीएम अविनाश सिंह से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विगत दिवस बिजली विभाग, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार और नायब तहस. ीलदार, पुलिस आदि ने मिलकर भूमि से अतिक्रमण और कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू की। इसका विरोध डेयरी संचालक व अतिक्रमणकर्ताओं ने किया। उन्होंने बताया कि उनके पास स्टे आर्डर है लेकिन दिखा नहीं पाये।

रामपुर बाग स्थित बिजली विभाग कॉलोनी परिसर से डेयरी और अतिक्रमण हटाना एक चुनौती थी, लेकिन चीफ इंजीनियर ज्ञान प्रकाश ने सूझबूझ से काम लिया। उन्होंने तेज तर्रार डीएम अविनाश सिंह से संपर्क किया, और पूरी स्थिति से अवगत कराया। फिर अतिक्रमण हटाने संबंधी योजना बनी, जिससे 50 करोड़ रूपये कीमती जमीन कुछ ही घंटे में फ्री हो गई। डेयरी ध्वस्त कर अवैध गेट भी बंद कराया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से हुई संयुक्त कार्यवाही में दो दर्जन से अधिक गाय, भैंसों की डेयरी हटा दी गयी है। डीएम अविनाश सिंह द्वारा बनाई गई प्लानिंग व मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश द्वारा की गयी पहल काम आयी। कार्यवाही के दौरान उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार लगातार कार्यवाही पर निगरानी रखे हुए थे, और पल-पल खबरें ले रहे थे। सिविल अधिशासी अभियंता जुनेद आलम और विभागीय टीम मौजूद रही। पुलिस बल तैनाती होने से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। कार्यवाही ऐतिहासिक उदाहरण बन गई है। उक्त कार्यवाही से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि लंबे समय से सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे लोग अब सतर्क हो जाएं, अवैध कब्जे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे।

## एक नजर

### बरसाने को विशाल भंडारा हुआ रवाना, तीन दिन तक चलेगा भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे से गुरुवार की रात एक विशाल भंडारा बरसाने (मथुरा) के लिए रवाना हो गया। भंडारे को नगर पालिका अध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौर और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने रवाना किया।



श्री जी राधारानी सेवा समिति द्वारा ले जाए गए इस विशाल भंडारे को व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता उर्फ लल्लू के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। देर रात रवाना किए गए इस भंडारे में सभासद सोनू राठौर, अरविन्द शुक्ला, पिंटू गुप्ता, चंद्र पाल, राकेश, मोनू गुप्ता, अंकित गुप्ता, तनु गुप्ता दीपक गुप्ता आदि शामिल रहे। भंडारा तीन दिन यानि 31 अगस्त तक चलेगा।

### स्थानांतरित होकर आए पुनीत कुमार ने चौकी इंचार्ज का पदभार संभाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना फतेहगंज पश्चिमी से तबादला होकर आए उप निरीक्षक पुनीत कुमार ने चौकी प्रभारी का पद भार संभाल लिया।

अभी तक चौकी इंचार्ज का जिम्मा संभाल रहे विवेक कुमार का तबादला बहेड़ी की चुरैली डाम कर दिया गया था, और उनके स्थान पर फतेहगंज पश्चिमी के उप निरीक्षक पुनीत कुमार को रिछोला किफायतुल्ला स्थित चौकी का इंचार्ज बनाया गया था। चार दिन पहले कप्तान द्वारा किए गए इस तबादले के बाद गुरुवार को यहां पहुंचकर पुनीत कुमार ने चौकी इंचार्ज का पद भार संभाल लिया। इसके साथ ही विवेक कुमार को कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने रिलीव कर दिया।

### स्टेशन पर शौचालय बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** भाजपा नेता विनय चौधरी ने सेंथल रेलवे स्टेशन पर समुदायिक शौचालय बनवाए जाने की मांग करते हुए रेलवे अधिकारियों को एक पत्र भेजकर कहा है कि इस रेलवे स्टेशन से कस्बे के अलावा दर्जनों गांव भी जुड़े हैं, शौचालय न होने की वजह से यात्रियों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। श्री चौधरी का कहना है कि यात्रियों की परेशानियों को नजर में रखते हुए अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

### फंदे से लटककर 16 साल के किशोर ने दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि रात में उन्हें एक युवक के फंदे से लटककर आत्महत्या करने की सूचना मिली। वह मौके पर पहुंचे तो पता लगा कि संजय नगर निवासी अवधेश का 16 वर्षीय बेटा अक्षय कुमार रात नौ बजे करीब छत के कमरे में गया था। कुछ देर बाद जब परिजन उसे देखने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। दरवाजा खोला गया तो अक्षय का शव पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अक्षय की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोग आत्महत्या की वजह नहीं बता पा रहे हैं। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। अक्षय के मोबाइल से वजह पता लग सकती थी, हालांकि उसमें आखिरी वक्त पर की गई चैट डिलीट है। ऐसी क्या बात थी जो लिखकर डिलीट की गई। उसके दोस्तों से बातचीत करके पता लग सकता है। अगर परिवार किसी पर आरोप लगाता है तो इसकी भी जांच की जाएगी।

# अनुदेशक पर चोरी से लकड़ी काटकर बेंचने का आरोप

■ **ग्राम प्रधान ने एसडीएम से की शिकायत**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव को एक शिकायती पत्र लिखा गया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि कम्पोजिट विद्यालय लहसोई के अनुदेशक ने 28 अगस्त 2025 को स्कूल में लगे पेड़ काटकर लकड़ी बेचकर 30,000 रुपये हड़प लिए हैं।

अनुदेशक पर स्कूल की लकड़ी चोरी करने और बेचने का आरोप है। शिकायत में कहा गया है कि अनुद. ेशक ने यह लकड़ी 30,000 रुपये में बेची है, और पैसा हड़प लिया है। लहसोई के ग्राम प्रधान गजनफर अली ने एसडीएम बहेड़ी से अनुद. ेशक की शिकायत की है, और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राम प्रधान लहसोई गजनफर अली ने एसडीएम बहेड़ी से शिकायत की है।

मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने जांच कराने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ग्राम प्रधान गजनफर अली की शिकायत पर एसडीएम बहेड़ी ने जांच कराने की बात कही है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो अनुदेशक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि स्कूल की संपत्ति का उपयोग सही तरीके से किया जाए, और अनुदेशक अपने कार्यों का पालन करें।

# देवरनियां पुलिस ने वांछित अभियुक्त नईम को दबोचा

■ **साथियों के साथ मिलकर भाजपा कार्यकर्ता पर किया था जानलेवा हमला**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/देवरनियां।** पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त नईम पुत्र हामिद हुसैन निवासी ग्राम गिरधरपुर को गिरफ्तार किया है। नईम पर आरोप है कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भाजपा कार्यकर्ता अफराज हुसैन पर जानलेवा हमला किया था।

पुलिस के मुताबिक बीती 16 अप्रैल 2025 को अफराज हुसैन गिरधरपुर के रहमान मैरिज हॉल से अपनी मोटरसाइकिल से घर आ रहा था, तभी कुछ लोगों ने उस पर जानलेवा हमला किया था। इस हमले में अफराज हुसैन को गंभीर चोटें आईं थीं, और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त नईम पुत्र हामिद हुसैन निवासी ग्राम गिरधरपुर थाना देवरनियां, जिला बरेली का रहने वाला है। वह दूध की डेयरी चलाता है। अभियुक्त नईम आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

देवरनियां पुलिस ने अभियुक्त नईम को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बहेड़ी के पर्यवेक्षण में देवरनियां पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

### नईम का आपराधिक इतिहास

अभियुक्त नईम के खिलाफ देवरनियां थाने में कई मामले दर्ज हैं, जिनमें धारा 307, 323, 504, 506 आईपीसी और अन्य धाराएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त नईम का आपराधिक इतिहास रहा है, और वह कई मामलों में वांछित था।

# निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ के लिए हुई कार्यशाला

■ **29 सितम्बर तक घर-घर जाकर फार्म 11 पर सूचनाएं एकत्रित कर सम्बन्धित तहसील कार्यालय में जमा करने के निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ को व्यापक जानकारी देने हेतु अर्बन हार्ट स्थित सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग गांव-गांव जाकर डोर टू डोर सर्वे उचित प्रकार से करें, जिससे वोटर लिस्ट सही बने तथा तरह-तरह की भ्रांतियां न फैलें। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट बनाने हेतु जिस बीएलओ को जो लक्ष्य दिया जाये उसे शत प्रतिशत पूर्ण करें, वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। निर्वाचन प्रक्रिया में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसे पूरी ईमानदारी व गंभीरता के साथ निभाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे बीएलओ जो पुनरीक्षण कार्य हेतु सर्वाधिक ई-बीएलओ मोबाइल ऐप का प्रयोग करेंगे उन बीएलओ को प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी, तथा मोबाइल ऐप से मतदाताओं की एंट्री करने वाले बीएलओ को सामान्य मानदेय के अतिरिक्त प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जायेगा।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने कहा कि समस्त बीएलओ निष्ठा पूर्वक कार्य करें और आगामी 29 सितम्बर 2025 तक घर-घर जाकर फार्म 11 पर सूचनाएं एकत्रित कर सम्बन्धित तहसील कार्यालय में एक प्रति अवश्य जमा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार समस्त बीएलओ के मोबाइल पर ई-बीएलओ मोबाइल ऐप पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, घर-घर जाकर गणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व बीएलओ उपस्थित रहे।

# पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ करें ई-बीएलओ ऐप का प्रयोग

■ **ई-बीएलओ मोबाइल ऐप का सर्वाधिक प्रयोग करने वाले 08 बीएलओ को किया जाएगा पुरस्कृत**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ.प्र. के पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण में जो बीएलओ सर्वाधिक ई-बीएलओ ऐप का प्रयोग को प्रयोग कर पुनरीक्षण का कार्य करेंगे, उनको पुरस्कृत किया जायेगा।

आयोग द्वारा ई-बीएलओ मोबाइल ऐप के संचालन हेतु दिशा निर्देश दिये गये हैं, जिसके अंतर्गत ई-बीएलओ ऐप के संचालन के सम्बन्ध में ऐसे बीएलओ जो ई-बीएलओ मोबाइल ऐप से मतदाताओं की इन्ट्री करेंगे, उनको सामान्य मानदेय के साथ-साथ मतदाता इन्ट्री हेतु 200/- रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन भत्ता दिया जायेगा, साथ ही जनपद के अन्तर्गत ई-बीएलओ मोबाइल ऐप सर्वाधिक प्रयोग करने वाले 08 बीएलओ को प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी, बशर्ते वह बीएलओ 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की इन्ट्री ई-बीएलओ मोबाइल ऐप से करेंगे।

जनपद में ऐसे सर्वोच्च 08 बीएलओ को अधिकतम मतदाता इन्ट्री हेतु ई-बीएलओ मोबाइल ऐप का प्रयोग करने पर निम्नानुसार प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जायेगी यथा- प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार रूपए 10000/-, द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 8000/-, तृतीय प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 6000/- एवं सांत्वना प्रोत्साहन धनराशि (05 बीएलओ को) रुपए 3000/- प्रदान की जाएगी। उक्त के क्रम में समस्त उप जिलाधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 को निर्देशित किया जाता है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण में ई-बीएलओ ऐप का प्रयोग किए जाने पर प्रोत्साहन धनराशि के संबंध में अपने स्तर से समस्त बीएलओ को अवगत कराते हुए आयोग के निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

# आलम ने प्रेम सिंह बनकर युवती का किया यौन शोषण

■ **हकीकत पता लगी तो बोला- शिकायत की तो टुकड़े-टुकड़े कर दूंगा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** हाफिजगंज इलाके के रहने वाले कैफे संचालक आलम ने पांच साल तक अपनी पहचान छिपाए रखी। खुद को प्रेम सिंह बताकर उसने पीलीभीत के बिलसंडा इलाके की युवती का यौन शोषण किया। इस दौरान उसका गर्भपात भी कराया। हकीकत खुलने पर टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दी। युवती ने उसके खिलाफ इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवती ने थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह को बताया कि वह इज्जतनगर क्षेत्र में किराये पर रहती थी। एयरफोर्स गेट के पास स्थित कैफे के मालिक हाफिजगंज निवासी आलम ने अपना नाम प्रेम सिंह बताया। उसे कैफे में नौकरी दी और बाद में पार्टनर बना लिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। युवती को जब उसकी असली पहचान पता चली तो उसने इसका विरोध किया। इस पर आलम ने हिंदू रीति-रिवाज से विवाह करने की बात कहकर उसे चुप करा दिया।

इसके बाद जब भी युवती शादी की बात करती तो वह टालमटोल कर देता था। इस दौरान युवती तीन-चार बार गर्भवती हुई। आलम ने पीलीभीत के बरखेड़ा स्थित माया अस्पताल और बरेली के रामा अस्पताल में ले जाकर गर्भपात करा दिया। आरोप है कि आलम और उसके घर वालों ने पुलिस में शिकायत करने पर युवती के टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी भी दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आलम की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### दो बच्चों के पिता आलम ने खुद को बताया था अविवाहित

आलम युवती के संपर्क में आने से पहले से ही शादीशुदा था और उसके दो बच्चे भी हैं। युवती का आरोप है कि आलम ने उसे फंसाने के लिए अपना नाम प्रेम सिंह और खुद को अविवाहित बताया। जब उसका असली नाम पता चला तो उसने शिकायत की। इसके बावजूद आलम लगातार यौन शोषण करता रहा। युवती को बाद में पता चला कि आलम पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। इसके बाद युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आलम की कुंडली खंगाल रही है। मामले में उसके परिजनों की भूमिका भी संदिग्ध है।

# डीएम ने की राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

■ **सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे हटाने के डीएम ने दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शुक्रवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड पर बी एवं सी रैंक पाने वाले विभागों को रैंक बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में गन्ना मूल्य भुगतान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जल निगम, नगर निगम, परिवहन विभाग, खनिज विभाग, जीएसटी विभाग, स्टाप एवं रजिस्ट्रेशन आदि विभागों की वसूली की भी समीक्षा की गयी।

बैठक में अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत 1976 आवास हो गये हैं और गति लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में राजस्व वादों के निस्तारण की भी समीक्षा की गयी और निस्तारण की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए, जिससे रैंकिंग में सुधार आ सके। समस्त उप जिलाधिकारी न्यायिक को वादों का निस्तारण करते हुए रैंक सुधारने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में जाति व निवास प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, धारा-24 एवं धारा-34 के प्रकरणों को ससमय निस्तारित किया जाए, तथा जहां कहीं भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे हैं उन्हें हटाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में गणेश विसर्जन की तैयारियों की भी जानकारी ली गयी, जिसपर उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि मार्ग को सही कराया जा रहा है, तथा स्टीमर व गोताखोर तैनात किए जाएंगे। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाये, व तहसीलों में फैमली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये, और इस कार्य में ईओ का भी सहयोग लिया जाए।

बैठक में डीएम ने कहा कि अक्सर यह देखने में आया है कि सड़कों पर छुट्टा पशु घूमते रहते हैं, जिस कारण दुर्घटनाएं होने की सम्भावना अधिक रहती है। जिसपर समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये गए कि जो भी छुट्टा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं, उन्हें शीघ्र पकड़कर पास की गौशालाओं में भेजा जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, न्यायिक मजिस्ट्रेट, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पांच सितम्बर शुक्रवार को नगर में निकलेगा जुलूस ए मोहम्मदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जुलूसे मोहम्मदी नगर में आगामी पांच सितम्बर को सुबह 8 बजे नगर की जामा मस्जिद से निकाला जाएगा।

मुस्लिम समुदाय की एक मात्र धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में निकलने वाला जुलूस ए मोहम्मदी कस्बे में जोश ओ खरोश के साथ अपने पूर्व निर्धारित रास्तों से होकर निकलेगा, और वापस जामा मस्जिद पर आकर जुलूस खत्म होगा। आज शुक्रवार को कस्बे की सभी मस्जिदों में इमामों ने इसका ऐलान किया।

अपनी तकरीरों में मस्जिदों के इमामों ने जुलूसे मोहम्मदी में अदब के साथ शामिल होने आवाहन किया।

जुलूस के बाद जुमा की नमाज अदा की जाएगी।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**

**मो0- 9456212547 8077380691**

**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# मेजर ध्यानचंद की याद में बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को भराला में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की याद में युवा कल्याण विभाग मेरठ की तरफ से बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव कुमार युवा कल्याण अधिकारी ने की।



जिसमें दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मुख्य अतिथि रहे। मनिंदर विहान भराला ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। अभय मलिक 44 किग्रा स्वर्ण, अनिक बाबरा 56 किलोग्राम स्वर्ण, निर्भय मलिक 34 किलोग्राम स्वर्ण, हार्दिक विहान 54 किलोग्राम स्वर्ण, अर्पित विहान 34 किलोग्राम रजत, विराट सिवाच 28 किलोग्राम रजत, अर्जुन सिवाच 30 किलोग्राम सिल्वर, देव धनकड़ 46 किलोग्राम सिल्वर, पार्थ अहलावत 42 किलोग्राम गोल्ड, देवांश अहलावत 50 किलोग्राम सिल्वर, कार्तिक चौधरी 80 किलो गोल्ड, विशाल कसाना 70 किलो गोल्ड मेडल जीते। इस दौरान कोच प्रवीण कुमार, कोच अरुण कुमार, सोनू मलिक, बल्लू सिवाच, विवेक विहान, अंकित सिवाच व सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

# तनिष्क शोरुम में लगी हीरे के गहनों की प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गढ़रोड स्थित जनता नगर में तनिष्क द्वारा हीरे के गहनों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ एसके जैन, अभिषेक जैन, वरूण जैन, डॉ. प्रवीण जैन, डॉ. गीता जैन रामेश्वर सिंह आदि ने फीता काटकर किया। अभिषेक जैन के कहा कि उनके यहां गोल्ड ज्वैलरी के बनवाने पर 20 व डायमंड ज्वैलरी के मूल्य पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। यह प्रदर्शनी कल तक रहेगी।

# यूथ फाउंडेशन ने किया स्पोर्ट्स कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर पूरे मेरठ जिले में हर तरफ का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं वहीं जानी ब्लाक के गांव रसूलपुर धौलडी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में यूथ फाउंडेशन की ओर से स्पोर्ट्स कार्यक्रम हुआ। जिसमें खो-खो दौड़ प्रतियोगिता रस्साकसी बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और बाल के अनुशासन 3 नेटवर्क और खेल का भावना का भी परिचय दिया।

यह आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और शरीर के लिए फायदेमंद है और इससे बच्चे स्वस्थ रहते हैं और इसको बढ़ावा देने के लिए किया गया ताकि वे खेलों के जीवन को समझ सके और हमारे महान खिलाड़ी जैसे बन सके और अपने देश का नाम रोशन कर सके। यूथ फाउंडेशन के सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान मुस्तफा राजपूत, गुलजार, वसीम, फरमान, इस्लाम, वैशाली, प्रिंसिपल कौशर जहां, पूनम और यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष आशु फरीदी भी मौजूद रहे।

# दुकान से सामान खरीदने के बाद पैसे मांगने पर अधिवक्ता के भाई के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव आजमपुर देहपा में शुक्रवार दोपहर एक अधिवक्ता के भाइयों पर दबंगों ने हमला कर घायल कर दिया। हमलावरों ने किराना दुकानदार से गाली-गलौज करते हुए रुपए छीन लिए और विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। घायल दोनों भाइयों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार गांव आजमपुर देहपा निवासी अधिवक्ता परवेज आलम का भाई अहमद अपनी किराना दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गांव के ही जुबेर, शाहनवाज और आस मोहम्मद दुकान पर पहुंचे और कोल्ड ड्रिंक व नमकीन खरीदी। सामान लेने के बाद जब अहमद ने पैसे मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उसके साथ मारपीट कर गले से 25 सौ रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ा भाई शमशेर आलम हमलावरों के घर शिकायत करने पहुंचा। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद लोगों ने शमशेर पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं हमलावरों ने उनके घर पर भी पथराव किया, जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।

# बूंदी पहलवान की याद में हुआ दंगल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** गांधारी तालाब सरोवर स्थित अखाड़े में बूंदी पहलवान की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ भादो पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ब्लाक प्रमुख ब्रह्म सिंह ने फीता काटकर किया नगर के गांधारी सरोवर में एक से बढ़कर एक पहलवानों ने अपने दम खम दिखाकर बाजी मारी। दंगल में गुलजार पहलवान ने रेफरी की भूमिका निभाई। वहीं समाजसेवी जय नारायण शर्मा ने कुशल संचालन किया। विशाल दंगल के आयोजन संदीप चंपत ने सभी पहलवानों को पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। दंगल में वंश पहलवान गढी प्रिंस भूमा ने बाजी मारी। वहीं अक्षय मड़वाड़ी रोहित गढी दोनों मुकाबले में रोहित ने बाजी मारी। अंकित भूमा वेदांत गढी के बीच जमकर मुकाबला हुआ। वहीं यश भूमा वंश गढी यश विजय हुए। रामवीर पहलवान शाहपुर देवानंद भूमा, अनिल मड़वाड़ी, अर्जुन बैसला, देवांश गढी, अर्जुन बैसला ने बाजी मारी अमन मुजफ्फरनगर मेहरबान भूमा के बीच में अमन ने बाजी मारी। लवली नीमराना देवगढ़ी के बीच में देव ने बाजी मारी वहीं दर्जनों पहलवानों ने अपना दम खम दिखाया। इस मौके पर विपिन भडाना, गुल्लू प्रधान, प्रदीप गुर्जर, संदीप चंदेल, राहुल, रामपाल, चेयरमैन शरद पवार, कामेश गुर्जर, आशीष चौधरी, हरि पहलवान, जितेश, सत्येंद्र, नरेंद्र शर्मा, रोहित प्रधान सभासद, आदेश गुर्जर, राहुल पहलवान आदि लोग मौजूद रहे।



# मोबाइल लुटेरा चोरी की मोटर साइकिल के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को थाना पुलिस ने क्षेत्र में मोबाइल लुटेरा चोरी की मोटरसाइकिल सहित के साथ गिरफ्तार कर लिया और चालान कर जेल भेज दिया।



जानी थाना क्षेत्र में गौरव पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी सिंघावली अहीर बागपत के साथ एक बदमाश ने मोबाइल लूटकर घटना को अंजाम दिया था और बदमाश एक सुनसान रास्ते से फरार हो गए थे मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और लुट की घटना सही पाई हुई इसके बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। शुक्रवार को पुलिस चैकिंग कर रही थी इस दौरान चंदोरा रजवाहे के पास एक मोटरसाइकिल एस पी यूपी 15 ई एक्स 7145 को रोका तो आरोपी मोटर साइकिल छोड़कर भागने लगा तभी पुलिस ने बल प्रयोग के चलते आरोपी को दबोच लिया पूछताछ में उसकी मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई और आरोपी के पास से दो लूटे हुए मोबाइल भी बरामद हुए जहां आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पहले ही बागपत रोड पर एक बाईक सवार से दो मोबाइल लूटे थे। आरोपी की पहचान उमर पुत्र खुर्शीद निवासी फतेउल्लापुर रोड थाना लोहिया नगर के रूप में हुई।

# कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप को राष्ट्रपति पदक मिलने पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह को उनकी सराहनीय सेवाओं एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। इस गौरवशाली उपलब्धि पर पूरे जिले में उत्साह और गर्व का माहौल है। स्थानीय संगठनों और आमजन ने उन्हें सच्चे अर्थों में जनता का प्रहरी बताते हुए बधाइयाँ दीं।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने आयोजित समारोह में उन्हें राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह सम्मान उनकी निष्ठा, ईमानदारी और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का परिणाम है। ज्ञात हो कि मुनीष प्रताप सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, साइबर अपराध रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने और जनता के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करने में अहम योगदान दिया है। समय-समय पर उन्होंने थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियानों में न केवल कई शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया, बल्कि समाज में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक नवाचार भी किए। उनके नेतृत्व में पुलिस ने कई लंबित मामलों का निस्तारण किया और शहर में शांति एवं सुरक्षा का माहौल कायम रखा।

शुक्रवार को लज्जापुरी मोहल्ले में स्थित अपना समाज सामाजिक संगठन द्वारा हापुड़ कोतवाली में जाकर सम्मानित किया। संगठन के संरक्षक जतिन आज़ाद और शिक्षक ललित कुमार ने कहा कि राष्ट्रपति पदक मिलना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कोतवाल मुनीष प्रताप सिंह की कार्यशैली हमेशा जनहित और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर केंद्रित रही है। यह सम्मान न केवल उनकी व्यद्रिगत मेहनत का नतीजा है बल्कि पूरे हापुड़ पुलिस बल की छवि को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करता है। इस अवसर पर अरविंद कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार, अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने कोतवाल मुनीष प्रताप सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जनता का कहना है कि ऐसे सम्मानों से न केवल अधिकारियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है।



# पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे युवक को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के लोधीपुर रोड़ से सोटावाली वाले रास्ते पर अवैध चाकू लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना अध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया कि लोधीपुर रोड़ से सोटावाली वाले रास्ते पर चैकिंग की जा रहीं थी। उसी दौरान एक संदिग्ध युवक घूमता देखा गया। जिसे रोककर तलाशी लेने पर एक अवैध चाकू बरामद हुआ। युवक की पहचान गौरव उर्फ पिटलू पुत्र जितेन्द्र निवासी ग्राम मुरादपुर के रूप मे हुई है। जिसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई।

# भूमि नाप को पहुंची राजस्व टीम का घेराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंद्राबाद।** शुक्रवार को नगर के दनकौर रोड स्थित अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज के बरा में पड़ी भूमि की नाप करने के लिए नायब तहसील देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंची राजस्व टीम का कॉलेज की छात्राओं ने विरोध करते हुए घेराव किया। छात्राओं ने दनकौर रोड पर जाम भी लगा दिया। छात्राओं के विरोध के चलते राजस्व टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। छात्राओं ने बताया कि अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज के बराबर में स्थित भूमि की शुक्रवार की दोपहर राजस्व टीम नायब तहसीलदार के नेतृत्व में नाप करने के लिए पहुंची थी।

# कठिन परिश्रम करने से मिलेगा लक्ष्य

## गोल्ड मेडलिस्ट ने छात्रों को दिये सफलता के टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नोगावां रोड स्थित मानव रचना द स्कूल का माहौल शुक्रवार को खास बन गया, जब राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित एवं आईआईटी रुड़की के गोल्ड मेडलिस्ट ऋतुराज सिंह ने विद्यालय में शिरकत कर बच्चों को जीवन में शिक्षा और लक्ष्य निर्धारण का महत्व समझाया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्रा हरगुन चौधरी द्वारा शॉल ओढ़ाकर ऋतुराज सिंह का सम्मान करने से हुई। इसके बाद विद्यालय के डायरेक्टर प्रभात त्यागी ने पुष्पमाला पहनाकर अतिथि का स्वागत किया। छात्रों को संबोधित करते हुए ऋतुराज सिंह ने अपनी संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक शैक्षिक यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक छोटे से कस्बे से निकलकर उन्होंने विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाई और एक बड़ी कंपनी की स्थापना की। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा हर विद्यार्थी में अपार क्षमता छिपी होती है। जरूरत है सिर्फ सच्चे मन से प्रयास करने की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की और जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने की। अगर आप ईमानदारी से मेहनत करें, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। उनके विचार सुनकर बच्चों के चेहरे उत्साह और प्रेरणा से चमक उठे। प्रधानाचार्य सारिका त्यागी ने विद्यालय में पधारने एवं छात्रों को मार्गदर्शन देने के लिए ऋतुराज सिंह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक राजीव त्यागी, सीनू त्यागी, शोभित त्यागी, रुचि त्यागी, मीनल चौधरी, सलोनी अलुना, कपिल कुमार और निखिल कुमार सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा



# गंगा में पलटी नांव, डूबने से बचे पांच श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्रजघाट में दिवंगत की अस्थियां विसर्जन के लिये आए पांच लोग नाव पलटने से गंगा में गिर गए। चीख पुकार आसपास खड़े दूसरे नावों के संचालकों ने पानी में कूदकर डूबते हुए लोगों को बचाया। काफी देर तक यहां पर अफरातफरी की स्थिति बनी रही।

**हादसा**

**● गढ़ थाना क्षेत्र की तरफ हुआ हादसा, क्रेन से निकलवाई नाव**

जानकारी के अनुसार हरियाणा के झज्जर के रहने वाले सुनील कुमार अपनी दिवंगत मां प्रेमवती के निधन के उपरांत गंगा में उनकी अस्थियों को विसर्जित करने अपने परिवार के सदस्य रमेश, राजीव, रविंद्र व शिवम के साथ आए थे। स्थानीय पुरोहित से पूजा अर्चना कराने के बाद वे गंगा में बैठकर बीच धारा में अस्थियां विसर्जित करने जाने लगे। इस समय चूंकि गंगा में तेज बहाव चल रहा है। इस कारण पानी के तेज बहाव के कारण नाव पलट गई और उसमें सवार सभी लोग पानी में गिरकर डूबने लगे। चीख पुकार सुनकर नाव चलाने वाले दूसरे लोग और स्थानीय गोताखोर पानी में कूदे और डूबते हुए लोगों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही ब्रजघाट-गढ़ की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। क्रेन के माध्यम से गंगा में पलटी नाव को बाहर निकलवाया गया। बता दें कि ब्रजघाट में गंगा का जलस्तर अधिक होने के कारण नाव चलाने पर प्रतिबंध है। लेकिन उसके बाद भी तमाम नाविक नाव ले जाते हैं। आज भी ऐसा ही हुआ, गनीमत रही कि घाट पर घटना के दौरान अन्य नाविक और स्थानीय गोताखोर मौजूद थे, जिन्होंने तत्परता से सभी की जान बचा ली, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। गढ़ मुक्तेश्वर पुलिस ने नाविक को हिरासत में ले लिया है। घटना के चलते अफरातफरी की स्थिति बनी रही।



■ गजरौला। ब्रजघाट में नाव पलटने के बाद लगी लोगों की भीड़, मौके पर मौजूद पुलिस।

# तीसरे दिन भी नहीं लगा गंगा में डूबे तीन सगे भाईयों का सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बुधवार की शाम को भतीजे के मुंडन संस्कार में आए गंगा में डूबे तीन सगे भाईयों का तीसरे दिन भी कुछ पता नहीं चला है, हालांकि स्थानीय गोताखोरों के साथ साथ पीएसी लगातार उनकी तलाश में जुटी है। गुरूवार को जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने दुख में डूबे परिजनों से मुलाकात करके उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया, साथ ही एसडीएम को गंगा में तलाश कराने के लिये टीमें बढ़ाने के निर्देश भी दिए। जानकारी के अनुसार अमरोहा के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी आकाश के बेटे विनायक का मुंडन संस्कार होना था। परिवार के लोग बुधवार दोपहर तिगरी गंगा तट पर मुंडन संस्कार करवाने गए थे। यहां आकाश की पत्नी राखी, मां शशिबाला, बहन सुधा, 23 वर्षीय भाई बंटी, 25 वर्षीय ओमकार व 18 वर्षीय अनुज भी गए थे। मुंडन संस्कार के बाद परिवार के लोग वापस जाने की तैयारी करने लगे तो उन्हें बंटी, ओमकार व अनुज नहीं दिखाई दिए। परिजनों ने तलाश की तो उनके कपड़े तख्त पर रखे मिले। आशंका है तीनों भाई नहाते वक्त गंगा में डूब गए। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश कराई मगर कुछ नहीं पता चला। गुरूवार को भी दिन भर परिजन घाट पर मौजूद रहे और गोताखोर व पीएसी डूबे हुए सगे भाईयों की तलाश में जुटी रही मगर उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसी तरह परिजन शुक्रवार की सुबह को दिन निकलते घाट पर पहुंच गए और गोताखोर और पीएसी ने भी तलाश शुरू की मगर उनका कुछ पता नहीं चला। बता दें कि इस समय गंगा का पानी काफी ज्यादा चल रहा है। गहराई भी ज्यादा है और गंगा के पानी का तेज वेग मिट्टी का कटान भी कर रहा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि डूबे हुए भाईयों की लगातार तलाश कराई जा रही है मगर अभी कुछ पता नहीं चल सका है। वहीं तीनों भाइयों की मां शशिबाला व पिता रामपाल से पूर्व मंत्री व बसपा जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट ने भी बातचीत की, उनका मनोबल बढ़ाया। वहीं लगातार तीन दिन तक गंगा में डूबे हुए तीन सगे भाईयों का सुराग नहीं मिलने के कारण परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मां शशिबाला और पिता रामपाल समेत परिवार के सदस्य और मौहल्ले के लोग भी काफी दुखी हैं।



# धन मनुष्य को बनाता है अहंकारी

**मंडी धनौरा।** पावन भाद्रपद माह में मनाए जा रहे दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन शास्त्री दीपक जैन ने उत्तम मार्दव धर्म पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि धन, ऐश्वर्य और परिग्रह मनुष्य को अहंकारी बना देते हैं, जबकि जैन दर्शन सिखाता है कि ये सब नश्वर हैं। शास्त्री जैन ने कहा कि अहंकार और अभिमान त्याग कर विनम्रता अपनाना ही सच्चा धर्म है। सभी जीवों के प्रति मैत्रीभाव रखना चाहिए क्योंकि प्रत्येक प्राणी को जीवन का अधिकार है। मार्दव धर्म आत्मा की सही वृत्ति को समझने और मोक्ष की ओर बढ़ने का मार्ग है। उन्होंने साधकों से आह्वान किया कि परिग्रह का त्याग कर तप और साधना के मार्ग पर चलें, क्योंकि परमशांति और मुक्ति का यही एकमात्र साधन है।

IS 15700 : 2018
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, रामपुर/नजीबाबाद
ऑफिस कॉम्पलैक्स, भूतल, सेक्टर-05, मझोला योजना संख्या-04, भाग-02 मुरादाबाद
Email: upavpemormp@gmail.com

**सर्वसाधारण सूचना**

परिषद की रामपुर योजना संख्या- 02, रामपुर में स्थित विस्थापित भूखण्ड संख्या- बी 126 का आवंटन कार्यालय आदेश संख्या- 614 दिनांक 02.04.1992 के द्वारा श्री चन्द्रसेन सैनी पुत्र श्री लेखराज के पक्ष में हुआ है। श्री चन्द्रसेन सैनी पुत्र श्री लेखराज के पक्ष में सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, रामपुर द्वारा उक्त विस्थापित भूखण्ड का किराया-किश्त-क्रय किरायेदारी अनुबन्ध दिनांक - 01.09.1992 को होने के उपरान्त दिनांक- 10.09.2004 को पट्टा-विलेख निष्पादित किया गया है। श्री चन्द्रसेन सैनी पुत्र श्री लेखराज की मृत्यु दिनांक 18.11.2020 को हो चुकी है। कार्यालय उप जिलाधिकारी/ उप जिला मजिस्ट्रेट सदर- रामपुर के द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या- 836/का0 उ0 जि0 दिनांक- 11.07.2025 के अनुसार क्रमांक- 06 पर अंकित उनके पुत्र श्री महेन्द्र सैनी पुत्र चन्द्र सेन सैनी ने उक्त विस्थापित भूखण्ड का मृत्यु उपरान्त अन्तरण अपने पक्ष मे कराने हेतु अन्तरण सम्बन्धी औपचारिकतायें पूर्ण करते हुये, दिनांक- 25.08.2025 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

यदि इस मृत्यु उपरान्त अन्तरण के सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना के निर्गमन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति उचित कारणों / साक्ष्यों सहित इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि के उपरान्त आपका कोई भी क्लेम / आपत्ति मान्य नही होगी। परिषद नियमानुसार मृत्यु उपरान्त अन्तरण की कार्यवाही की जायेगी।

आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक

# उद्योग बंधुओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

■ वुड इंडस्ट्री पर जीएसटी को पांच प्रतिशत करने के लिए की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** वुड इंडस्ट्री पर जी एस टी 5 प्रतिशत की जानी चाहिए। जिला उद्योग बंधु की मीटिंग में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह को आई आई ए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता एवं आई आई ए के पदाधिकारियों ने सौंपा, जिलाधिकारी ने ज्ञापन प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। मीटिंग में आई.आई.ए. ने विद्युत से संबंधित समस्याएं प्रमुखता से उठाई, श्रीकृष्णा ट्रेडिंग क. श्यामा ट्रेडर्स, शशिकांता मेटल्स, शिवप्रिया इंडस्ट्रीज, ओपल प्रीमियर, स्वाति मेंथोल की समस्याएं रखी गई। इसके अलावा प्रदूषण विभाग से संबंधित समस्याएं उठाई गई।

प्रदूषण विभाग के उच्च अधिकारियों की लगातार अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी जोगि.दर सिंह ने नाराजगी जताई और उन्हें तलब किया। जिलाधिकारी ने तुरंत ही सभी समस्याओं का संज्ञान लेकर तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। मीटिंग में एस.पी. विद्या सागर मिश्रा को कुछ उद्यमियों को असामाजिक



तत्वों द्वारा परेशान करने की शिकायत रखी गई। एस पी साहब ने तुरंत संबंधित इंस्पेक्टर को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए, एसपी विद्या सागर मिश्रा ने कहा कि किसी भी दशा में उद्यमियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नही किया जाएगा, उद्यमिओं को पूर्ण सुरक्षा दी जाएगी। उद्यमियों ने गत मीटिंग में सुरक्षा संबंधित निर्देश पर समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी महोदय एवं एस पी साहब का आभार प्रकट किया एवं आभार पत्र दिया। मीटिंग में डी.आई.सी. मुकेश कुमार, विद्युत, श्रम, जी एस टी, माप तोल आदि सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आई आई ए के वाईस चेयरमैन उमेश अग्रवाल, आई आई ए महिला चेयरपर्सन गार्गी सरदाना, प्रदीप गुप्ता, राम कुमार अग्रवाल, व्यापार मंडल के शैलेन्द्र शर्मा, संदीप सोनी, आशीष चौधरी, दीपक गोयल, ठाकुर देवेंद्र सिंह, निक्की जोली, मेहुल डालमिया आदि उपस्थित रहे।

# मेले में विधुत विभाग को लगाया जा रहा है हजारों रुपये रोजाना का चूना

■ बड़े पैमाने पर की जा रही बिजली की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर मे नवमी गुदड़ी मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमे बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी की जा रही है मेले मे दुकानदारो को बिजली सप्लाई देने के लिए ठेकेदार द्वारा बिजली की चोरी पड़े पैमाने पर की जा रही है।

मेले मे दर्जनो की तादाद मे दुकाने लगी उन सब दुकानों पर बिजली की सप्लाई दी जा रही है। और ठेकेदार द्वारा दुकानदारों से बीस रुपए से लेकर सो रुपए तक प्रतिदिन वसूल किये जा रहे है। विधुत विभाग को गुमराह करने के लिए ठेकेदार ने मेले मे



जनरेटर तो खड़े कर रखे है। लेकिन सप्लाई बिजली की दी जा रही है ठेकेदार ने नगर पंचायत के सामने रखे ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट तीन तारो मे बिजली की सप्लाई ले रखी है। जिससे पूरे मेले को सप्लाई दी जा रही है ऐसा नही है कि विधुत कर्मचारियों को इसकी जानकारी ना हो विधुत कर्मचारियों की साठगांठ से हजारों रुपए रोजाना की मेले मे बिजली की चोरी की जा रही है।

मेले मे बिजली चोरी होने से विधुत विभाग को हजारों रुपए रोजाना का चूना लगाया जा रहा है।

# विवाहिता के साथ मारपीट करने के मामले में पति सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बहन का हालचाल जानने आये भाइयो को लड़की के सासुरालियो ने की मारपीट पति सहित व सास सहित छह लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मसवासी। सुसराल मे आये दिन लड़की के साथ की जाती थी ज्यादती शिकायत लड़की ने कई बार मायके वालों से की लेकिन मायके वाले समझा बूझकर उसको भेज देते थे। इसकी तहरीर युवती के भाई ने कोतवाली मे दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के भाई ने दी तहरीर मे कहा है कि उसकी बहन की शादी मसवासी निवासी सजिद पुत्र रहीस हाफिज के साथ एक मई 23,को हुई थी तभी से उसका पती साजिद ससुर रहीस अहमद, सास हुसन जहा, जैठ आसिफ, देवर आरिफ व जुबेर उसकी बहन को लगातार परेशान कर रहे थे ओर उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट करना आम बात हो गई थी आये दिन युवती मारपीट की शिकायत अपने पिता से तब समझा बूझकर उसको भेज देते थे 18 अगस्त 25 को उनको सूचना मिली कि तुमहारी बहन को बांधकर उसके साथ मारपीट की जा रही है तभी वह आजम अली अरसीना तथा सबरुल के साथ अपनी बहन की सासुराल पहूंचा तो देखा कि बहन को वह लोग रस्सी से बांधकर मारपीट कर रहे है उसने बड़ी मुश्किल से अपनी बहन को छुड़ाया तब इन लोगो ने उनके साथ भी मारपीट की उनके साथ आई महिलाओ के साथ भी इन लोगो ने मारपीट व गलोच कर बदतमीजी की पुलिस ने पति साजिद ससुर रहीस अहमद जेठ आसिफ देवरा आरिफ व जुबेर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस मनाया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रीनवुड स्कूल में मेजर ध्यानचंद हॉकी प्रतियोगिता संपन्न हुई। ग्रीनवुड स्कूल में शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की याद में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रीनवुड स्कूल में हर वर्ष ध्यानचंद जी का जन्मदिन खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर हर वर्ष हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खाघ्न ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खाघ्न और प्रधानाचार्य एन.के.तिवारी ने किया। सर्वप्रथम आज इस खेल दिवस के उपलक्ष में ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खाघ्न, प्रधानाचार्य एन.के.तिवारी और समस्त स्टाफ ने मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर



प्रकाश डाला और एक हॉकी खिलाड़ी के रूप में देश के लिए उनकी उपलब्धियों को गिनाया। इसके बाद प्रतियोगिता शुरू हुई आज सबसे पहले सब जूनियर हॉकी मैच खेले गए।

पहला मैच कक्षा 4 के ग्रीन हाउस और व्हाइट हाउस के बीच खेला गया जिसे व्हाइट हाउस ने 2-0 से जीता। इसके पश्चात कक्षा 5 का मैच ब्लैक हाउस और व्हाइट हाउस बीच हुआ, जिसमें व्हाइट हाउस की टीम 1-0 से विजयी रही।अब बारी बालिका वर्ग की हॉकी टीमों के बीच मुकाबलों की थी। पहला मुकाबला कक्षा 6 की ग्रीन हाउस और ब्लू हाउस के बीच हुआ जिसे ब्लू हाउस ने 1-0 से जीता। दूसरा मैच कक्षा 7 के रेड हाउस और यलो हाउस के बीच में हुआ जिसमें यलो हाउस की टीम ने 2-0 से विजय प्राप्त की। बालिका वर्ग में तीसरा मैच कक्षा 8 के बीच में हुआ जो यलो हाउस और ग्रीन हाउस के बीच में खेला गया। इस मैच को यलो हाउस ने 1-0 से जीता। इसके पश्चात बालक वर्ग के हॉकी के मुकाबले शुरू हुए जिसमें पहला मैच कक्षा 6 की ग्रीन हाउस और यलो हाउस के बीच खेला गया जिसे ग्रीन हाउस की टीम ने 1-0 से जीता। दूसरा मैच कक्षा 7 की ग्रीन हाउस और ब्लू हाउस के बीच में खेला गया। इस मैच को भी ग्रीनहाउस ने 1-0 से जीता। खेल दिवस में हॉकी टूर्नामेंट का अंतिम मैच कक्षा 8 की ग्रीन हाउस और रेड हाउस के बीच में हुआ। इस मैच को भी ग्रीनहाउस ने 1-0 से जीता। अंत में ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान और प्रधानाचार्य एन.के. तिवारी ने बच्चों के खेल की जमकर प्रशंसा की।

सभी मैचो में निर्णायकों की भूमिका मुर्तजा अली, फैजान खाघ्न, एहतेराम अली खाघ्न, आतिफ खान और उबैद खान ने निभाई मैच की कमेंट्री परवीन खान और फिरोज हैदर ने की। इस अवसर पर तारिक खान मनंदीप सिंह शकील अंसारी, मो. नाजिम, विनय केवट, अमीन अली, विक्रांत गुप्ता मुदित शर्मा, शादाब खान, मोहम्मद सादिक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# नींद की झपकी आने से कार डिवाइडर से टकराई, एक महिला की मौत, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** काशीपुर रुद्रपुर फोरलेन मार्ग पर कार चालक को नींद की झपकी आने पर डिवाइडर से टकरा गई जिसमें एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतक ओर घायल हल्द्वानी के निवासी बताए गए हैं। गुरुवार की देर रात फोरलेन मार्ग पर घटना उस समय हुई जब कार चालक को नींद की झपकी आ गई कार काशीपुर दिशा की ओर से रुद्रपुर हल्द्वानी जा रही थी । पट्टी कला फोरलेन मार्ग पर अचानक कर डिवाइडर से टकरा गई जिसमें कर सवार पंकज चौसली पुत्र प्रकाश चंद निवासी हल्द्वानी तनुजा भट्ट पुत्र प्रेम




प्रकाश भागीरथ पुत्र हिमानंद आदि गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए काशीपुर और हल्द्वानी के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जबकि कमला देवी 52 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई साथी परिजन उसे अपने साथ हल्द्वानी एक अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। दुर्घटना से फोरलेन मार्ग पर हड़कंप मच गया और मसवासी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# सभी किसान संगठन को मजबूती प्रदान करें: ब्लॉक अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को भारतीय किसान संघ जनपद रामपुर के विकास खण्ड सैदनगर के ग्राम हसमतगंज के शिव मन्दिर पर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल मौर्य के नेतृत्व में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ।

पहला सत्र जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने लिया जिसमें इन्होंने संगठन भारतीय किसान संघ की मूल संकल्पना पर प्रकाश डाला और दूसरा सत्र मिंटू तिवारी ने लिया जिसमे संगठन की रीति नीति पर प्रकाश डाला गया

तीसरा सत्र जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने लिया जिसमें इन्होंने भारतीय किसान संघ की कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। चौथे सत्र मे ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल मौर्य जी ने ग्राम



समिति पर प्रकाश डाला एवं सभी संगठन के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और भगवान बलराम जयन्ती बहुत धूम धाम से मनाई।

सभी किसानों से ब्लॉक अध्यक्ष नें किसानों से आग्रह किया होने वाले 4 सितंबर के धरना प्रदर्शन मे सभी किसान मिलक चलेंगे। इस अवसर पर घनश्याम कुर्मी, अरुण श्रीवास्तव, मिंटू तिवारी, जोगराज मौर्य, डालचंद, हरीकिसन, बालक राम, महेंद्र सिंह, बाबू राम, वीर सिंह, जानकी, हुलासी राम, विजय मौर्य, बुद्धसेन मौर्य आदि किसान मौजूद रहे।

# पांच नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 5 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गुरुवार की रात्रि थाना मिलक खानम प्रभारी निशा खटाना के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए। 1.दोल.ीराम पुत्र बुद्धि उमर 55 साल 2.विष्णु पुत्र दोली राम उम्र 35 वर्ष3. प्रेमवती पत्नी दोली राम उम्र 50 वर्ष ग्राम शादी नगर हजीरा थाना मिलक खानम के निवासी 4. शांति देवी पत्नी वचनू उम्र 50 वर्ष 5. बब्बू पत्नी स्वर्गीय विनोद राम विहार कॉलोनी थाना सिविल लाइन रामपुर को शांति व्यवस्था के दृष्टिगत सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. गुरजिन्दर कोर संधू उ.नि. देवेंद्र राठी कांस्टेबल दिलीप महिला कांस्टेबल राधा व महिला कांस्टेबल ज्योति आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने मुफ्ती के जनाजे में शामिल होकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी आज रामपुर शहर इमाम मुफ्ती महबूब अली कादरी के दफन में शामिल हुए।

सांसद नदवी ने बताया कि मैं कल ही रामपुर से मुफ्ती महबूब अली के जनाजे को लेने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट रवाना हो गया था और रात को लगभग 2:00 बजे मुफ्ती महबूब अली साहब का जनाजा अमेरिका से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा और उनको दिल्ली से लेकर हम लोग सुबह रामपुर पहुंचे

नदवी साहब ने कहा कि रामपुर शहर इमाम मुफ्ती महबूब अली कादरी साहब से मैंने भी दीनी तालीम हासिल की है। और मुफ्ती महबूब अली साहब मेरे उस्ताद रहे हैं। शहर इमाम मुफ्ती महबूब अली साहब इंतकाल हो जाने से मैं बहुत ही दुखी हुआ हूं।

शहर इमाम मुफ्ती महबूब अली कादरी साहब का इंतेकाल हो जाने से रामपुर जिले में काफी गम का माहौल है और मुफ्ती साहब के दुनिया



छोड़कर जाने पर अब उनकी भरपाई नहीं हो पाएगी। जिस तरह का मुकाम शहर इमाम मुफ्ती महबूब अली साहब ने हासिल किया था। मुफ्ती महबूब अली साहब अच्छे कामों के लिए उन्हें राष्ट्रपति अवार्ड से नवाजा गया मुफ्ती महबूब अली साहब बहुत ही साफ छवि वाले नेक दिल इंसान थे। उन्होंने मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिंदू भाइयों को भी एक साथ लेकर चले और कभी भी किसी को शिकायत का मौका नहीं आने दिया। मुफ्ती महबूब अली कादरी साहब ने काफी समय तक जामा मस्जिद के इमाम रहकर लोगों को नमाज पढ़ाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी रामपुर शहर इमाम मुफ्ती महबूब अली के इंतकाल हो जाने पर दुख प्रकट किया और कहा कि मैं दुख की इस घड़ी में उनके परिवार वालों के साथ खड़ा हूं और उनके परिवार वालों को शोक संवेदना का पत्र भी जारी किया किया।

# ग्राम कुशहालपुर में हुए विवाद में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** क्षेत्र की ग्रामपंचायत खुशहालपुर में हुए विकास कार्यों के सत्यापन के दौरान दो पक्षों के बीच हुए विवाद के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को दोनों पक्षों के छह लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत हमीरपुर मझरा खुशहालपुर में हुए विकास कार्यों में घपले की गांव के कुछ लोगों द्वारा उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई थी।जिसकी जांच को दो सदस्यीय टीम गांव पहुंची।इस दौरान वर्तमान प्रधान और पूर्व प्रधान पक्ष के




लोग एक दूसरे के खिलाफ आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे।

बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों के मध्य जमकर लात घूंसे चलने के साथ ही पत्थरबाजी भी हुई। जिसमें दोनों पक्षों के 7 लोग सहित बीच बचाव में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया।पुलिस ने मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया।मामले में प्रधान पक्ष के वकील की ओर से नूर हसन सहित 18 लोगों को नामजद ,जबकि 30 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया।जबकि दूसरे पक्ष के नूर हसन की तरफ से वकील अहमद आदि कुल 49 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया।विवेचना कुछ अन्य धाराओं का भी इजाफा किया गया। उक्त मामले में पुलिस ने शुक्रवार को पूर्वान्ह एक पक्ष के आरोपी अहमद हसन, इकरार, आलिम, जुनैद तथा दूसरे पक्ष के वकील व शकील को ग्राम खुशहालपुर के बाहर जालपुर टाण्डा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया और जरूरी विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

# जमीयत उलमा जिला रामपुर का मौलाना जहीरुल इस्लाम को चुना गया जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** शुक्रवार को नगर के मदरसा अल-मुहद अल-मुकद्दस लिल-बनात में जमीयत उलमा जिला रामपुर के नए कार्यकाल के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। यह आयोजन प्रांतीय पर्यवेक्षक हजरत मुफ्ती कासिम रजी कासमी की देखरेख में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना जलीस अहमद कासमी की कुरान तिलावत और कारी रियासत की नात से हुई। इसके बाद मुफ्ती कासिम रजी कासमी ने जमीयत के कार्यों और केंद्र स्तर पर चल रहे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स व सेवाओं के बारे में जानकारी दी।



चुनाव प्रक्रिया में मौलाना जहीरुल इस्लाम कासमी को जिला अध्यक्ष और नवेदुज्जफर रहमानी को जिला महासचिव चुना गया। इसके अलावा मौलाना जलीस अहमद कासमी, मौलाना मोहम्मद इरफान कासमी, कारी रियासत और मौलाना यामीन (लालपुर) को उपाध्यक्ष, मौलाना मोहम्मद फहीम कासमी और मौलाना मोहम्मद यामीन (रामपुर) को सचिव, अब्दुल वाजिद कुतब को कोषाध्यक्ष और मास्टर मोहम्मद रिहान को सहायक कोषाध्यक्ष चुना गया।

इस अवसर पर जमीयत उलमा जिला रामपुर की कार्यकारिणी के सदस्यों में डॉक्टर असदुज्जफर रहमानी, मास्टर सईदुज्जफर रहमानी, मौलाना मोहम्मद शौकत, मौलाना मोहम्मद सादिक अली, मौलाना मोहम्मद इस्लाम, मौलाना मोहम्मद सुलेमान, हाफिज मोहम्मद लुकमान, मौलाना मोहम्मद नफासत अली, मौलाना एहसान (लालपुर), मुफ्ती मोहम्मद साजिद, मौलाना मोहम्मद वसीम (रामपुर), मौलाना खालिद, कारी मोहम्मद फुरकान, दढ़ियाल मोहम्मद उस्मान सैफी, हाजी अब्दुल रशीद, हाजी गोहर अली, मास्टर मुबीन, मौलाना मोहम्मद आमिर, जुनैदुज्जफर रहमानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जी.एन.ए. में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की मनाई जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** नगर के गुरु नानक एकेडमी में हॉकी के जादूगर माने जाने वाले मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन मनाया गया। बताते चलें कि प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी अवसर पर गुरु नानक एकेडमी में शुक्रवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्यानचंद के फोटो के सामने दीप प्रज्वलन तथा पुष्प अर्पित करके कियाग़। उसके बाद विद्यालय के विभिन्न हाउस की टीमों के मध्य प्रतियोगिताएं शुरू हुई कक्षा एक तथा दो के बच्चों की चेयर रेस सीनियर जूनियर वर्ग के क्रमश 3 से 8 तक के बच्चों की खो-खो प्रतियोगिता हुई। जिसमें अमोघ हाउस की छात्राओं ने



बाजी मारी और विजेता बनी सीनियर कक्षाओं में छात्रों का वॉलीबॉल का मैच हुआ। जिसमें कक्षा 6 से 8 में पृथ्वी हाउस कक्षा 12 में आकाश हाउस के छात्र विजयी रहे। जूनियर कक्षा में बच्चों की दौड़ भी कराई गई प्रतियोगिताओं के समापन पर विद्यालय के अध्यक्ष विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान, एमडी मीनू मिश्रा ने सभी विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य तथा उप प्रधानाचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई दी। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक प्रशांत पांडे, शारुन, प्रवीन, अमनजा.ेत, आकांक्षा आदि रहे।

# बिजली व्यवस्था सुधार कराने को भाजपाइयों ने अवर अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के संगठन मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने बिजली अव्यवस्था के विरोध में और अभियंता को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था सुधार कराने की मांग की है। शुक्रवार को भाजपा में अल्पसंख्यक मोर्चा के संगठन मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मसवासी बिजली उपकेंद्र पहुंचकर अवगत कराया की उनके गांव चौहद्दी अलीगंज फतेहगंज गांव रहमतगंज फीडर से जुड़े हुए हैं। यह बिजली लाइन स्टोन क्रेशर से जुड़ी हुई है। जिससे अधिकांश समय बिजली व्यवस्था ध्वस्त रहती है। जिससे चौबीस घंटों में मात्र चार घंटे ही बिजली आपूर्ति मिलपाती है। जिससे गांव के लघु उद्योग धंधे और भीषण गर्मी में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उन्होंने अबर अभियंता से बिजली की लाइन अलग करके बिजली व्यवस्था सुधार कराने की मांग की है।

# डीएम और एसपी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्री कृष्णा ट्रेडर्स द्वारा चक मार्ग के अतिक्रमण का मुद्दा उठाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष को तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

स्वाति मेंथोल एंड एलाइड केमिकल द्वारा पेट्रोलियम वर्ग ए और बी के भंडारण लाइसेंस हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर एवं वन विभाग को तत्काल लाइसेंस जारी करने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान मैसर्स शशिकांत मेटल



कास्ट ने अपनी इकाई के संचालन हेतु विद्युत की आपूर्ति की समस्या का निस्तारण होने पर जिलाधिकारी को धन्यवाद पत्र दिया।

बैठक में उद्यमियों द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित शिकायत करने पर जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंताओं को तत्काल निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिये गये।

इसी प्रकार अन्य प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्या का तत्काल निस्तारण कराए जाने हेतु उपायुक्त उद्योग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण, आईआईए चौप्टर के अध्यक्ष श्रीष गुप्ता, व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी, शैलेंद्र कुमार व जनपद के विभिन्न उद्यमी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

# सैनिकों की समस्याओं का हो निस्तारण: डीएम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीएम श्रुति की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधुओं की एक बैठक आयोजित हुई। डीएम ने बैठक में शिकायतों का निस्तारण त्वरित गति से निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम श्रुति ने शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। बताया कि पिछली बैठक में प्राप्त हुई 11 शिकायतों के निस्तारण को लेकर शिकायतकर्ताओं से वार्ता की गई थी। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। इस दौरान बैठक में कुल 17 शिकायतें दर्ज की गईं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समय पर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें, साथ ही अगली बैठक में निस्तारण की रिपोर्ट भी प्रेषित की जाए। बैठक में एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडेय, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल कुमार शर्मा मौजूद रहे।

# सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों का कब्ज़ा, ग्रामीणों में आक्रोश, उच्च अधिकारियों से शिकायत

**पूरनपुर।** ग्राम फत्तेपुर खुर्द में सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों द्वारा खुलेआम कब्ज़ा कर लिया गया। ग्रामीण अंकुल कुमार का आरोप है कि कुछ लोगों ने चौकी इंचार्ज गढ़वाखेड़ा संतोष कुमार यादव की मौजूदगी में रास्ते पर लोहे के पिलर गाड़ दिए और आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया।

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह रास्ते का विवाद पहले से ही सिविल कोर्ट, पीलीभीत में विचाराधीन है और आगामी 16 सितम्बर 2025 को इसकी सुनवाई की तारीख तय है। बावजूद इसके, पुलिस संरक्षण में कब्ज़े की कार्रवाई होना ग्रामीणों के बीच गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। पीड़ित का आरोप है कि रंजिश के चलते दबंगों ने उसके खेत में लगे करीब 40 यूकेलिप्टिस के पेड़ों पर जहरीला पदार्थ डाल दिया, जिससे पेड़ सूख गए और उसे भारी आर्थिक



नुकसान झेलना पड़ा। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे लेखपाल ने भी पिलरों को गलत बताते हुए कब्ज़े की पुष्टि की। तस्वीरों और सबूतों के साथ पूरा मामला सामने आने के बाद गांव में आक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कब्ज़ा हटवाकर रास्ता खुलवाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## हर डिवीजन में होंगी तीन मॉर्निंग रेड

**बुलंदशहर।** जिले में पावर कॉरपोरेशन के अफसर बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार मॉर्निंग रेड कर रहे हैं। बिजली चोरी मिलने पर तुरंत एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। अब चीफ इंजीनियर ने सभी डिवीजन में महीने में तीन बड़ी मॉर्निंग रेड करने की योजना बनाई है। जिससे लाइन लॉस को कम किया जा सके। इसके लिए डीएम-एसएसपी से पुलिस बल को लेकर वार्ता की गई है। पावर कॉरपोरेशन में नौ डिविजन के कई बिजलीघर क्षेत्रों में बिजली चोरी हो रही है। जिससे लाइन लॉस बढ़ता जा रहा है। इससे विभाग को करोड़ों रूपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अब बिजली चोरों पर शिकंजा कसने के लिए चीफ इंजीनियर ने डीएम-एसएसपी से वार्ता के बाद व्यापक स्तर पर मार्निंग रेड की योजना बनाई है।

# कल श्री राधे राधे जन कल्याण सेवा ट्रस्ट मनाएगा श्री राधा अष्टमी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** राधा अष्टमी पर्व भक्तों के लिए विशेष रखता है जैसे कृष्ण जन्म अष्टमी मनाई जाती है वैसे ही राधे कृष्ण प्रेमी राधा अष्टमी मनाते है गत वर्षों के भांति इस वर्ष भी श्री राधे राधे जन कल्याण सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश यादव रूपपुर कमालू प्रभा पैलेस पर राधा अष्टमी सैकड़ों भक्त गणों के साथ मनाने प्रयत्न किया है। ट्रस्ट सचिव एड. अनिरुद्ध सिंह जर्नलिस्ट बताया यह भक्ति कार्यक्रम है इसमें कोई भी भक्त गण आ सकता है राधा अष्टमी कार्यक्रम मानने की सिलसिला 2011 से शुरू हुआ था जो आज तक लगातार चलता आ रहा इस कार्यक्रम में भक्त गणों का मानसिक, आर्थिक और शारीरिक सहयोग रहता है राधे कृष्ण की कृपा उन पर बनी रहती है। 31 अगस्त दिन रविवार को शहर से सटे ग्राम रूपपुर कमालू में प्रभा पैलेस पर राधा अष्टमी मनाई जाएगी सभी भक्त निमंत्रित है।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की रस्सी से बांधकर पिटाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** सुबह तड़के प्रेमिका से मिलना प्रेमी के लिए महंगा पड़ गया नींद से जागे परिजनों ने युवक को दबोच लिया। इसके बाद रस्सी से हाथ पैर बांधकर जमकर कूटा। पिटाई से घायल युवक बेहोश हो गया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग भी पहुंच गए। घायल प्रेमी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। युवती के पिता की ओर से भी आरोपी प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कलीनगर कस्बे के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक ने बताया उसके भाई अनिल का पड़ोस की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है 27 अगस्त सुबह 3 बजे वह युवती से मिलने उसके घर पहुंच गया। खटपट की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए। इसके बाद प्रेमी को पकड़कर उसके हाथ पैर बांधने के बाद जमकर धुनाई लगाई। इससे वह बेहोश हो गया। जानकारी लगने के बाद परिवार के लोग भी पहुंच गए। तभी आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने युवती के पिता की ओर से तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रेमी के भाई ने बताया युवती के बुलाने पर युवक उससे मिलने गया था। जहां पहले से ही घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने युवक को घर में रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा। दूसरी तरफ युवती के पिता की ओर से भी प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फर्जी चल रहे क्लीनिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग




**कोसीकलां।** गोपालबाग निवासी एक युवक ने गुरूवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में युवक का आरोप है कि शाहपुर रोड पर मौजूद एक क्लीनिक स्वामी उसके मकान नंबर और पते के फर्जी तरीके से दस्तावेज बनवाकर कर फर्जी रजिस्ट्रेशन से क्लीनिक चला रहा है।

युवक ने क्लीनिक स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। गोपालबाग निवासी युवक सबरजीत निदेशक भाजपा जिला सहकारी संघ का आरोप है कि गोपालबाग शाहपुर रोड पर पल्स केयर के नाम से एक क्लीनिक संचालित है। जिसमें क्लीनिक स्वामी लोगों के जीवन से खिलवाड कर रहा है। आरोप है कि क्लीनिक स्वामी ने फर्जी तरीके से उसके मकान के फर्जी दस्तावेज बनाकर पर फर्जी रजिस्ट्रेशन करा रखा है। जवकि उसका मकान क्लीनिक से करीब एक किलोमीटर दूर शेरगढ रोड गोपालबाग पर है। युवक ने जल्द कार्रवाई कर उसके मकान के नाम पर हुए फर्जी रजिस्ट्रेशन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# उद्यमियों की समस्याओं का हो निस्तारण: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम श्रुति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधुओं की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने अफसरों को उद्यमियों की समस्याओं के समय से निस्तारण के आदेश दिए। डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए उनका निर्धारित समय में समाधान कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। बैठक में डीएम श्रुति ने यूपीसीडा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था के साथ ही जो कार्य कराए जा रहे हैं उनके बारे में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को भी जानकारी उपलब्ध कराएं। जिन विभागों द्वारा कंपनी लगाए जाने के लिए एनओसी या फिर अन्य कार्यवाही की जानी है उनका समय से निस्तारण कराएं। उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर उनका निस्तारण किया जाए। विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग के अधिकारियों को संबंधित उद्यमी से वार्ता कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। खुर्जा औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे खड़ंजे के कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए कहा गया है। एनएचएआई से संबंधित समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडेय, उपायुक्त उद्योग अशुतोष सिंह मौजूद रहे।

## ईवीएम वेयर हाऊस का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को सदर तहसील में बने ईवीएम वेयर हाउस का डीएम श्रुति ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान सदर तहसील में बने ईवीएम वेयर हऊस के बारे में जानकारी लेते हुए रजिस्टरों की जांच की। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अभिषेक सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अस्पताल में बढ़े बुखार के मरीज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिले में बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम बदलने के कारण घर-घर में लोग बीमार हैं। मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। अकेले जिला अस्पताल में रोजाना 350 से अधिक मरीज वायरल बुखार के पहुंच रहे हैं। वहीं निजी अस्पतालों की ओपीडी में भी भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को जिला अस्पताल में लंबी लाइन लगी रही। दोपहर दो बजे तक अस्पताल में भीड़ देखने को मिले। इसमें सबसे ज्यादा मरीज बुखार और एलर्जी के रहे। मौसम का मिजाज हर बदल रहा है। कभी धूप-छांव तो कभी बारिश के चलते लोगों की सेहत पर असर पड़ रहा है। वायरल की चपेट में लोग आ रहे हैं।

## लाईट जलाने के विवाद में मां-बेटों पर हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को दबंगों ने नगर क्षेत्र में चौराहे पर लगी सरकारी लाईट जलाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला दुकानदार और उसके दो पुत्रों पर हमला कर दिया। आरोपियों की पिटाई से महिला बेहोश हो गई, जबकि दोनों पुत्र भी घायल हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर में गांव मऊखेड़ा ज्ञानलोक कालोनी निवासी प्रवेश रानी पत्नी स्व0 ॠषिपाल ने तहरीर देकर बताया कि 27 अगस्त की रात को उनका पुत्र टीटू वशिष्ठ व पवन कुमार के साथ अपनी परचून की दुकान पर थी। आरोप है कि उसी दौरान आरोपी रणजीत उर्फ कालू चौधरी, मोहित चौधरी एवं अन्य कुछ लोग वहां पहुंचे और चौराहे पर लगी सरकारी लाईट चालू करने का आरोप लगाते हुए अभद्रता करने लगे। आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए पीड़िता और उसके दोनों पुत्रों के साथ मारपीट कर दी, जिससे पीड़िता बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी उसके पुत्रों की हत्या कर देने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी बेहद दबंग एवं आपराधिक किस्म के हैं। जिसके चलते उन्हें जानमाल का खतरा बना हुआ है। नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मामूली विवाद में भाईयों से मारपीट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को कोतवाली देहात की नई मंडी क्षेत्र के मोहल्ला हीरापुर में दबंगों ने दो बच्चों को हाथ-पैर बांधकर पीटा। जिसका विरोध करने पर दलित दो सगे भाईयों पर हमला कर दिया। आरोप है कि सड़क पर मारपीट करने के बाद आरोपियों ने घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला कर दोनों भाईयों को घायल कर दिया। देहात पुलिस ने चार नामजद और सात-आठ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## 11 केंद्रों पर होगी मक्का व बाजरा खरीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** खाद्य एवं विपणन विभाग ने मक्का व बाजरा खरीद के जिले में 11 केंद्र बना दिए हैं। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। क्रय केंद्रों पर डिप्टी एआरएमओ ने सभी केंद्र प्रभारियों को नियमानुसार मक्का व बाजरा खरीदने के निर्देश दिए हैं। डीएम के आदेश पर यह क्रय केंद्र बने हैं। मक्का व बाजारा बेचने के निए किसानों को विभाग के पोर्टल पर पहले अपना पंजीकरण कराना होगा। केंद्रों पर लाप. रवाही मिलने पर अफसरों ने कार्यवाही की बात कही है। सरकारी खजाने में गेहूं से लेकर धान, मक्का एवं बाजारा भरने के लिए प्रत्येक वर्ष शासन द्वारा खरीद कराई जाती है। जिले में इस समय मक्का एवं बाजरे की खरीद के लिए शासन ने आदेश दिए हैं। जिसके बाद विभाग ने खरीद के लिए तैयारियां शुरू कर दी थीं। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मक्का की सरकारी खरीद को स्याना, बुलंदशहर, जहांगीराबाद, शिकारपुर व डिबाई में क्रय केंद्र बना दिए गए हैं। किसानों को 2,225 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद का भुगतान किया जाएगा। मक्का बेचने के लिए किसान विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा जिससे विभाग के पास किसान का डाटा रहे। इसके अलावा बाजरा की खरीद की सरक. ारी खरीद के लिए खुर्जा, स्याना, जहांगीराबाद, डिबाई, शिकारपुर व गुलावठी में केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि किसान किसी भी कैफे या सहज जनसेवा केंद्रों पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें खसरा व खतौनी, बैंक डिटेल व आधार की जानक. ारी देनी होगी। क्रय केंद्रों पर जल्द ही खरीद शुरू हो जाएगी और अग्रिम आदेशों तक इन्हें संचालित किया जाएगा।

# संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को देश की नवरत्न कंपनी बीईएल ने दी नौकरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** संस्कृति विश्व. विद्यालय के इंजीनियरिंग और एमबीए के विद्यार्थियों को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय से जुड़ी नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रिक लि.(बीईएल) ने अपने यहां नौकरी के लिए चयनित किया है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान हुए विद्यार्थियों के इस चयन पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है।

कैंपस प्लेसमेंट के लिए संस्कृति विवि में कंपनी से आए एचआर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी है। यह कंपनी रक्षा और नागरिक उपयोग के लिए उन्नत इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद और सिस्टम बनाती है, जैसे रडार, नौसेना और संचार प्रणाली, और अंतरिक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स। बीईएल की स्थापना 1954 में हुई थी और इसका मुख्यालय बैंगलोर में है। बीईएल आंतरिक अनुसंधान और विकास के साथ-साथ निजी उद्योगों के साथ आउटसोर्सिंग और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देती है।

## दाऊ दादा का मनाया जन्मोत्सव

**कोसीकलां।** बल्देवगंज स्थित ठाकुर श्री दाऊजी मंदिर में बलदेव छठ महोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत कर ठाकुरजी का गुड़गान किया। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर ठाकुरजी के उदघोषों से गुंजायमान हो गया। बल्देवगंज स्थित ठाकुर श्री दाऊजी मंदिर में दाऊजी दादा का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रांगण को देष, विदेषी फूलों एवं रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। मंदिर में चल रहे रंग विरंगे फब्बारे प्रमुख आकृषक का केन्द्र रहे। इस अवसर पर प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियों द्वारा संकीर्तन का आयोजन किया।

# भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती कार्यक्रम हर्षोल्लास धूमधाम से सम्पन्न हुई

**मथुरा।** भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ सोख रोड स्थित मनोज गार्डन में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्री दास प्रजापति राष्ट्रीय महासचिव, जितेंद्र प्रजापति अध्यक्ष आगरा मंडल रहे, जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय डॉ. लोकेश प्रजापति (पूर्व उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार) रहे। उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि दृप्रजापति समाज सृजन और श्रमशीलता का प्रतीक है। समाज के युवाओं को शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय तथा रोजगार के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। एकजुट होकर हम समाज की प्रगति और सम्मान का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रजापति



महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार प्रजापति ने की। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज हमें अपने इतिहास और परंपरा पर गर्व करते हुए नई पीढ़ी को संगठित और शिक्षित बनाना होगा। समाज का उत्थान तभी संभव है जब हम सब मिलकर एक-दूसरे का सहयोग करें। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने भगवान दक्ष प्रजापति के जीवन, आदर्शों और समाज सुधार में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, समाज सुधार संबंधी विचार गोष्ठी तथा नारी-शिक्षा और युवा उत्थान पर विशेष चर्चा आयोजित की गई। दूर दराज प्रांतो जिले से आए विशिष्ट अतिथि के रूप में शियोनाथ सिंह प्रजापति, जय भगवान प्रजापति, सुरेश कुमार प्रजापति, श्रीमती रजनी कांता देवी,अंजू प्रजापति,अंजू प्रजा. पति,श्री मती मालती देवी, विजेंद्र सिंह गोला, नंदराम प्रजापति, बत्ती लाल फुलवाड़ा, राम अंजोर, प्रताप सिंह दद्दा, शरद प्रजापति,पप्पू लाल गोला, चिरंजी गोला,गिर्राज प्रसाद गोला, सुरेंद्र प्रजापति, रामवीर प्रजापति, अशोक गोला,ललित प्रजापति, राजव. ीर प्रजापति, चिरंजी लाल वर्मा, विजेंद प्रजापति,रामकिशन गोला, सूबेदार उदय सिंह, किशन कुमार प्रजापति, चुन्नी लाल,सोनी प्रजापति,विनोद प्रजापति,दिनेश कुमार प्रजा. पति,मथुरा प्रसाद गोला,मथुरा प्रसाद गोला, संजय प्रजापति, इंजीनियर धर्मेंद्र प्रताप प्रजा. पति, दिगंबर प्रजापति, नंदकिशोर प्रजापति, श्री गुरुदास प्रजापति, डॉ जयवीर सिंह गोला, काली चरन गोला, मनोज प्रजापति,का दुपट्टा बांके बिहारी जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मान स्वागत किया कार्यक्रम में दूर-दराज से आए समाजबंधुओं ने भारी उत्साह दिखाया और संगठन की एकता एवं मजबूती का संदेश दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगी राम प्रजापति, भानु प्रताप गोला, लव कुश गोला, सूरज भान गोला, हरि सिंह गोला,विष्णु दत्त गोला, नरेंद्र गोला,अशोक गोल, अनिल

# पूण्यतिथि पर याद किए गए शंकराचार्य निरंजन देव



**मथुरा।** गोवर्धन स्थित श्री आद्य शंकराचार्य आश्रम में गोवर्धन पुरी पीठ के ब्रह्मलीन 144वें शंकराचार्य स्वामी निरंजन देवतीर्थ की पुण्यतिथि पर पांच दिवसीय भव्य अनुष्ठान का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम 23 अगस्त से प्रारंभ होकर 27 अगस्त तक चला। प्रथम दिन असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा की धर्मपत्नी एवं प्राइड ईस्ट इंटरटेनमेंट की प्रबंध निदेशक रिनिकी भुइंया उपस्थित रहीं। वहीं समापन में अरुणाचल के गृह मंत्री मामा नातुंग उपस्थित रहे। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अजीत सिंह, समा. जसेवी किशोर जयंत माधव, डिब्रूगढ के डिप्टी मेयर उज्जवल फूकन, मुनीन्द्रत पटवारी गुवाहाटी, डोगरा समाज ट्रस्ट की संरक्षक निधी डोगरा सहित देशभर से आए श्रद्धालुओं ने परमाचार्य को श्रद्धांजली अर्पित की।कार्यक्रम में भारी संख्या में साधु-संत, विद्वतगण एवं दण्डी स्वामी भी शामिल रहे। स्वामी निरंजन देवतीर्थ भाद्रपद शुक्लपक्ष प्रतिपदा के दिन वर्ष 1996 में ब्रम्हलीन हुए थे। आश्रम के आचार्यों ने इस दौरान लिंगतोभद्र, नवग्रह, दशदिग्पाल आदि स्थापित कर देवमंडल का पूजन, भगवान चंद्रमौलेश्वर का अभिषेक पूजन एवं राजराजेश्वरी का विशेषार्चन संपन्न कराया। इस अवसर पर गोवर्धन पुरी पीठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने स्वामी निरंजन देवतीर्थ को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का सशक्त प्रचारक और उपदेशक बताया। उन्होंने कहा कि सनातन संन्यास परंपरा को जीवंत बनाने में स्वामी निरंजन देवतीर्थ का योगदान अतुलनीय है। शंक. राचार्य ने कहा कि स्वामी निरंजन देवतीर्थ के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। जगद्‌गुरु अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने कहा कि ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी निरंजन देवतीर्थ ने भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर गाय, गंगा और गीता के संरक्षण और संवर्धन को लेकर आजीवन संघर्ष किया। गौहत्या के खिलाफ 1966-67 में तत्कालीन केंद्र सरकार के विरुद्ध उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली में 72 दिन का अनशन भी किया था।

# योगीराज के अवतार लेते ही धान्य हुई ब्रज भूमि: कथा व्यास

dklhdykA सनातन धर्म मे भागवत कथा सुनने से कष्ट मुक्त हो जाते है। पाप का संहार करने और पृथ्वी वासियों को सही व गलत की पहचान कराने तथा एकजुटता के साथ हर संकट को झेलने व लडने की शीक्षा देने के लिये ठाकुरजी ने इस धरती पर जन्म लिया। उनके जन्म के बाद जहां सारे पृथ्वी पर तेज आंधी, तूफान और जमुना का जल स्तर चरम पर था, वहीं यह धरती मां भी द्वापर युग में प्रभू के चरण पडने पर स्वयं को धन्य मान रही थी। उक्त उदगार हरदेवगंज में शुक्रवार 29 अगस्त से प्रारम्भ हुई श्रीमद् भागवत कथा के अवसर कथा व्या ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस धरती पर जब जब पाप बढता है तो किसी न किसी रूप में साक्षात ठाकुरजी का जन्म होता है। इससे पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा हरदेव गंज, घंटाघर, सब्जी मंडी, मुख्य बाजार, खरोटगेट, बल्देवगंज होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची, जहां कथा व्यास ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को कथा का अमृत पान कराया। कलश यात्रा का नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर जोशीला स्वागत किया। कलश यात्रा में महिलाए अपने सिर पर मंगल कलश एवं बच्चे तथा बुजुर्ग अपने हाथों में धर्म पताका लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा में माया, माधुरी, रंजना, पायल, नेहा, सुमित पालीवाल, मुक्खी सिंह, चेत. राम, चुन्नी, रामकुमार, धर्मेन्द्र, कुलदीप, खजान, टीटू, कृष्ण गोपालबाग, देवेन्द्र बंसल, कुलदीप जैन, गौरव अग्रवाल, आदि लोग उपस्थित थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डोना को हराकर गॉफ तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** गत चैंपियन कोको गॉफ ने क्रोएशिया की डोना वेकिच को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में अमेरिकी दिग्गज गॉफ ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी और फिर लय में आकर क्रोएशिया की डोना वेकिच को 7-6(5), 6-2 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। गॉफ का अगला मुक. ाबला 28वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्डेलेना फेच से होगा। मैच के बाद गॉफ ने कहा कि सच कहूं तो, आज का मैच मेरे लिए कठिन था, लेकिन मैं इस बात से खुश हूं कि मैं इससे निपट पाई। पिछले कुछ हफ्ते बेहद मुश्किल रहे हैं।

### चोटिल क्रेग एर्विन श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से हुए बाहर

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग एर्विन पिंडली की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

आज से शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला के लिए सीन विलियम्स जिम्बाब्वे टीम की कप्तानी करेंगे। जिम्बाब्वे ने अभी तक किसी एर्विन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मैच की पूर्व संध्या पर एर्विन को अपनी बाईं पिंडली में ग्रेड 2 की चोट के साथ-साथ अपनी दाहिनी पिंडली में ग्रेड 1 की चोट का सामना करना पड़ा। गुरुवार को हुए एमआरआई स्कैन से उनकी चोट की पुष्टि हुई। जिम्बाब्वे और श्रीलंका को 29 अगस्त से सात सितंबर तक दो एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने हैं। सभी पांच मैच हरारे में खेले जाएंगे।

● डायमंड लीग फाइनल में

# दूसरे स्थान पर रहे नीरज

● **डायमंड लीग फाइनल के पुरुषों की भालाफेंक प्रतियोगिता में नीरज ने 81.01 मी. थ्रो से भाला फेंका**

**स्वीट्ज़रलैंड, वार्ता।** डायमंड लीग फाइनल 2025 के पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत के नीरज चोपड़ा ने 85.01 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91-51 मीटर का थ्रो कर खिताब अपने नाम किया।

लेट्ज़ग्रिंड स्टेडियम में हुए मुकाबले में भारत के नीरज चोपड़ा ने प्रतियोगिता की शुरुआत अच्छी की थी और पहले प्रयास में 84.35 मीटर फेंका। हालांकि



बीच के तीन प्रयासों में लगातार फाउल के कारण वे पीछे रह गए। पांचवां थ्रो भी नाकाम रहा, लेकिन नीरज ने छठे और अंतिम प्रयास में शानदार वापसी करते हुए 85.01 मीटर की दूरी दर्ज की और दूसरे स्थान पर रहे। यह थ्रो उन्हें केशोर्न वॉलकॉट से आगे ले गया, जिन्होंने 84.95 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी वेबर ने अपने दूसरे प्रयास में 91.51 मीटर का थ्रो फेंका। इस दूरी अन्य कोई एथलीट पार नहीं कर पाया और वेबर ने नया निजी सर्वश्रेष्ठ और वर्ल्ड लीड दर्ज करते हुए खिताब जीता। प्रतियोगिता में अन्य दावेदारों में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के साथ चौथे, केन्या के जूलियस येगो 82.01 मीटर के साथ पांचवें, मोल्दोवा के आंद्रियन मार्डारे 81.81 मीटर के साथ छठे और स्विट्ज़रलैंड के साइमन वीलैंड 81-29 मीटर (पर्सनल बेस्ट) के साथ सातवें स्थान पर रहे।

## अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप में एशियाई चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण पदक



● **52 स्वर्ण, 36 रजत और 25 कांस्य पदकों के साथ भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा**

**शिमकेंट, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 चांग. वोन विश्व चैम्पियन अंकुर मित्तल ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप के दौरान डबल ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतते हुए नया एशियाई चैम्पियनशिप रिकॉर्ड बनाया।

कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही इस प्रतियोगिता में अंकुर की इस जीत के साथ भारत का कुल पदक आंकड़ा 103 तक पहुंच गया। 52 स्वर्ण, 26 रजत और 25 कांस्य पदकों के साथ यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। अंकुर मित्तल ने भानु प्रताप सिंह और हर्षवर्धन काविया के साथ मिलकर डबल ट्रैप टीम स्पर्धा में टीम कांस्य भी जीता। अंकुर ने चार राउंड (प्रत्येक में 30 शॉट्स) में 26, 28, 26 और 27 अंक हासिल करते हुए कुल 107 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाकिस्तान के स्थानीय शूटर आर्टिओम चिकुलायेव ने 98 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि कुवैत के अहमद अलअफ़ासी ने 96 2 के साथ शूट-ऑफ में कांस्य पदक हासिल किया। डबल ट्रैप जूनियर वर्ग में हतीम खान मोहम्मद ने 89 हिट्स के साथ रजत पदक और मानवराजसिंह चुडासमा ने 87 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। दोनों ने विनय प्रताप सिंह चंद्रावत (81) के साथ मिलकर इस इवेंट का टीम स्वर्ण भी जीता।

डबल ट्रैप महिला वर्ग में भारत ने पोडियम क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य अपने नाम किए। अनुश्का सिंह भाटी (93) ने स्वर्ण, राज. कुंवर प्रनिल इंगले (89) ने रजत और यशाया हाफिज कॉन्ट्रैक्टर (87) ने कांस्य पदक जीता। इस तिकड़ी ने टीम स्वर्ण भी अपने नाम किया। महिला जूनियर वर्ग में अवनी अलंकार कोली ने 77 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। अवनी ने कृषिका जोशी और स्मिता सावंत (दोनों 61 हिट्स) के साथ मिलकर टीम रजत भी जीता। 50 मीटर राइफल प्रोन महिला वर्ग में मनीनी कौशिक ने 617-8 स्कोर के साथ भारत के लिए कांस्य पदक जीता। मनीनी ने सुरभि भारद्वाज (614-4) और विदर्शा के-विनोद (613-8) के साथ मिलकर टीम रजत भी जीता। जूनियर वर्ग में प्राची गायकवाड़ ने 616-6 स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। प्राची ने अनुशका ठोकुर (607-6) और तेजल नाथावत (599-2) के साथ मिलकर टीम कांस्य पदक भी जीता।

25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल पुरुष वर्ग में, रजकंवर सिंह ने प्रिसीजन राउंड में 289 और रैपिड राउंड में 294 के स्कोर के साथ कुल 583-22ग बनाकर स्वर्ण पदक जीता।

## मोदी, मांडविया ने ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि



● **खेल दिवस के विशेष अवसर पर हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी: मोदी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस विशेष अवसर पर, हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पिछले एक दशक में, भारत के खेल परिदृश्य में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। युवा प्रतिभाओं को निखारने वाले जमीनी स्तर के कार्यक्रमों से लेकर विश्वस्तरीय सुविधाओं के निर्माण तक, हम अपने देश में एक जीवंत खेल पारिस्थितिकी तंत्र देख रहे हैं। हमारी सरकार एथलीटों का समर्थन करने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और भारत को खेल उत्कृष्टता का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान डा. मांडविया ने दौड़ लगाई, फुटबॉल खेली तथा रस्साकशी आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ मांडविया ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं समस्त देशवा. सियों को राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं। खेल परंपरा भारत में सदियों से विद्यमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज खेल महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आइए आज के दिन को और सार्थक बनाएं - एक घंटा खेल के मैदान में जरूर बिताएं। उन्होंने कहा कि जो खेलेगा, वही खिलेगा।

## घरेलू सीजन से पहले मनदीप सिंह ने त्रिपुरा को छोड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** बल्लेबाज मनदीप सिंह ने टीम के साथ सिर्फ एक सीजन बिताने के बाद 2025-26 घरेलू सीजन से पहले त्रिपुरा छोड़ने का फ़ैसला किया है। मनदीप ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि पिछले सीजन में मुझे खेलने का मौका देने के लिए त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन का शुक्रिया। मैंने वहां अपने समय का बहुत लुत्फ लिया। मैदान के अंदर और बाहर कुछ बेहतरीन यादें बनीं। टीम को आगामी सीजन के लिए शुभकामनाएं। अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। मनदीप ने रणजी ट्रॉफी में छह मैच, विजय हजारे ट्रॉफी में छह मैच और सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी में 2024-25 सीजन के दौरान सात मैच खेले थे। त्रिपुरा सभी टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया लेकिन मनदीप ने अच्छा प्रदर्शन किया। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने नाबाद 124 रन बनाए और पांच अर्द्धशतक लगाए।

### ओडिशा डीजीपी ने 41 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**भुवनेश्वर, वार्ता।** ओडिशा के पुलिस महानिद. शक (डीजीपी) योगेश बहादुर खुरानिया ने शुक्रवार को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर ओडिशा पुलिस के 41 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यहां आरके पाढ़ी मेमो. रियल हॉल में आयोजित समारोह में डीजीपी खुरानिया ने खिलाड़ियों की असाधारण प्रतिभा और उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियों ने हाल के वर्षों में देश भर में ओडिशा पुलिस की प्रतिष्ठा को बढ़ाया।

## चीन में आयोजित बेल्ट एंड रोड यूथ बॉक्सिंग गाला में 14 भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश किया

**झिंजियांग, वार्ता।** चीन के झिंजियांग में आयोजित तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतर्राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिंग गाला - अंडर-17/अंडर-19/अंडर-23 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट में चौदह भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने अपने-अपने फाइनल में प्रवेश किया, जिससे महाद्वीपीय आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में उनके शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। कजाकिस्तान, ईरान, कोरिया, उज्बेकिस्तान, फिलीपींस और चीन के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए, 10 लड़कियों और 4 लड़कों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे भारत के लिए कई रजत पदक और स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल संभावना सुनिश्चित हुई। भारत ने 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है, जिसे 12 कोच, 5 सहायक कर्मचारी और 1 रेफरी एवं जज का समर्थन प्राप्त है। इस संस्करण में केवल अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया था।

# सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में

● **पीवी सिंधु ने महिला एकल में व ध्रुव और तनिषा ने मिश्रित युगल में खेलकर अगले दौर में जगह बनाई**

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने छठी वरीयता प्राप्त चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

राउंड-ऑफ-16 में चीनी जोड़ी का सामना करते हुए,



सात्विक-चिराग ने गुरूवार को शुरुआती गेम 19-21 से मामूली अंतर से गंवा दिया, लेकिन शानदार वापसी करते हुए दूसरे गेम में 21-15 से दबदबा बनाया। निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा, जिसमें कई बार स्कोर बराबर रहा, लेकिन सात्विक-चिराग ने 1 घंटे 6 मिनट में 21-17 से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## फिट हसरंगा श्रीलंका की एशिया कप टीम में शामिल

● **हसरंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए दुशन हेमंता की जगह टीम में शामिल किया गया**

**कोलंबो, वार्ता।** लेग स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को एशिया कप के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम में चुना गया है। हसरंगा को बांग्लादेश के खिलाफ पिछली सीरीज़ के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर रखा गया था, लेकिन उम्मीद है कि वह यूएई में होने वाली प्रतियोगिता के लिए फिट हो जाएंगे।

हसारंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित टीम में दुशन हेमंता की जगह शामिल किया गया है, जबकि अनकैप्ड बल्लेबाज विशेन हालम्बेग को टीम से बाहर रखा गया है। हसरंगा की वापसी का मतलब है कि एशिया कप के लिए जाने वाली टीम में चार बदलाव हुए हैं, जिसमें अविष्का फर्नांडो, दिनेश चांडीमल, जेफरी वेंडरसे और ईशान मलिंगा शामिल नहीं हैं।


**पंजाब नैशनल बैंक** .......भरोसे का प्रतीक | pnb | **punjab national bank** ...the name you can BANK upon! (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

सैम शाखा दिल्ली, चौथी मंजिल, 7 भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली
ईमेल Email: zs8343@pnb.co.in

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस,**

आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित ऋणदाता को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा लिया गया है, जिसे **''जैसा है जहां है'' के आधार पर, ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर नीचे तालिका में उल्लिखित तिथि पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में बताया गया है। इसका बकाया संबंधित उधारकर्ता (ओं) और आधार गारंटर (ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार को देय है।आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित होगी।

**सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं | शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गांटरर्स खाते का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम संपत्ति का गिरवीकर्ता (आईआरएस), | (ए) सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस की तारीख (बी) बकाया राशि........ (सी) सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा तिथि (डी) कब्जे की प्रकृति (प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक) | (ए) आरक्षित मूल्य (बी) ईएमडी (सी) बोली वृद्धि राशि | तारीख/ का समय ई-नीलामी | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण | प्राधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **पंजाब नेशनल बैंक, तनावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा, दिल्ली** / **अटारसन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड** / 1. **मेसर्स अटारसन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड** (पूर्व में मेसर्स श्री बालाजी रोहिलखंड राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) सी-67, वैभव, सनसिटी विस्तार, बरेली 243001 **इसके अलावा:** सी-1, औद्योगिक क्षेत्र, ग्रोथ केंद्र, ग्राम जमौर, तहसील एवं जिला शाहजहांपुर- 242226 2. श्री रचिन गुप्ता, पुत्र नरेश चंद्र गुप्ता **(निदेशक एवं गारंटर)** डी-35, रॉयल सनसिटी विस्तार, बरेली- 243001, **इसके अलावा:** सी-67, वैभव, सनसिटी विस्तार, बरेली -243001 3. श्रीमती सीमा गुप्ता, पत्नी श्री सुनील कुमार गुप्ता **(निदेशक एवं गारंटर)** सी-67, वैभव, सनसिटी विस्तार, बरेली-243001 4. श्री सुनील कुमार गुप्ता, पुत्र श्री राम निवास गुप्ता **(गारंटर)** डी-35, रॉयल सनसिटी विस्तार, बरेली -243001 5. मेसर्स बालाजी फूडग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड **(गारंटर)** डी-35, रॉयल सनसिटी विस्तार, बरेली -243001 | प्लॉट नंबर-एच-3, एच-4, ई-14, ई-15 और ई-16 औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेंटर, ग्राम जमौर, तहसील एवं जिला शाहजहाँपुर में स्थित लीज होल्ड संपत्ति का समतुल्य बंधक मेसर्स श्री बालाजी रोहिलखंड राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम निदेशकों श्री रचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चंद्र गुप्ता के माध्यम से, क्षेत्रफल 6600 वर्ग मीटर। सीमा:- उत्तर - प्लॉट नंबर एच-2, दक्षिण - प्लॉट नंबर एच-5, पूर्व - सड़क 24.00 मीटर चौड़ी, पश्चिम - सडक 18.00 मीटर | ए) पीएनबी (ई-ओबीसी) - 04.02.2019 पीएनबी - 10.06.2019 / बी) ई-ओबीसी - रु. 45,09,48,004.60 + ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.02.2019 से प्रभावी पीएनबी - रु. 25,59,80,814.49 + ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.06.2019 से प्रभावी / सी) 25.04.2019 / डी) भौतिक कब्जा | ए)रू. 3.52 करोड़ बी)रू.0.352 करोड़ सी)रू.1,00,000/- | **25.09.2025** प्रात: 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मो0. 9717133327 |
| 2. | **लॉट नं. 1 के समान** | प्लॉट नंबर एच-86, एच-87, एच-88 और एच-100, एच-101, एच-102 और एच-103 औद्योगिक क्षेत्र, ग्रोथ सेंटर शाहजहांपुर, जिला शाहजहांपुर में स्थित लीज होल्ड संपत्ति का समतुल्य बंधक, मेसर्स श्री बालाजी रोहिलखंड राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर, क्षेत्रफल 8600 वर्ग मीटर, सीमा पूर्व-12 मीटर चौड़ी रोड नंबर 21, पश्चिम - 24 मीटर चौड़ी रोड नंबर 01, उत्तर - 24 मीटर चौड़ी रोड नंबर 16, दक्षिण - प्लॉट नंबर एफ-89 और एफ-104। | **लॉट नं. 1 के समान** | ए)रू. 3.60 करोड़ बी)रू.0.36 करोड़ सी)रू.1,00,000/- | **25.09.2025** प्रात: 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मो0. 9717133327 |
| 3. | **लॉट नं. 1 के समान** | गाटा नंबर 288 और 289 रसकूपा बहादुरपुर परगना-कांठ, फरुखाबाद रोड, तहसील और जिला शाहजहांपुर के भाग में स्थित संपत्ति का समतुल्य बंधक, मेसर्स बाला जी फूड ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड, क्षेत्रफल 3225.77 वर्ग मीटर, उत्तर में सीमा- साहिद का प्लॉट, दक्षिण में - अनिल गुप्ता और पवन का प्लॉट गुप्ता, पूर्व में - रामबेटी का प्लॉट, पश्चिम में - फरुखाबाद रोड। | **लॉट नं. 1 के समान** | ए)रू. 1.82 करोड़ बी)रू.0.182 करोड़ सी)रू.50,000/- | **25.09.2025** प्रात: 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मो0. 9717133327 |
| 4. | **लॉट नं. 1 के समान** | खसरा नबर 36 और 37 के 1/3 भाग, ग्राम-फतेहपुर, परगना+ तहसील-बरेली में स्थित संपत्ति का समतुल्य बंधक, श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम निवास गुप्ता के नाम पर, क्षेत्रफल 10360.00 वर्ग मीटर खसरा नंबर 36 की सीमाएँ: पूर्व में सीमा- भूपेंद्र सिंह व अन्य का खेत, पश्चिम में - चंद्र पाल सिंह का खेत, उत्तर में - दीप देवेंद्र सिंह का खेत, दक्षिण में - श्रीमती कमला गुप्ता का खेत। खसरा संख्या 37 की सीमाएँ: पूर्व में सीमा - माखन लाल व अन्य का खेत, पश्चिम में - श्रीमती का खेत कमला गुप्ता, उत्तर - विक्रेता का खेत, दक्षिण - लिंक रोड। | ए) पीएनबी (ई-ओबीसी) - 04.02.2019 पीएनबी - 10.06.2019 / बी) ई-ओबीसी - रु. 45,09,48,004.60 + ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.02.2019 से प्रभावी पीएनबी - रु. 25,59,80,814.49 + ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.06.2019 से प्रभावी / सी) 25.04.2019 / डी) सांकेतिक कब्जा | ए)रू. 0.76 करोड़ बी)रू.0.076 करोड़ सी)रू.50,000/- | **25.09.2025** प्रात: 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मो0. 9717133327 |
| | | | **नोट: क्रम संख्या 1 से 3 संपत्ति की भ्रमण की तिथि और समय: 19.09.2025, शाम 4:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक और संपत्ति क्रम संख्या 4 संपत्ति की भ्रमण की तिथि और समय: 20.09.2025, शाम 4:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक** | | | | |

**ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:** बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।
**(1) संपत्तियों को ''जैसा है जहां है के आधार पर'', ''जैसा है जो है के आधार पर'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जा रहा है।** (2) ऊपर दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। (3) सुरक्षित संपत्ति आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेची जाएगी। पहली बोली आरक्षित मूल्य से अधिक किसी भी राशि पर शुरू होनी चाहिए। (4) बिक्री उपरोक्त निर्दिष्ट नीलामी की तारीख और समय पर वेबसाइट https://Baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। (5) अधिक जानकारी और बिक्री के पूर्ण नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://Baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना**

दिनांक: 29.08.2025, स्थान: नई दिल्ली | प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

# सम्पादकीय

शनिवार, 30 अगस्त 2025

## बदजुबानी पर जंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बिहार की राजनीति में उबाल आ गया है। शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में उस समय भिड़ गए, जब पटना स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया नेता सहित 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। ये सभी मांग कर रहे थे कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी पर अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर माफी मांगें। यूं तो राजनीति में विचारधारा व मुद्दों की लड़ाई होती है और उसके लिए बेतुकी तू-तड़ाक की बयानबाजी के लिए कोई जगह नहीं बचती है, लेकिन हो इसके उलट रहा है। बयानबाजी का स्तर राजनीति में लगातार घटता जा रहा है। इस पर सभी को सोच-विचार करना चाहिए। विडंबना यह है कि इस बयानबाजी में कोई भी राजनीतिक दल का नेता पीछे नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यह चलन और अधिक बढ़ गया है और इस पर लगाम लगती दिखाई नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह बिल्कुल सही है कि जिस तरह की तू तड़ाक की भाषा राहुल अपनी वोट अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता। भाषा शालीन होनी चाहिए, लेकिन यह मानने में भी कोई हर्ज नहीं है कि इसकी शुरुआत खुद पीएम मोदी ने की थी। इस तरह के आरोप कांग्रेस व अन्य विपक्षी लगा भी रहे हैं। आखिर इस बात को कौन भूल सकता है कि कांग्रेस की विधवा, 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड, जर्सी गाय, खूनी पंजा, सूर्पणखा की हंसी, दीदी ओ दीदी आदि बातें पीएम मोदी खुद कह चुके हैं। इस बीच प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के आरोपी युवक को गिरफ्तार भी किया गया। दरभंगा पुलिस ने भोपुरा गांव निवासी अनीस कुरैशी के पुत्र मो. रिजवी को गिरफ्तार किया है। अन्य गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। यह देखना भी बेहद दुखद है कि राहुल की टिप्पणी के बीच ही तृणमूल कांग्रेस सांसद मऊआ मोइत्रा का बयान भी शुक्रवार को सामने आया। जिसमें उन्होंने नादिया जिले में घुसपैठ पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। उनके इस बयान को लेकर बखेड़ा हो गया है। अपनी एक पोस्ट शेयर करते हुए तृणमूल नेता ने कहा है कि उनका देश के गृहमंत्री अमित शाह से साफ सवाल है कि वह बार-बार कहे जा रहे हैं घुसपैठिया, घुसपैठिया...। हमारा जो बोर्डर है उसकी रखवाली जो एजेंसी कर रही है वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आती है। उन्होंने पोस्ट में 15 अगस्त को लालकिले से दिए बयान का हवाला दिया जिसमें कहा कि घुसपैठ हो रही है और उसकी वजह से डेमाग्राफिक चेंज हुए, तो उसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की ही तो बनती है। उनके अनुसार अगर गृह मंत्री भारतीय सीमाओं की रक्षा नहीं कर सकते और खुद पीएम बोल रहे हैं कि बाहर से आकर लोग हमारी मां-बहनों पर नजर डाल रहे हैं, हमारी जमीन छीन रहे हैं, तो फिर यह गलती किसकी है।

### महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है संघ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर पूछना चाहते हैं कि संघ भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है, सभी की अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं, 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत है, जबकि हिंद. ओं की वृद्धि दर लगभग 80 प्रतिशत है। और संघ प्रमुख कह रहे हैं, ठीक है, तीन बच्चे पैदा करो, आप कौन होते हैं, लोगों के पारिवारिक जीवन में दखल देने वाले, आप भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहते हैं, जिनकी जिंदगी की अपनी अलग प्राथमिकताएं हो सकती हैं, यह आरएसएस का दोहरा चरित्र है, संघ समर्थित संगठन ही मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाता है।

-असदुद्दीन ओवैसी, प्रमुख, एआईएमआईएम

# असली यानि जैविक पिता का सवाल



आपको कैसा लगेगा यदि अचानक आपको पता चले कि आप जिस व्यक्ति को अपना पिता मानते आए हैं, वह जैविक रूप से आपका पिता नहीं है। छोटे समय की बात छोड़िए, लेकिन यदि आपको अपनी कई पीढ़ियों की वंशावली में यह देखने को मिले कि उसमें किसी पीढ़ी में किसी संतान का पिता वह नहीं था, जिसे सामाजिक या कानूनी रूप से पिता माना गया था। इसी के साथ यह बात भी जुड़ जाती है कि कोई भाई-भाई, बहन-बहन या भाई-बहन वास्तव में सहोदर हैं या नहीं।

पितृत्व (जैविक तथा सामाजिक) का यह सवाल कई संस्कृतियों-समाजों में बहुत अहमियत रखता है। तो बेल्जियम स्थित केयू ल्यूवेन विश्वविद्यालय के जेनेटिक विज्ञानी मार्टेन लारमूसौ Maarten Larmuseau ने इस विषय की जांच-पड़ताल करने का विचार किया। सवाल था, कितने मामलों में महिला उन पुरुषों के साथ बच्चे पैदा करती हैं, जिनकी वे संगिनी नहीं हैं?

अधिकांश समाजों में सहोदर सम्बंध काफी हद तक सामाजिक रूप से निर्मित होते हैं। इनमें दत्तक संतान या सौतेले परिवार भी शामिल होते हैं। लेकिन जैविक पिता के सवाल सहस्राब्दियों से परिवारों को तहस-नहस करते रहे हैं और सांस्कृतिक चिंताओं का कारण बनते रहे हैं। पारिवारिक-सामाजिक मुद्दों के अलावा बच्चे के जैविक पिता के बारे में जानना कभी-कभी अपराध विज्ञान या चिकित्सा दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह संभव है कि किसी बच्चे के पिता को लेकर संशय महिला द्वारा इरादतन किसी अन्य पुरुष से सम्बंध का परिणाम हो, लेकिन इस संदर्भ में यौन हिंसा अथवा दबाव के तहत यौन सम्बंधों को भी नकारा नहीं जा सकता। कभी-कभी ऐसा भी देखा गया है कि कानूनी पिता को मालूम होता है कि वह जैविक पिता नहीं है। ऐसे सारे प्रकरणों के लिए लारमूसौ जिस शब्द का इस्तेमाल करते हैं, वह है दंपति-इतर पितृत्व इसमें वे दत्तक अथवा विवाहेतर जन्मों को शामिल नहीं करते हैं, जहां पिता की जैविक पहचान ज्ञात होती है। उन्होंने यह जानने के लिए एक तकनीक विकसित की है कि दंपति-इतर पितृत्व कितना सामान्य है। सामाजिक रूप से संवेदनशील होने के कारण आम तौर पर जीव वैज्ञानिक मनुष्यों के संदर्भ में इस विषय को टाल देते हैं, हालांकि पशु-पक्षियों में यह अनुसंधान का एक प्रमुख विषय रहा है। तो लारमूसौ ने क्या विधि अपनाई थी दंपति-इतर पितृत्व के आकलन के लिए? इस खोजबीन का एक मजेदार अध्याय मशहूर पाश्चात्य संगीतकार बीथोवन से जुड़ गया था।

दरअसल, पीएचडी छात्र के रूप में लारमूसौ ने बाल्टिक और भूमध्यसागर में पाई जाने वाली एक मछली प्रजाति पर शोध किया था। सैण्ड गोबी, गोबी के नर संतानोत्पत्ति में काफी योगदान देते हैं। वे घोंसला बनाते हैं और निषेचित अंडों की देखभाल करते हैं। दूसरी ओर, मादा तो अंडे देकर निकल जाती है। हां, यह जरूर है कि नर गोबी कभी-कभार अन्य नरों द्वारा बनाए गए घोसलों में घुसकर अंडों को निषेचित करके नौ-दो-ग्यारह हो जाता है। नतीजतन उस घोंसले का निर्माता नर किसी अन्य की संतानों की परवरिश करता है। इसके चलते सैण्ड गोबी दंपति-इतर पितृत्व के अध्ययन के लिए उम्दा जंतु माना जाता है।

एक अपराध विज्ञान प्रयोगशाला में काम करते हुए लारमूसौ के मन में विचार आया कि मनुष्यों में इसी तरह का व्यवहार हो तो उसके चलते डीएनए विश्लेषण की मदद से लाशों की पहचान तथा अपराधों के अन्वेषण में मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। लेकिन उस विषय में बात करना बहुत कठिन था। पशु-पक्षियों के बारे में तो दंपति-इतर पितृत्व को लेकर काफी साहित्य उपलब्ध है, लेकिन इन्सानों के बारे में हम ज्यादा नहीं जानते।

प्रामाणिक आंकड़ों के अभाव में वैज्ञानिक अटकलों का सहारा लेते थे। जैसे जीव वैज्ञानिक जेरेड डायमंड ने अपनी पुस्तक दी थर्ड चिम्पैंजी: दी इवॉल्यूशन एंड फ्यूचर ऑफ ह्यूमैन एनिमल में दावा किया था कि इन्सानों में सामाजिक रूप से मान्य सम्बंधों के बाहर यौन सम्बंध लगभग 5 से 30 प्रतिशत होते हैं। इसी प्रकार से, रीडिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक मार्क पेजल ने कहा था कि जन्म के समय मानव शिशुओं के बीच भेद करने में मुश्किल जैव विकास के दौरान विकसित हुई है ताकि उनकी वास्तविक वल्दियत उजागर न हो।

अंतत: एक आम सहमति उभरी जो मूलत: जेनेटिक पितृत्व निर्धारण के शुरुआती प्रयासों पर आधारित थी। दी लैंसेट में प्रकाशित एक लेख में सैली मैकिन्टायर और एनी सूमैन ने बताया था कि लगभग 10 प्रतिशत बच्चे विवाहेतर सम्बंधों के परिणाम होते हैं। हालांकि इस आंकड़े के सत्यापन अथवा खंडन के लिए ठोस आंकड़े नहीं थे लेकिन पत्रकार और शोधकर्ता इसे बार-बार दोहराते रहे और यह स्थापित तथ्य बन गया, लेकिन यदि 10 प्रतिशत विवाहेतर संतानों का आंकड़ा सही है, तो कई वंशावलियां बेकार हो जाएंगी। रोचक बात यह रही कि स्वयं लारमूसौ के पर-काका अपने परिवार का इतिहास जानने को उत्सुक थे लेकिन 10 प्रतिशत की बात सुनकर उनका उत्साह जाता रहा था। अलबत्ता, लारमूसौ लगे रहे। पहले उन्होंने अपने ही परिवार का इतिहास खंगाला। अंततः उन्होंने अपनी सोलह से अधिक पीढ़ियों के हजारों पूर्वजों का एक चार्ट बना लिया। वे सोचने लगे कि कहीं जेरेड डायमंड और अन्य शोधकर्ता सही तो नहीं हैं? और इनमें से कितने सामाजिक व कानूनी पूर्वज उनके जैविक पूर्वज भी हैं। इस संदर्भ में मौजूदा प्रमाण विवादास्पद हैं। पितृत्व जांच पर आधारित अनुमान पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हैं, क्योंकि जो लोग पैसा खर्च करके ऐसे परीक्षण करवाते हैं, उनके मन में पहले से ही दंपति-इतर संतान होने की शंका रहती है। अस्थि मज्जा दानदाताओं के सैम्पल्स तथा अन्य स्रोतों से पता चलता था कि आधुनिक आबादियों में दंपति-इतर संतानोत्पत्ति की दर कम है, लेकिन वह शायद यौन-सम्बंधों को लेकर व्यवहार में परिवर्तन की वजह से नहीं बल्कि आधुनिक गर्भनिरोधकों की उपलब्धता के कारण भी हो सकता है और सड़क चलते लोगों से उनके यौन व्यवहार के बारे में पूछना 'आ बैल सींग मार' जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। यानी वर्तमान का अध्ययन करना कठिन है और लारमूसौ ने अतीत का रुख किया।

उन्होंने 2009 में स्थानीय स्तर पर 1400 के दशक से शुरू करके वंशावलियां एकत्रित कीं। इसमें उन्हें बेल्जियन व डच वंशावली तथा विरासत को लेकर उत्साहित लोगों की मदद मिली। फिर उन्होंने स्वतंत्र रूप से इन वंशावलियों का सत्यापन किया। जब शौकिया लोगों के पास जानकारी नहीं थी, तो उन्होंने जनगणना के आर्काइव्स को खंगाला और फ्लेमिश व डच गिरजाघरों में विवाह तथा बप्तिस्मा के रिकॉर्डों को खंगाला। पुराने दस्तावेजों से शुरू करके लारमूसौ ने आज जीवित ऐसे हजारों पुरुषों को ढूंढ निकाला जो वंशावली रिकॉर्ड के मुताबिक अपने पिता की ओर से दूर के रिश्तेदार होना चाहिए। अगला कदम यह था कि उनके डीएनए प्राप्त करके इस अधिकारिक विरासत की जांच की जाए। इसके लिए जरूरी था कि उन व्यक्तियों से संपर्क हो पाए। इस काम में स्थानीय इतिहास समितियों ने उनकी मदद की। कई बार तो ऐसा भी हुआ कि लारमूसौ ने उन व्यक्तियों को फोन कर दिया या सीधे उनके घर का दरवाजा खटखटाया। साथ में वे डीएनए सैम्पल लेने के लिए जरूरी सामान और सम्मति पत्र भी लेकर पहुंचे। कभी-कभी तो गांव में एक ही सरनेम वाले व्यक्तियों से कहा कि वे अपने डीएनए परीक्षण करवा लें। एक ही सरनेम से वे मानकर चले थे कि वे सारे व्यक्ति पिता की ओर से पारिवारिक सम्बंधी होंगे। एक साल में उन्होंने 300 परिवारों से संपर्क किया और पुरुषों को बता दिया कि वे उनके पूर्वजों में दंपति-इतर सम्बंधों की तलाश कर रहे हैं। यदि थोड़ी भी हिचक दिखी तो उस परिवार को अध्ययन में शामिल नहीं किया। मुंह से लिए गए स्वाब में वाय गुणसूत्र मिला। गौरतलब है कि वाय गुणसूत्र पिता से पुत्र को मिलता है। और यह प्रक्रिया पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती रहती है। एक पीढ़ी से अगली को हस्तांतरित होते समय इस वाय गुणसूत्र में कोई परिवर्तन नहीं आता।

नतीजतन, यदि दो व्यक्ति ऐसे मिलते हैं, जिनके वाय गुणसूत्र मेल खाते हैं तो उनका कोई दादा, पर-दादा, पर-पर-दादा एक ही होगा, भले ही उन दोनों व्यक्तियों को इसकी भनक तक न लगी हो। लेकिन इसका उलट भी होता था। किन्हीं दो व्यक्तियों की वंशावली तो बताती थी कि उनमें वाय गुणसूत्र का मिलान होना चाहिए लेकिन होता नहीं था। यदि वाय गुणसूत्र मेल नहीं खाते थे, तो इसका मतलब है कि बीच में कभी तो कोई 'अन्य' पुरुष शामिल था। लारमूसौ के लिए यह इस बात का प्रमाण होता था कि उस वंशवृक्ष में कम से कम एक मामला दंपति-इतर पितृत्व का रहा होगा। फिर उन्होंने सांख्यिकीय मॉडल की मदद से यह निर्धारण करने का प्रयास किया कि यह घटना कितनी पीढ़ियों पूर्व हुई होगी। 2013 में एक प्रारंभिक अनुमान प्रकाशित करने के बाद भी वे आंकड़े एकत्रित करते रहे। 2019 में उन्होंने करंट बायोलॉजी में एक शोध पत्र प्रकाशित किया। यह शोधपत्र दूर के रिश्तेदार 513 पुरुष जोड़ियों के वाय गुणसूत्र की जांच पर आधारित था। इसमें लारमूसौ ने अनुमान व्यक्त किया था कि बेल्जियम और नेदरलैंड में पिछले 500 वर्षों में दंपति-इतर पितृत्व की दर लगभग 1.5 प्रतिशत रही।

-डॉ. सुशील जोशी
(स्रोत फीचर्स)

# जन्नत से कम नहीं हैं भारत की ये सुंदर झीलें



गर्मियों के मौसम में लगभर हर कोई ठंडी जगहों या समुद्र तटीय क्षेत्रों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा इस मौसम में झीलों का नजारा भी देखने लायक होता है। ठंडी-ठंडी हवाओं के बीच झीलों को देखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

**बड़ी लेक**

राजस्थान के माउंट आबू में मीठे पानी की एक विशाल झील है। इसको बड़ी लेक के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। बताया जाता है कि बड़ी लेक को खुद भगवान ने बनाया था। हर साल यहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए आते हैं।

**नैनी झील**

नैनीताल के लोगों के लिए नैनी झील काफी ज्यादा फेमस है। नैनी झील को नैनीताल झील के नाम से भी जाना जाता है। नैनी झील में आप नौकायन यानी की नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। हर साल यहां पर देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**हुसैन सागर झील**

वहीं हैदराबाद में हुसैन सागर झील है, जोकि देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि इस हुसैन झील के तट पर गोलकुंडा और मुगलों के बीच संधि हुई थी। इसके साथ ही इस लेक में बुद्ध देवता की विशाल मूर्ति है। गर्मियों में हुसैन सागर झील का नजारा देखने लायक होता है।

**लोकटक झील**

लोकटक झील मणिपुर में है और यह झील पर्यटकों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस झील को फ्लोटिंग झील के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि लोकटक झील दुनिया की इकलौती ऐसी लेक है, जोकि तैरती हुई दिखाई देती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में मणिपुर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार लोकटक झील देखने जरूर जाना चाहिए।

**टारसर झील**

जम्मू-कश्मीर में टारसर झील मौजूद है, जोकि काफी ज्यादा खूबसूरत है। यह झील पर्वतीय इलाके में जमीन से करीब 3,795 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। टारसर झील के आसपास बड़े-बड़े पहाड़ हैं।

# समुद्र से शुरुआत और धरती पर जीवन का पहला कदम



लगभग 40 करोड़ साल पूर्व सबसे पहले कशेरुकी जीव समुद्र में रहते थे। उस समय मछलियां ही समुद्र की सबसे बड़ी जीव थीं, लेकिन उनमें जमीन पर चलने के लिए मजबूत टांगें विकसित नहीं हुई थीं। वैज्ञानिकों का मानना था कि विकास की प्रक्रिया में काफी समय लगा जिसके बाद मछलियां जमीन पर आई। लेकिन पोलैंड में हुई एक खोज से पता चला है कि कुछ मछलियों ने हमारी सोच से कहीं पहले ही जमीन पर जीने की कोशिश की थी।

2021 में वैज्ञानिकों को पोलैंड स्थित होली क्रॉस पर्वतों में अजीब से जीवाश्म निशान मिले। यह पत्थर कभी समुद्र तट का हिस्सा थे। इनमें 240 से ज्यादा गड्ढे और खरोंचें मिलीं। जांच से पता चला कि यह निशान शायद मछलियों के जमीन या बहुत उथले पानी पर रेंगते हुए बने थे। यह जीवाश्म 41 से 39.3 करोड़ साल पुराने हैं यानी पहले मिले सबूतों से करीब 1 करोड़ साल पहले।

यह निशान आज की लंगफिश से बहुत मिलते-जुलते हैं। लंगफिश ऐसी मछली है जो हवा में सांस ले सकती है और अपने मीनपक्षों का इस्तेमाल करके जमीन पर रेंग सकती है। माना जाता है कि लंगफिश थलचर चौपाया जीवों के शुरुआती पूर्वजों की करीबी रिश्तेदार है। चलने के लिए, यह मछली अपना मुंह जमीन पर टिकाकर लीवर की तरह दबाती है और फिर मीनपक्ष और पूंछ की मदद से शरीर को आगे खींचती है। यही अजीब तरीका पोलैंड में मिले जीवाश्मों के निशानों से मेल खाता है।

अध्ययन के मुख्य लेखक और पोलिश जियोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक पिओत्र श्रेक बताते हैं कि ऐसा तभी संभव था जब वे पूरी तरह पानी के उछाल पर निर्भर नहीं रह गई हों। वैज्ञानिकों की टीम ने इन जीवाश्मों के निशानों को बारीकी से समझने के लिए 3-डी स्कैनिंग की। फिर उन्होंने इनकी तुलना आज की पश्चिम अफ्रीकी लंगफिश द्वारा बनाए गए निशानों से की। नतीजा यह रहा कि नाक, पंख, पूंछ और शरीर के हिस्सों से बने दबाव के निशान लगभग वैसे ही मिले। इससे साफ हुआ कि प्राचीन समय की कुछ मछलियां लंगफिश जैसी ही रही होंगी।

एक और दिलचस्प बात यह सामने आई- वैज्ञानिकों को 'हैंडेडनेस' यानी शरीर के एक ओर की वरीयता के सबूत भी मिले। 240 निशानों में से 36 में सिर झुकाने के संकेत थे, जिनमें से 35 बाईं ओर झुके थे। इसका मतलब यह हो सकता है कि वे मछलियां ज्यादातर बाईं ओर झुककर चलती थीं, ठीक वैसे ही जैसे इंसानों में कोई दाएं या बाएं हाथ का ज्यादा इस्तेमाल करता है। यह जानवरों में 'हैंडेडनेस' का अब तक का सबसे पुराना प्रमाण हो सकता है।

अलबत्ता, एक तर्क यह है कि आज की लंगफिश 40 करोड़ साल पुरानी मछलियों से बहुत अलग हैं, इसलिए सीधे-सीधे तुलना मुश्किल है। चीन और ऑस्ट्रेलिया में मिले ऐसे ही जीवाश्मों पर अधिक शोध इन निष्कर्षों की पुष्टि करने में सहायक हो सकते हैं। बहरहाल, यह खोज हमें याद दिलाती है कि विकास कभी सीधी रेखा में नहीं होता।

## ग्लोबल वार्मिंग पर विवादित रिपोर्ट से मचा हंगामा

हाल ही में अमेरिका के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट से बड़ी बहस छिड़ गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग से होने वाला आर्थिक नुकसान पूर्व मान्यता की अपेक्षा कम होगा। लेकिन कई वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रिपोर्ट जलवायु विज्ञान को गलत तरीके से पेश कर रही है और इसका मकसद अमेरिकी सरकार को 2009 के उस अहम फैसले को रद्द करने में मदद करना है, जिसमें ग्रीनहाउस गैसों को जन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना गया था।

गौरतलब है कि बराक ओबामा के कार्यकाल में पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी ने ठोस सबूतों के आधार पर निष्कर्ष दिया था कि कार्बन डाईऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसें इंसानों और पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं, और इसी के आधार पर वाहनों, बिजली संयंत्रों और अन्य स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण के नियम बने थे, लेकिन अब सरकार इस फैसले को पलटने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप जलवायु परिवर्तन को शिगूफा करार दे चुके हैं। यह रिपोर्ट ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने पांच व्यक्तियों से तैयार करवाई है। इनमें वायुमंडलीय वैज्ञानिक जॉन क्रिस्टी, जलवायु वैज्ञानिक जूडिथ करी, भौतिक विज्ञानी स्टीवन कूनिन, अर्थशास्त्री रॉस मैक्किट्रिक व मौसम वैज्ञानिक रॉय स्पेंसर शामिल हैं। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा है कि वे तथ्यों पर आधारित खुली और पारदर्शी चर्चा के लिए तैयार हैं, और अगर गंभीर वैज्ञानिक सुझाव मिलते हैं तो रिपोर्ट में बदलाव किया जाएगा। एजेंसी ने इस दस्तावेज को जनता और विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के लिए 2 सितंबर तक खुला रखा है, लेकिन कई वैज्ञानिक नाराज हैं। एरिजोना विश्वविद्यालय की महासागर विज्ञानी जोएलेन रसेल का मानना है कि यह रिपोर्ट विज्ञान को आगे बढ़ाने की बजाय दबा रही है। फिलहाल कई शोधकर्ता रिपोर्ट के हर दावे का एक तथ्यात्मक जवाब तैयार कर रहे हैं। इस मामले में टेक्सास स्थित यह एंड एम यूनिवर्सिटी के एंड्रयू डेस्लर सुप्रीम कोर्ट तक जाने को तैयार हैं। कुछ वैज्ञानिक बताते हैं कि वर्तमान जलवायु खतरे के सबूत पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। ऐसे में इस तरह की रिपोर्ट दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि ट्रंप प्रशासन जोखिम सम्बंधी निष्कर्ष को रद्द करने में सफल हो जाता है, तो पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी का ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने का अधिकार समाप्त हो सकता है। इससे जलवायु प्रदूषण व परिवर्तन पर कानूनी कार्रवाई मुश्किल हो जाएगी, और वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव और अधिक बदतर हो जाएगा। जलवायु वैज्ञानिकों के लिए यह लड़ाई सिर्फ एक रिपोर्ट की नहीं है बल्कि दशकों के शोध परिणामों की रक्षा, विज्ञान पर भरोसा बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की है कि सार्वजनिक नीतियां ठोस सबूतों पर आधारित हों, न कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ पर।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जिनपिंग की एक सीक्रेट चिट्ठी ने सुधारे भारत-चीन के रिश्ते

## राष्ट्रपति मुर्मू को लिखाः हम ट्रम्प के टैरिफ से परेशान, फिर तय हुआ पीएम मोदी का चीन दौरा




**मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था**

**नई दिल्ली/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने अमेरिका-भारत सौदों से चीन के हितों को हो सकने वाले नुकसान पर चिंता जताई थी। यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। दरअसल, मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था। चिट्ठी के जरिए उन्होंने दोनों देशों के संबंधों में सुधार की संभावनाएं टटोली थीं।

इसके बाद ही दोनों देशों के संबंध बेहतर होने शुरू हुए। इसके कुछ महीने बाद मोदी के चीन जाने का प्लान बना। ट्रम्प ने मार्च में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद उन्होंने 2 अप्रैल को 70 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया। रिपोर्ट में एक भारतीय अधिकारी के हवाले से दावा किया गया है कि यह चिट्ठी पीएम मोदी तक भी पहुंचाई गई थी, ताकि वे इस बात का आकलन कर सकें कि रिश्तों को बेहतर बनाने की कितनी संभावनाएं हैं। चिट्ठी में चीन ने खास तौर पर इस चिंता को जताया था कि भारत और अमेरिका के बीच होने वाला कोई भी समझौता चीन के हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें में यह भी लिखा गया था कि बीजिंग की ओर से संबंध सुधारने की कोशिशों का नेतृत्व एक प्रांतीय अधिकारी करेगा।

ब्लूमबर्ग का कहना है कि जून तक भारत ने जिनपिंग की चिट्ठी का कोई ठोस जवाब नहीं दिया था, लेकिन तब हालात तेजी से बदले भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक बातचीत विवादों में फंस गई। मैगजीन ने इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया कि भारत खास तौर पर दो बातों से नाराज था। पहले तो ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर कराया, जिसे भारत ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत की स्थिति को कमजोर करने की कोशिशों से मोदी सरकार पहले ही नाराज थी, फिर इसके बाद भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया। इन दोनों फैसलों ने भारत-अमेरिका संबंधों में असंतोष और तनाव को हवा दी थी। इसके बाद भारत ने जून में चीन की ओर से आई पहल का गंभीरता से जवाब देना शुरू किया। इसके बाद हालात तेजी से बदले। अगस्त आते-आते भारत और चीन ने 2020 के गलवान घाटी संघर्ष से आगे बढ़ने के लिए सीमा विवाद सुलझाने की कोशिशों को दोगुना करने पर सहमति जताई। और अब पीएम मोदी सात साल बाद चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट यह भी मानती है कि ट्रम्प के टैरिफ से पहले ही भारत और चीन गंभीर बातचीत में जुटे हुए थे। पिछले साल दोनों देशों ने लद्दाख में जारी गतिरोध को आंशिक तौर पर हल करने के लिए एक समझौता किया था। इसी समझौते ने मोदी और शी जिनपिंग की पहली सीधी मुलाकात का रास्ता खोला। अब प्रधानमंत्री मोदी शंघाई कोआपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) समिट के लिए चीन जा रहे हैं। वहां उनकी मुलाकात जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से होगी। इस मुलाकात को अमेरिका कड़ी नजर से देख रहा है, क्योंकि यह उसके लिए रणनीतिक चिंता का विषय बन सकता है।

## अमेरिका में सिख ने सड़क पर तलवार लहराई, पुलिस ने गोली मारी, मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लास एंजिलिस में एक सिख को सड़क पर तलवार लहराने पर पुलिस ने गोली मार दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह घटना 13 जून की बताई जा रही है। शख्स की पहचान गुरप्रीत सिंह के तौर पर की गई है। इस घटना का वीडियो लास एंजिलिस पुलिस ने अपने यूटयूब चैनल पर शेयर किया है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें खबर मिली थी कि एक व्यक्ति फिगेरोआ स्ट्रीट और ओलिंपिक बुलेवार्ड रोड पर तलवार लहरा रहा है।



नई दिल्ली। भैरव मंदिर के पास भारी बारिश के बाद जलभराव वाले अंडरपास से गुजरते यात्री।

## रूसी हमले में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज डूबा

### पहली बार समुद्री ड्रोन से हमला किया, 10 साल पहले जासूसी के लिए बनाया गया था

**■ ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के पास हुआ**

**मास्को।** यूक्रेनी नेवी का सबसे बड़ा जहाज सिम्फेरोपोल रूस के समुद्री ड्रोन हमले में डूब गया। यह जानकारी स्पूतनिक न्यूज एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से दी है।

यह जहाज पिछले 10 साल में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज था। यह लैगून-क्लास जहाज (तटीय इलाके का जहाज) था, जिसे जासूसी के लिए बनाया गया था। ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के पास हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पहली बार है जब रूस ने समुद्री ड्रोन से यूक्रेन के जहाज को तबाह किया। एक ड्रोन एक्सपर्ट्स ने इसे रूस की बड़ी कामयाबी बताया है। यूक्रेन ने भी जहाज पर हमले की पुष्टि की है। सिम्फेरोपोल जहाज को 2019 में लान्च हुआ था और 2021 में इसे यूक्रेनी नौसेना में शामिल किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2014 के बाद यूक्रेन की तरफ से लान्च किया गया यह सबसे बड़ा जहाज था। यूक्रेनी नौसेना के मुताबिक, इस हमले में एक क्रू मेंबर की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए। प्रवक्ता ने कहाः हमले के बाद हालात संभालने के कोशिश जारी हैं। जहाज के ज्यादातर क्रू सुरक्षित हैं, लेकिन कुछ लापता लोगों की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायली ड्रोन विस्फोट में दो लेबनानी सैनिकों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के नकौरा शहर में गुरुवार रात एक इज़रायली ड्रोन के गिरने के बाद उसकी जांच कर रहे दो लेबनानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि अन्य दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। यह जानकारी लेबनानी सेना ने दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली ड्रोन उस समय गिरा जब वह एक उत्खनन मशीन पर विस्फोटक बम गिराने की कोशिश कर रहा था। एजेंसी ने कहा कि एम्बुलेंस तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सैनिकों की मौत और दो अन्य के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### पोलिश एफ-16 विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**वारसॉ।** पोलैंड का एक एफ-16 लड़ाकू विमान गुरुवार को राडोम अंतर्राष्ट्रीय एयर शो पूर्वाभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मौत हो गई। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। यह दुर्घटना कल दोपहर में हुई जिसमें लड़ाकू विमान रनवे से टकराने से पहले नीचे उतरा और उसमें विस्फोट हो गया। पोलिश सरकार के प्रवक्ता एडम स्ज़ूलापका ने सोशल मीडिया पर पायलट के मौत की पुष्टि की। दुर्घटना का कारण अभी अज्ञात है। मध्य पोलैंड के राडोम में 30-31 अगस्त को एयरशो राडोम 2025 का आयोजन होने वाला है जिसमें 20 देशों के 150 से जयादा विमान हिस्सा लेंगे।

### अभिषेक शुक्ला सर्बिया के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अभिषेक शुक्ला को सर्बिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया है कि शुक्ला के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। विदेश सेवा के वर्ष 2006 बैच के अधिकारी शुक्ला अभी बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास में मिशन के उप प्रमुख हैं।

## भारत पर 50% टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना

**■ पाक से संघर्ष में मध्यस्थता के ट्रम्प के दावे को खारिज करना भारत पर टैरिफ की वजह, जेफरीज का दावा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना हो रही है। कई अमेरिकी अर्थशास्त्री इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था और अमेरिकी विदेश नीति के लिए आत्मघाती कदम बता रहे हैं।

वहीं, अब अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी जेफरीज ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में कहा है कि भारत पर अमेरिकी टैरिफ का कारण भारत-पाक विवाद में मध्यस्थता के उनके दावे को स्वीकृति न मिलना है। जिसके कारण वे व्यक्तिगत तौर पर नाराज हो गए हैं और ऐसे कदम उठा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मई में दोनों देशों के बीच चार दिवसीय सैन्य तनाव के बाद अपने हस्तक्षेप का दावा किया था, लेकिन उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को समाप्त करने का क्रेडिट नहीं मिला, जैसाकि वे चाहते थे। भारत ने ट्रम्प के दावों को लगातार नकारते हुए पाकिस्तान के साथ संघर्ष में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को खारिज किया है। जेफरीज ने बताया कि भारी आर्थिक नुकसान के बावजूद इस रुख को भारत ने बरकरार रखा है। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि भारत की असहमति के कारण राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए वैश्विक रूप से मिल रही स्वीकार्यता भी कमजोर पड़ी है।

## ट्रम्प की शिकागो में सेना तैनात करने की धमकी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने वाशिंगटन डीसी और लास एंजिलिस में नेशनल गार्ड तैनात करने के बाद अब शिकागो में भी ऐसा करने की धमकी दी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि शिकागो में हिंसा की स्थिति बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा कि शिकागो में हत्या की दर नई दिल्ली की तुलना में 15 गुना ज्यादा है। शहर की बेहतरी के लिए कड़े कदम उठाना जरूरी है। शिकागो के मेयर ब्रैंडन जानसन ने शहर में नेशनल गार्ड के तैनाती की खबरों पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए ऐसे कदम उठा रहे हैं।

### पाक मंत्री अहसान इकबाल का आरोप

## पानी को हथियार बना रहा है भारत



**पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक 750 से ज्यादा लोगों की मौत**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के मंत्री अहसान इकबाल ने आरोप लगाया कि भारत पर पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने बांधों से जानबूझकर पानी छोड़ा, जिससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भयंकर बाढ़ आ गई।

इकबाल ने एक टीवी चैनल से कहा: भारत ने पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल किया और पंजाब में भारी बाढ़ ला दी। रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में अचानक पानी छोड़ा गया। इस बाढ़ की वजह से गुजरांवाला डिवीजन में कम से कम 7 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों एकड़ जमीन पानी में डूब गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 776 लोगों की मौत हो चुकी है और 993 घायल हुए हैं। जबकि 4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं। पाकिस्तान पंजाब की सरकार का कहना है कि भारी बारिश और भारत की तरफ से एक्स्ट्रा पानी छोड़ने से नदियों में बाढ़ आई है। इकबाल ने एक अन्य वीडियो में कहा कि भारत का यह पानी छोड़ना पानी की सबसे खराब हमला है। भारत नदियों में पानी रोकता है और फिर अचानक बांध से पानी छोड़ देता है, जिससे लोगों की जान और माल खतरे में पड़ जाते है। पानी जैसे मुद्दे को राजनीति से अलग रखना चाहिए। उन्होंने भारत पर यह भी आरोप लगाया कि उसने समय पर पानी छोड़ने की जानकारी पाकिस्तान को नहीं दी, जो बहुत गलत है। पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने सिंध प्रांत में अलर्ट जारी किया है कि सरकार वहां से सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे गांवों और निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर ले जाए। वहीं, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान का हिसाब रखा जाए और लोगों को बाढ़ वाले इलाकों में जाने से रोका जाए। भारत ने जम्मू-कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए 4 दिन पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी थी।

## इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया

### गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगाई

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी को युद्ध क्षेत्र में बदल दिया है और साथ ही गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगा दी है। इससे गाजा शहर में रहने वाले हजारों लोगों की परेशानी और बढ़ेगी, जो पहले ही भुखमरी जैसे हालात से जूझ रहे हैं।

इजरायली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह 10 बजे से गाजा सिटी में सैन्य गतिविधियों पर स्थानीय सामरिक रोक लागू नहीं रहेगी। इस क्षेत्र को खतरनाक युद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। इजरायली सेना का दावा है कि हाल के हफ्तों में गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश और वितरण को सुगम बनाने के लिए गाजा पट्टी के कुछ हिस्सों में इस तरह की रोक लगाई गई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने कहा कि गाजा शहर को छोड़कर, बाकी पूरे क्षेत्र में स्थानीय सामरिक रोक लागू रहेगी।



**गाजा में भुखमरी की स्थिति, लेकिन इजरायल ने किया इन्कार**

आईडीएफ ने कहा कि इजरायली नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में आतंकवादी समूहों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाएंगे। माना जा रहा है कि इजरायली सेना गाजा शहर पर कब्जा करने की तैयारी कर रही है, जहां गाजा की अनुमानित 10 लाख की आबादी में से आधी आबादी शरण लिए हुए है। एक वैश्विक भूख निगरानीकर्ता ने शुक्रवार को कहा कि गाजा शहर और उसके आसपास के इलाके अब आधिकारिक तौर पर अकाल से जूझ रहे हैं। यह आगे और भी फैल सकता है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार, 514000 लोग अकाल की चपेट में हैं। सितंबर के अंत तक यह संख्या बढ़कर 641000 लोगों तक पहुंच सकती है। हालांकि इजरायल ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उसने कहा कि यह निष्कर्ष गलत और पक्षपातपूर्ण हैं।इजरायल का कहना है कि सर्वेक्षण में सिर्फ अधूरी जानकारी ली गई है, जो ज्यादातर हमास से मिली थी, और इसमें यह नहीं बताया गया है कि हाल ही में गाजा में खाद्यान्न भी पहुंचा है।

### गाजा में युद्धविराम प्रयासों को जारी रखने का संकल्प

**काहिरा।** कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल-थानी ने कहा कि कतर और मिस्र भ्रम एवं विघटनकारी प्रयासों के बावजूद गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मिस्र के उत्तरी तट पर स्थित न्यू अलामीन शहर में मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अल-थानी ने कहा कि दोनों देश गाजा में लोगों के खिलाफ नरसंहार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है क्योंकि कई महीनों से चल रहे संघर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की गई है।

## जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा चंद्रयान-5

**■ भारत-जापान मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे, पीएम मोदी की मौजूदगी में समझौता**

**नई दिल्ली/टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई एमओयू एक्सचेंज किए गए।

भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे समिट में इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है। वहीं, मोदी ने अगल भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता भी दिया। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की।

## ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया शुरू

**■ तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी**

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए उस पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध फिर से लगाने की प्रक्रिया शुरू की है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तथाकथित स्नैपबैक प्रतिबंधों को लागू करने का अमेरिका ने स्वागत किया है जो कि ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के कूटनीतिक प्रयासों में आई रुकावट के बीच हुआ है। तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी है कि प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'ई3' देशों ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि वे स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय कर रहे हैं जिसके अंतर्गत 2015 के ईरान परमाणु समझौते में पहले हटाए गए सभी संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को फिर से लागू किया जाएगा। इस तंत्र को उस समझौते के भाग के रूप में शामिल किया गया था जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) कहा जाता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2018 में अमेरिका को इस समझौते से बाहर निकालने के बाद ईरान ने परमाणु समझौते का तेजी से उल्लंघन किया है। फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने कल एक संयुक्त बयान में कहा कि आज, ईरान द्वारा जेसीपीओए का गैर-अनुपालन स्पष्ट रूप से एवं जानबूझकर किया जा रहा है।



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com